
आश्विन कृष्ण पक्ष द्वितीया उपरांत 12:40 तृतीया विक्रम संवत 2081
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
गुरुवार, 19 सितंबर 2024
वर्ष 3, अंक 30, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



मंगल की धरती पर मकड़ी की आकृतियों की खोज 16
अमिताभ बच्चन ने गंदगी न फैलाने का लिया प्रण 15

## जम्मू-कश्मीर : पहले चरण में 59% मतदान

### किश्तवाड़ में सबसे अधिक 77% और पुलवामा में सबसे कम 46% वोटिंग

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में बुधवार को पहले चरण का मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पीके पोले ने कहा कि करीब 59 प्रतिशत मतदान हुआ जो पिछले सात चुनावों में सर्वाधिक मतदान है। सुदूर क्षेत्रों से अंतिम रिपोर्ट मिलने एवं डाक मतपत्र के बाद इस आंकड़े में आंशिक वृद्धि हो सकती है।

पहले चरण में सात जिलों के 24 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान हुआ। छह बजे मतदान समाप्त हो जाने के बाद पोले ने कहा कि बिना किसी अप्रिय घटना के चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। उन्होंने कहा कि कुछ मतदान केंद्रों से हाथापाई या कहासुनी की कुछ छोटी-मोटी घटनाओं की खबरें हैं लेकिन कोई गंभीर घटना नहीं हुई। उन्होंने कहा कि 59 प्रतिशत मतदान पिछले सात चुनावों में सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि किश्तवाड़ जिले में सबसे अधिक 77 प्रतिशत मतदान हुआ जबकि पुलवामा जिले में सबसे कम 46 प्रतिशत मतदान हुआ।



डोडा जिले में एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के लिए इंतजार करते लोग। ● एजेंसी

## बेटियों से दरिंदगी करने वालों का गैंग बन चुकी है सपा


### भस्मासुर हैं कांग्रेस-सपा, जब भी जनता ने इन्हें शक्ति दी जनता पर ही किया प्रहार : योगी

- मुख्यमंत्री ने कहा-अपने संस्कारों के अनुरूप सपा नेता धर्माचार्यों को बोल रहे हैं माफिया
- योगी ने गाजियाबाद में 10 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र व 6 हजार छात्रों को टैबलेट बांटा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा बेटियों के साथ दरिंदगी करने वालों का गैंग बन चुकी है। पिछले कुछ दिनों में बेटियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले जितने भी दरिंदे पकड़े गए हैं, उन सबके संबंध सपा से हैं।

अपने संस्कार के अनुरूप सपा के नेता भारत की धर्म और संस्कृति के प्रतीक धर्माचार्यों को माफिया बोल रहे हैं। इनके अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस चुकी है। कांग्रेस और सपा को भस्मासुर ठहराते हुए कहा कि जब भी जनता ने इन्हें शक्ति प्रदान की इन्होंने उस शक्ति का दुरुपयोग जनता की आस्था पर प्रहार करने के लिए किया। मुख्यमंत्री ने बुधवार को गाजियाबाद के रामलीला ग्राउंड घंटाघर में आयोजित वृहद रोजगार मेला में 10 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र, 632 लाभार्थियों को 327 करोड़ से अधिक का ऋण और 6 हजार से अधिक छात्रों को टैबलेट/स्मार्टफोन का वितरण, 757 करोड़ से अधिक लागत की 111 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। समारोह में योगी ने कहा कि प्रदेश में आयोजित हो रहे रोजगार मेले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन रोजगार को एक नई ऊंचाई प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता को आज भी 2017 के पहले की सरकारों की कारगुजारियां याद आती हैं। माफिया और दंगाई विपक्षियों की कमाई का जरिया थे, जब किसी की कमाई पर हमला होता है तो, उसका गैंग लीडर उग्र हो जाता है। फिर वह सामान्य शिष्टाचार को भूलकर अनर्गल प्रलाप करने लगता है। माफिया और दंगाइयों के गायब होने से आज उनके आका परेशान हो गए हैं। सपा और कांग्रेस सरकारों की तमाम नाकामियां, अराजकता, भ्रष्टाचार, शोषण आदि को गिनाते हुए योगी ने कहा कि अगर ये लोग सत्ता में आए तो जाति के नाम पर वर्ग संघर्ष कराकर दंगाइयों को लूटपाट करने की छूट देंगे। आज नए भारत में बेटी भी सुरक्षित है और व्यापारी का सम्मान होता है। युवाओं के लिए रोजगार है तो किसान भी आत्मसम्मान के साथ आगे बढ़ रहा है। बोले कि अगर किसी ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया तो उसके भविष्य के साथ सरकार खिलवाड़ करेगी। अगर कोई युवाओं के सपने में रोड़ा बनने का कार्य करेगा तो सरकार उस रोड़े को जड़ से उखड़कर फेंक देगी और उसकी संपत्ति को जब्त कर गरीबों में बांट देगी।



## एक नजर

### मेजर पर हमले में पांच पुलिसकर्मी निलंबित

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के डीजीपी वाई बी खुरानिया ने सेना के मेजर गुरवंश सिंह और उनकी महिला मित्र पर हमला करने के आरोप में बुधवार को भरतपुर थाने के इंस्पेक्टर समेत पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। पुलिस विभाग की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि पुलिसकर्मियों को घोर कदाचार के आरोप में निलंबित किया गया है।

### स्टालिन ने की राहुल गांधी की सुरक्षा की मांग

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एम के स्टालिन ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को भाजपा नेता की धमकी पर केंद्र सरकार से तत्काल कार्रवाई करने और विपक्ष के नेता की सुरक्षा सुनिश्चित करने का बुधवार को आग्रह किया। स्टालिन ने एक्स पर लिखा कि राहुल को बढ़ते जन समर्थन ने कई लोगों को परेशान कर दिया है, जिससे वे उन्हें डराने-धमकाने जैसी हरकतें कर रहे हैं।

### जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार का निरीक्षण शुरू

**पुरी।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के 26 सदस्यों की एक टीम ने पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार में बुधवार को निरीक्षण शुरू किया। एएसआई के अतिरिक्त महानिदेशक जान्हविज शर्मा के नेतृत्व वाली टीम में हैदराबाद स्थित सीएसआईआर-राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान के विशेषज्ञ शामिल हैं।

## एक राष्ट्र-एक चुनाव योजना को मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी

### इस संबंध में संसद के शीतकालीन सत्र में लाया जा सकता है विधेयक

- गठित किया जाएगा क्रियान्वयन समूह, होगी विस्तृत चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

अपनी एक राष्ट्र, एक चुनाव योजना पर आगे बढ़ते हुए सरकार ने बुधवार को देशव्यापी आम सहमति बनाने की कवायद के बाद चरणबद्ध तरीके से लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के लिए एक साथ चुनाव कराने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रस्ताव को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मिली मंजूरी की जानकारी देते हुए कहा कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों को आगे बढ़ाने के लिए एक क्रियान्वयन समूह का गठन किया जाएगा और अगले कुछ महीनों में देश भर के विभिन्न मंचों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

पत्रकारों द्वारा यह पूछे जाने पर कि सिफारिशें कब लागू की जा सकेंगी और क्या संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में कोई विधेयक लाया जाएगा, वैष्णव ने सीधा जवाब देने से परहेज किया लेकिन कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार अपने मौजूदा कार्यकाल में इसे लागू करेगी। उन्होंने कहा कि विचार-विमर्श पूरा होने के बाद, कार्यान्वयन चरणों में किया जाएगा और सरकार का प्रयास अगले कुछ महीनों में आम सहमति बनाने का होगा। एक बार परामर्श प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद सरकार एक विधेयक का मसौदा तैयार करेगी, उसे मंत्रिमंडल के समक्ष रखेगी और तत्पश्चात एक साथ चुनाव कराने के लिए उसे संसद में ले जाएगी।



### कोविंद समिति ने मार्च में सौंपी थी रिपोर्ट

एक राष्ट्र, एक चुनाव पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति ने लोकसभा चुनावों की घोषणा से पहले मार्च में रिपोर्ट सौंपी थी। समिति ने एक राष्ट्र, एक चुनाव को दो चरणों में लागू करने की सिफारिश की है। पहले चरण में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने और उसके बाद दूसरे चरण में आम चुनावों के 100 दिनों के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव। समिति ने एक साझा मतदाता सूची और मतदाता पहचान पत्र बनाने की भी सिफारिश की।

### उर्वरकों पर मिलेगी पोषक तत्व आधारित सब्सिडी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 24,475.53 करोड़ रुपये के आवंटन रबी फसल सत्र 2024- 2025 तक के लिए फॉस्फेटिक और पोटाश (पी एंड के) उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई है। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रबी फसल सत्र वर्ष 2024 के लिए बजटीय आवश्यकता लगभग 24,475.53 करोड़ रुपये होगी।

### मंत्रिमंडल ने चंद्रयान 4 को दी स्वीकृति

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को नए चंद्र अभियान चंद्रयान-4 को मंजूरी दे दी जिसका उद्देश्य भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर उतारने तथा उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाने के लिए आवश्यक प्रौद्योगिकियों का विकास करना है। एक बयान में कहा गया कि चंद्रयान-4 अभियान भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को (वर्ष 2040 तक) चंद्रमा पर उतारने और सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाने के लिए आधारभूत प्रौद्योगिकियों को विकसित करेगा। इसके लिए कुल 2,104.06 करोड़ रुपये की आवश्यकता है।

## भारत-म्यांमा सीमा पर लगेगी बाड़

**नई दिल्ली।** भारत-म्यांमा की 1,643 किलोमीटर लंबी सीमा पर 31,000 करोड़ रुपये की लागत से बाड़ लगाई जाएगी। यह सीमा हथियारों, गोला-बारूद और मादक पदार्थों की तस्करी के लिए कुख्यात है। मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सीमा पार से घुसपैठ रोकने के लिए 30 किलोमीटर क्षेत्र में बाड़ लगाने का काम पूरा हो गया है। सूत्रों ने बुधवार को बताया कि सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने भारत और म्यांमा के बीच 1,643 किलोमीटर लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर लगभग 31,000 करोड़ रुपये की लागत से बाड़ लगाने और सड़क बनाने की मंजूरी दे दी है। मोरेह के पास लगभग 10 किलोमीटर के दायरे में बाड़ लगाने का काम पहले ही पूरा हो चुका है और मणिपुर के अन्य क्षेत्रों में 21 किलोमीटर की सीमा पर बाड़ लगाने का काम जारी है।

- खर्च होंगे 31 हजार करोड़ रुपये

भारत-म्यांमा सीमा मणिपुर, मिजोरम, नगालैंड और अरुणाचल प्रदेश से होकर गुजरती है। केंद्र सरकार पहले ही भारत-म्यांमा मुक्त आवागमन व्यवस्था (एफएमआर) खत्म कर चुकी है। यह व्यवस्था सीमा के करीब रहने वाले लोगों को बिना किसी दस्तावेज़ के एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किलोमीटर तक जाने की अनुमति देती थी।

## रोडवेज बस की टक्कर से सिपाही सहित 2 की मौत

- पहले डायल 112 वाहन में मारी टक्कर फिर राहगीर को कुचला

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार :** कबरई क्षेत्र में चंद्रावल रोड मोड़ के समीप मंगलवार रात एक रोडवेज बस ने डायल 112 वाहन में टक्कर मार दी, जिससे पीआरवी वाहन में बैठे एक सिपाही की मौत हो गई और दो अन्य सिपाही घायल हो गए। दुर्घटना के बाद भागने के चक्कर में बस चालक ने परमानंद तिराहे के पास एक राहगीर को भी टक्कर मार दी जिससे उसकी जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। बस चालक दुर्घटना करने के बाद बस को महोबा रोडवेज वर्कशाप पर खड़ी कर रफूचक्कर हो गया। दोनों घायल सिपाहियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

डायल 112 ड्यूटी पर सिपाही कबरई क्षेत्र पर ड्यूटी कर रहे थे तभी चंद्रावल रोड मोड़ के समीप मंगलवार रात लखनऊ से महोबा की तरफ आ रही महोबा डिपो की रोडवेज बस ने पुलिस वाहन में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे डायल 112 सड़क किनारे बनी दुकान के शटर से जा टकराई और ड्यूटी में तैनात पीआरवी 6329 चालक हेड कांस्टेबल अब्दुल हक, हेड कांस्टेबल बेचनलाल और सिपाही सुभाषचंद्र घायल हो गए। दुर्घटना के बाद चालक बस को लेकर तेज रफ्तार से महोबा की ओर निकल गया और शहर के परमानंद तिराहे पर एक राहगीर को टक्कर मार दी। हादसे में कांस्टेबल सुभाषचंद्र और अज्ञात राहगीर की मौत हो गई।

वहीं हेड कांस्टेबल अब्दुल हक और बेचनलाल को इमरजेंसी में भर्ती किया गया है। सीओ सिटी दीपक दुबे का कहना है कि दुर्घटना करने वाले वाहन की पहचान कर ली गई है वह महोबा डिपो की रोडवेज बस है। उसी आधार पर जांच कर कार्रवाई की जा रही है।



क्षतिग्रस्त पुलिस की जीप।



सिपाही सुभाषचंद्र

## अब दो भूखंड जोड़कर बना सकेंगे मकान

### आवास विकास परिषद के निदेशक मंडल ने कई प्रस्तावों को दी मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आवास विकास परिषद की योजना में आपके पास अगल-बगल दो भूखंड हैं तो उन्हें मिलाकर मकान बना सकते हैं। यही नहीं, 4 व्यावसायिक भूखंडों को आपस में मिलाकर कॉम्प्लेक्स भी बना सकेंगे। आवास विकास के निदेशक मंडल ने बुधवार को मुख्यालय में आयोजित 268वीं बैठक में कई प्रस्तावों को मंजूरी दे दी। इससे प्रदेश भर के आवंटियों को राहत मिलेगी। अभी तक दो भूखंडों को आपस में जोड़ने की परिषद अनुमति नहीं देता था।

आवास विकास के खाली फ्लैट खरीदना भी आसान हो गया है। सरकारी व अर्धसरकारी कर्मचारी परिषद की प्रदेश भर की योजनाओं में खाली फ्लैट 50 प्रतिशत धनराशि देकर खरीद सकेंगे। उनको परिषद तत्काल कब्जा दे देगा। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 70 प्रतिशत धनराशि देनी होगी। शेष धनराशि 6 से 10 साल की आसान किश्तों में भुगतान करना होगा। इसके अलावा लगभग 25 जिलों के किसानों को अधिग्रहित भूमि के बदले पुरानी दर की जगह नए भू-अधिग्रहण कानून के तहत डीएम सर्किल रेट का शहरी क्षेत्र में 2 गुना और ग्रामीण क्षेत्र में 4 गुना मुआवजा देगा। इससे योजनाओं के लगभग 1 लाख किसानों को फायदा होगा। ट्रांसपोर्ट नगर में हादसे के बाद परिषद अब बहुमंजिला भवनों का स्ट्रक्चरल आडिट कराने के बाद ही निजी विकासकर्ताओं को पूर्णता प्रमाणपत्र देगा।



- चार व्यावसायिक भूखंड मिलाकर कर सकेंगे कॉम्प्लेक्स का निर्माण
- सरकारी कर्मचारी 50 प्रतिशत धनराशि देकर खरीद सकेंगे फ्लैट

### अयोध्या योजना के लिए 3 विशाल कुंड, तालाब भी होंगे विकसित

उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद अयोध्या योजना में 3 विशाल कुंड व तालाब विकसित करेगा। 12 अनोखी व अद्भुत पानी की टंकियां भी बनायी जाएंगी। यह टंकियां ऐसी होंगी जो पर्यटकों को आकर्षित करेंगी। आवास विकास परिषद की बोर्ड बैठक में इसकी मंजूरी दी गई। आवास विकास अयोध्या में लगभग 1800 एकड़ में आवासीय योजना विकसित कर रहा है। इस योजना में पहले सरयू नदी की तर्ज पर सरयू नहर बनाने का प्रस्ताव था। लेकिन आईआईटी ने इसे निरस्त कर दिया था। इसकी जगह अब अयोध्या में 3 विशाल कुंड व जलाशय बनाए जाएंगे। ये 10-10 एकड़ में बनाए जाएंगे। इनमें घाट और पाथवे भी होगा। इन कुंड के पानी को साफ करने के लिए नीचे फिल्टरेशन प्लांट भी लगेगा। पानी के अत्यधिक गंदा होने पर इसे बाहर निकालने की सुविधा रहेगी। वाकिंग ट्रैक, जिम, योगा सेंटर, पार्क, पूजा स्थल सहित अन्य अत्याधुनिक सुविधाएं भी इन कुंडों के परिसर में विकसित होंगी।

## दिल्ली में दो मंजिला मकान ढहा, मलबे में दबने से चार की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मध्य क्षेत्र स्थित बापा नगर में दो मंजिला एक मकान के बुधवार सुबह ढह जाने से चार लोगों की मौत हो गई जबकि 13 घायल हो गए। सभी मृतक उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले के बताए जा रहे हैं। मलबे में अभी कुछ लोगों के दबे होने की आशंका है। ऐसे में मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। मध्य दिल्ली के पुलिस उपायुक्त एम. हर्षवर्धन ने बताया कि इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई है जबकि 13 घायल हैं और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## पूर्व आईएएस के चंडीगढ़ आवास से बरामद हुए 12 करोड़ के हीरे

- मंगलवार को ईडी के छापे के बाद मिला था इनपुट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश के पूर्व आईएएस अधिकारी के चंडीगढ़ स्थित आवास से प्रवर्तन निदेशालय ने सात करोड़ रुपये के हीरे बरामद किए हैं। बता दें कि उक्त आईएएस अफसर की बसपा सरकार में तूती बोलती थी। ईडी ने मंगलवार को नोएडा की रीयल एस्टेट कंपनी हैसिंडा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के दिल्ली, नोएडा, चंडीगढ़, मेरठ व गोवा स्थित ठिकानों पर छापा मारा था, जिसमें उस आईएएस का आवास भी शामिल था। छापे में करीब एक करोड़ रुपये नगद, 12 करोड़ रुपये के हीरे, सात करोड़ रुपये कीमत के सोने के जेवरात और कागजात बरामद किए गए हैं।

ईडी सूत्रों के मुताबिक इस प्रकरण में ईडी नोएडा अथॉरिटी के तत्कालीन अधिकारियों की भूमिका की जांच भी कर रही है। जिसके तहत पूर्व आईएएस अफसर के आवास को खंगाला गया है। ईडी ने हैसिंडा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के साझीदारों में शामिल मेरठ निवासी आदित्य गुप्ता और आशीष गुप्ता के पांच ठिकानों पर छापा मारा गया था। उनका शारदा एक्सपोर्ट के नाम से कालीन का कारोबार भी बता चला है।

## 23 बस अड्डों का होगा आधुनिकीकरण

### कुछ हफ्तों में 11 बस अड्डों पर शुरू होगा आधुनिकीकरण का काम

- यात्रियों के लिए होगी वैकल्पिक व्यवस्था, बनेंगे अस्थायी बसअड्डे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** निकट भविष्य में उत्तर प्रदेश के कई बस अड्डों पर यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ सकती है। चारबाग के बाद शीघ्र ही रायबरेली में भी आधुनिक बस अड्डों का काम शुरू हो जाएगा जबकि आगे चलकर 23 बस अड्डों का आधुनिकीकरण होगा।

बस अड्डों का आधुनिकीकरण अगले दो सालों में पीपीपी मॉडल के तहत किया जा रहा है। लखनऊ के चारबाग बस स्टेशन के आधुनिकीकरण के बाद आने वाले महीनों में राज्यभर के कई बस अड्डों पर काम शुरू होने जा रहा है। ऐसे में यात्रियों को वैकल्पिक अथवा अस्थायी बस स्टेशनों का प्रयोग करना पड़ सकता है। लखनऊ के चारबाग बस अड्डे के आधुनिकीकरण के चलते लगभग 350 बसें और 5,000 यात्री प्रभावित होने का अनुमान है। जब तक इन बस अड्डों का निर्माण कार्य होगा तब तक आसपास वैकल्पिक स्थान पर अस्थायी बस अड्डा बनाया जाएगा। यूपीएसआरटीसी के महाप्रबंधक (पीपीपी प्रोजेक्ट) यजुवेंद्र कुमार के मुताबिक, अगले कुछ हफ्तों में ऐसी 11 परियोजनाओं को शुरू किया जाना है। इनमें चार लखनऊ डिवीजन, गाजियाबाद, कौशांबी, प्रयागराज और आगरा बस अड्डा शामिल हैं।



## सीएएफ के जवान ने साथियों पर चलाई गोली, दो की मौत

- गोली लगने से दो जवान घायल अस्पताल में भर्ती

बलरामपुर, (छत्तीसगढ़) एजेंसी

छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ) के एक जवान द्वारा अपनी सर्विस राइफल से गोलीबारी किए जाने के कारण दो जवानों की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए।

पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि जिले के सामरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत भूताही गांव में स्थित सीएएफ के 11वीं बटालियन के शिविर में सुबह जवान अजय सिदार ने अपनी सर्विस इंसास राइफल से गोलीबारी कर दी। इस घटना में जवान रूपेश पटेल और संदीप पांडेय की मौत हो गई तथा अंबुज शुक्ला और राहुल बघेल घायल हो गए। उन्होंने बताया कि बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में झारखंड की सीमा से लगे क्षेत्रों में नक्सली गतिविधियों को देखते हुए भुताही गांव में सीएएफ का शिविर बनाया गया है। भुताही शिविर में सीएएफ की 11वीं बटालियन तैनात हैं। बुधवार सुबह करीब 11.30 बजे हुई इस घटना में चार जवानों को गोली लगी। सरगुजा क्षेत्र के आईजी अंकित गर्ग ने बताया कि गोलीबारी करने वाले जवान सिदार को पकड़ लिया गया है।


## महंगा होगा बिजली कनेक्शन, लाइन चार्ज भी बढ़ेगा

### उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने नियामक आयोग में सौंपा प्रस्ताव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में बिजली कनेक्शन महंगा करने की तैयारी शुरू हो गई है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने लाइन चार्ज लगभग दोगुना करने का प्रस्ताव राज्य विद्युत नियामक आयोग में भेजा है। इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने कॉरपोरेशन के इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया है।

कॉरपोरेशन ने इलेक्ट्रिसिटी राइट ऑफ कंस्यूमर रूल 2020 की धारा 4 के तहत ने बिजली उपभोक्ताओं की 150 किलोवाट तक विद्युतीकृत क्षेत्र के लिए लाइन चार्ज वसूलने का प्रस्ताव दिया है। बताया जा रहा है कि अगर यह लागू हुआ तो घरेलू, वाणिज्यिक समेत अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं के कनेक्शन की दरों में 100 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि होना तय है। उपभोक्ता परिषद ने लाइन चार्ज की दरों में प्रस्तावित वृद्धि का कड़ा विरोध करते हुए नियामक आयोग के अध्यक्ष व सदस्य से मुलाकात की। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि अभी तक बिजली कंपनियां 40 मीटर की परिधि को आधार मानकर लाइन चार्ज वसूलती हैं, नए प्रस्ताव में इसे 100 मीटर कर दिया है, जबकि प्रस्ताव में 40 मीटर व 100 मीटर की अलग-अलग परिधि होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि 40 मीटर की परिधि के प्रावधान में बिजली कनेक्शन पर उपभोक्ताओं को औसतन कम चार्ज देना पड़ता है। सप्लाई कोड रिव्यू पैनल की बैठक में प्रस्ताव का विरोध करेंगे।



### वर्तमान में लागू व्यवस्था

घरेलू कनेक्शन लाइन चार्ज जीएसटी के साथ प्रस्तावित लाइन चार्ज

| पहले | अब |
|---|---|
| 1 किलोवाट घरेलू ग्रामीण 1217 रु. | 1 किलोवाट घरेलू ग्रामीण 2957 रु. |
| 2 किलोवाट घरेलू ग्रामीण 1365 रु. | 2 किलोवाट घरेलू ग्रामीण 3117 रु. |
| 1 किलोवाट घरेलू शहरी 1858 रु. | 1 किलोवाट घरेलू शहरी 3158 रु. |
| 2 किलोवाट घरेलू शहरी 2217 रु. | 2 किलोवाट घरेलू शहरी 3517 रु. |
| 5 किलोवाट घरेलू ग्रामीण शहरी 7967 रु. | 5 किलोवाट घरेलू शहरी 17365 रु. |

# ट्रैक के किनारे से हटेंगी अवैध बस्तियां

## डीआरएम-पुलिस कमिश्नर ने ट्रैक का किया निरीक्षण, साबरमती व कालिंदी एक्सप्रेस हादसे के कारण सतर्कता बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


परख ट्रेन से निरीक्षण करते पुलिस कमिश्नर और डीआरएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** साबरमती और कालिंदी एक्सप्रेस को डिरेल करने की साजिश के बाद रेलवे और पुलिस प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। बुधवार को डीआरएम हिमांशु बडोनी और पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने अन्य अफसरों के साथ परख रेल से रेलवे ट्रैक का निरीक्षण किया। सभी अफसर हादसों के प्वांइट तक गए। रेल पटरियों, सिग्नल प्रणाली और अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच के बाद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सेंट्रल पर वीआईपी हॉल में चर्चा की। अधिकारियों ने स्टेशन परिसर में भी निरीक्षण किया। रेलवे ट्रैक के किनारे अवैध बस्तियों को हटाने पर सहमति बनी।

डीआरएम व पुलिस कमिश्नर ने बुधवार को परख रेल से मंधना से शुक्लागंज तक ट्रैक का निरीक्षण किया। झांसी रूट पर साबरमती व फर्रुखाबाद रूट पर बर्राजपुर-बिल्हौर स्टेशन के बीच मुडेरी क्रासिंग के पास कालिंदी एक्सप्रेस हादसे का प्वांइट देखा। रेलवे ट्रैक के पास रहने वाले और अवैध बस्तियों के बारे में भी जानकारी जुटाई। अधिकारियों ने सेंट्रल से चकेरी, चकेरी से मगरवारा, इसके बाद सेंट्रल से मंधना और फिर संयुक्त रूप से झांसी व फर्रुखाबाद रूट पर दोनों घटनाओं का प्वांइट देखा। स्टेशन और आसपास संदिग्धों पर नजर रखने को कहा। निरीक्षण में अपर पुलिस आयुक्त लॉ एंड ऑर्डर हरीश चंदर, सीनियर कमांडेंट आरपीएफ विजय प्रकाश, डिप्टी सीटीएम आशुतोष सिंह, पुलिस अधीक्षक रेलवे अभिषेक यादव, पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजेश कुमार सिंह आदि रहे।

### पटरी किनारे कब्जों की रिपोर्ट बन रही

रेलवे लाइनों के किनारे अवैध कब्जों को लेकर डीआरएम और पुलिस कमिश्नर ने बताया कि इसकी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। अवैध झोपड़ी बनाकर रहने वालों के बारे में भी पता किया जा रहा है। इस ओर जांच भी जरूरी है। रिपोर्ट तैयार होते ही अवैध कब्जे और झोपड़ियां हटाने की कार्रवाई होगी।

### दोनों घटनाओं में अभी भी हाथ खाली

साबरमती और कालिंदी एक्सप्रेस घटनाओं के बाद पुलिस और खुफिया एजेंसियों के हाथ अभी भी खाली हैं। पुलिस ने 500 से ज्यादा सीसी फुटेज देखे और 130 लोगों से पूछताछ की है। साबरमती मामले में पुलिस, रेलवे, एसटीएफ, एनआईए समेत सभी जांच एजेंसियों जांच में जुटी हैं लेकिन कहीं से अभी तक कोई पुख्ता रिपोर्ट रेलवे को नहीं मिली है।

‘रेलवे की व्यवस्थाएं और बेहतर की जा रही हैं। किसी भी घटना को पहले से रोका जा सके और जो घटनाएं हुई हैं उनका जल्द खुलासा किया जाए। इन सभी बिंदुओं पर काम चल रहा है। रेलवे ट्रैक के किनारे बसी अवैध बस्तियों को हटाया जाएगा।

– हिमांशु बडोनी, डीआरएम प्रयागराज मंडल

साबरमती और कालिंदी एक्सप्रेस की घटनाओं की पुलिस टीम गहनता से जांच कर रही है। जल्द घटनाओं का खुलासा किया जाएगा। रेलवे से समन्वय बनाकर जांच की जा रही है।

–अखिल कुमार, पुलिस कमिश्नर’


नगर निगम में पहुंचे स्थानीय लोगों के साथ स्थानीय पार्षद सुनील कुमार पासवान। अमृत विचार

# बस्ती हटाने के विरोध में नगर निगम में हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **आईआईटी सोसायटी में 40 मड़ैया में बस्ती हटाने का नोटिस**
- **पार्षद ने कहा कि बस्ती हटाएं तो ग्रीनबेल्ट पर कब्जे भी गिराएं**

**अमृत विचार।** आईआईटी सोसाइटी में माधवपुरम में बनी 40 मड़ैया मलिन बस्ती हटाने का स्थानीय लोगों ने विरोध शुरू कर दिया है। बुधवार को क्षेत्रीय पार्षद के नेतृत्व में एक दर्जन के अधिक परिवार नगर निगम पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया।

वार्ड 27 नानकारी के पार्षद सुनील कुमार पासवान ने बताया कि आईआईटी सोसाइटी में ग्राम समाज की लगभग 2 बीघा जमीन की एक पट्टी पर 40 मड़ैया बस्ती बसी है। जिसमें वर्षों से 25-30 कच्चे घर बनाकर लोग रह रहे हैं। क्षेत्र में पानी की टंकी बनाने के नाम पर अधिकारी बस्ती खाली कराना चाहते हैं। नगर निगम पहुंचे स्थानीय लोगों ने कहा कि अगर उन्हें हटाया जायेगा तो वह लोग कहां जायेंगे। पार्षद सुनील कुमार पासवान ने बताया कि गूबा गार्डेन कल्याणपुर ग्रीन बेल्ट पर अवैध कब्जेदारों ने प्लाट काट दिये हैं। उद्यान विभाग को जांच में प्रथम दृष्टया मामला सही मिला है। इसके बाद भी पक्के मकानों को नहीं तोड़ा जा रहा है। इस दौरान रजनीश कुमार, कुषमा देवी, अमरजीत, नीलम, शशीकांति, लक्ष्मी, शिवानी, मनीता, शकुंतला, राधिका, नीलम, गीता, नीतू समेत 50 से अधिक लोग मौजूद रहे।

# बेटी के दुनिया में आते ही खोलिए खाता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **आयकर में भी छूट, देश के किसी डाकघर में ट्रांसफर करा सकते हैं खाता**
- **बड़ा डाकघर, कैंट, नवाबगंज के अलावा सभी डाकघरों में सुविधा उपलब्ध**

**अमृत विचार।** केंद्र की मोदी सरकार ने देश की बच्चियों के लिए सुकन्या समृद्धि विशेष योजना शुरु करके उनका भविष्य सुरक्षित करने की गारंटी दी है। इस योजना में 17 सितंबर से 21 सितंबर तक नया खाता खुलवाने वालों को विशेष सुविधाएं मुहैया कराई जायेंगी। ये खाता देश के किसी भी डाकघर में खोला जा सकता है। यदि आप चाहें कि किसी अन्य प्रांत के डाकघर में आपका खाता ट्रांसफर हो जाये तो ये काम भी आसानी से हो जायेगा।

प्रवर अधीक्षक डाकघर मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि 17 सितंबर से 21 सितंबर तक नया खाता खोलने का विशेष अभियान चल रहा है, ऐसे में इस योजना का सबसे लाभ ये है कि बेटी के दुनिया में आते ही उनके माता पिता या अभिभावक किसी भी डाकघर में न्यूनतम 250 रुपये से खाता खोल सकते हैं। इस योजना में बेटी के जन्म से लेकर 10 वर्ष की आयु होने तक बालिका के नाम से खाता खोला जा सकता है। ये खाता बेटी के माता, पिता या वैधानिक अभिभावक द्वारा खोला जायेगा लेकिन एक शर्त ये भी है कि एक परिवार में अधिकतम दो कन्याओं के ही खाते खोले जायेंगे। खाते में प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 50 रुपये के गुणांक में न्यूनतम 250 रुपये एवं अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक राशि जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। खाते में राशि 15 वर्ष की अवधि तक जमा की जायेगी। खाते में जमा राशि पर आयकर की धारा 80-सी के तहत आयकर में छूट मिलेगी और जमा राशि पर प्रतिवर्ष चक्रवृद्धि दर से अधिकतम ब्याज मिलेगा।

### ये दस्तावेज आपके पास होना चाहिए

डाकघर में बच्ची का खाता खोलने के लिए कुछ दस्तावेज की जरूरत होती है, जैसे आधार कार्ड एवं फोटो, माता, पिता या अभिभावक का आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट साइज की फोटो।

### परिपक्वता

खाते के 21 वर्ष की अवधि पूर्ण होने पर परिपक्व होगा।

बेटी की आयु 18 वर्ष पूर्ण होने या कक्षा 10 उत्तीर्ण होने ( जो भी पहले हो ) के पश्चात उच्च शिक्षा के लिए खाते में जमा राशि की 50 प्रतिशत राशि निकाल सकेंगे।

# बंद घर के ताले तोड़कर चोरी

**कानपुर।** काकादेव थानाक्षेत्र में बंद घर के ताले तोड़कर चोरों ने नकदी समेत लाखों का माल पार कर दिया। पड़ोसियों ने घर के गेट खुले देखे तो पीड़ित को सूचना दी। काकादेव पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

शास्त्री नगर कालोनी छोटा सेंट्रल पार्क के पास निवासी मयंक तिवारी लखनऊ की मल्टीनेशनल कंपनी में वरिष्ठ विश्लेषक हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि शनिवार को घर पर ताला लगा था। बुधवार सुबह पड़ोसी ने फोन कर सभी दरवाजे खुले होने की जानकारी दी। जिस पर वह घर पहुंचे तो देखा कि मुख्य दरवाजे से लेकर अंदर तक के दरवाजे और अलमारी के ताले टूटे थे।

सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था। मयंक ने बताया कि चोरों ने एक लाख रुपये नकद और मां व बहन के करीब 4.50 लाख कीमत के जेवरात पार कर दिए।

# मंदिर में घुसा चोर, जल चढ़ाया फिर कलश चुराया

- **नवाबगंज में शिव मंदिर में सीसीटीवी में कैद हुई घटना**

**कानपुर।** नवाबगंज थानाक्षेत्र में एक अनोखी घटना सामने आई है। जहां शिवमंदिर में घुसे चोर ने पहले इधर-उधर देखा इसके बाद तांबे के कलश से शिवलिंग पर जल चढ़ाया। इसके बाद घंटे की जंजीर काटने की कोशिश की। बाहर देखने के बाद अंदर आया इसके बाद कलश को अपने पिट्ठू बैग में भरकर भाग निकला। पूरी घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। सोशल मीडिया पर वीडियो चलने के बाद पुलिस सक्रिय हुई और मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की। पुलिस ने क्षेत्रीय लोगों से भी वीडियो में दिख रहे युवक की पहचान की लेकिन उसे किसी ने नहीं पहचाना।

नवाबगंज में आजाद नगर गंगाबैराज रोड पर महाकालेश्वर मंदिर स्थित है। बुधवार को चोरी का लाइव वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया। वीडियो में साफ दिख रहा है, कि दो चोर एक काले रंग की स्कूटी से आए जिसमें से मंदिर के सामने एक चोर उतर जाता है, वहीं दूसरा आगे बढ़ जाता है। वह जूते उतारकर मंदिर के चैनल से अंदर दाखिल हुआ। इसके बाद इधर उधर देखा। तांबे के बड़े कलश के पास गया और शिवलिंग पर जल चढ़ाया। इसके बाद बाहर किसी के आहट लगने पर धीरे से झांकर देखा। वापस मुड़ते ही ऊपर लटके छोटे घंटे की जंजीर को काटने की कोशिश करता है। इसके बाद फिर से इधर उधर देखकर अपने सीने पर टांगे पिटठू बैग की चेन खोलकर बड़े कलश को उसमें रखकर चैनल बंद करके चला जाता है। नवाबगंज इंस्पेक्टर दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# हाउस टैक्स के मुद्दे पर साझा प्रदर्शन में रार

विशेष संवाददाता, कानपुर

- **सपा व कांग्रेस से बात हो गयी फिर ज्ञापन पहले क्यों दिया : आप का सवाल**
- **नगर निगम में आज दोपहर आप करेगी प्रदर्शन, मेयर को सौपेंगी ज्ञापन**

**अमृत विचार।** हाउस टैक्स में अनाप-शनाप बढ़ोत्तरी को लेकर विपक्षी दलों के संयुक्त प्रदर्शन की योजना के गुब्बारे में कांग्रेस ने पिन चुभो दी। इंडिया गठबंधन में जनहित के मुद्दों पर बिखराव हो गया। आम आदमी पार्टी हाउस टैक्स के मुद्दे पर गुरुवार को नगर निगम में प्रदर्शन करके महापौर को ज्ञापन सौंपेगी। पार्टी प्रवक्ता पूर्व पार्षद मदनलाल भाटिया ने बताया कि कांग्रेस ने धोखा दिया है। जब इंडिया गठबंधन के घटक दलों के बीच सहमति बन रही थी कि एकजुट होकर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा तो कांग्रेस नगर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी को ऐसी क्या जल्दी थी कि वह हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध में अकेले ही ज्ञापन दे आते। भाटिया का कहना है कि उन्होंने स्वयं नौशाद आलम मंसूरी, सपा विधायक अमिताभ वाजपेयी से इस बारे में बात की थी कि संयुक्त धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। लेकिन हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी का गंभीर मुद्दा शहर कांग्रेस ने गंभीरता से नहीं लिया।

दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी के विधायक अमिताभ वाजपेयी ने कहा कि उनकी भाटिया से संयुक्त धरना प्रदर्शन पर बात हुई थी। तय हुआ था कि कांग्रेस, सपा और आप मिलकर प्रदर्शन करेंगे। भाटिया को हाउस टैक्स की बारीकियों पर रिपोर्ट बनाने को कहा था। कोई अलग-अलग विरोध करता है तो करें, लेकिन उनकी कोशिश होगी कि गठबंधन का संयुक्त प्रदर्शन हो। शहर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने कहा कि एक महीने पहले ज्ञापन देने गए थे। भाटिया को भी आना था पर वह नहीं आए। हाउस टैक्स के मुद्दे पर विपक्ष संयुक्त रूप से विरोध दर्ज कराएगा। वह सपा से बात करेंगे।


प्रेस वार्ता में जयप्रकाश कुशवाहा, अनुभव कटियार आदि। अमृत विचार

# राहुल गांधी देश तोड़ने वाली बातें करते

**कानपुर।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अमेरिका में दिए गए आरक्षण समाप्त करने वाले बयान पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष जयप्रकाश कुशवाहा ने तंज कसा है।

बुधवार को केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रहते हुए राहुल गांधी की हैसियत नहीं है कि देश से आरक्षण खत्म कर दें और पिछड़ा वर्ग से उसकी ताकत छीने। राहुल गांधी विदेश में जाकर देश को तोड़ने वाली बातें करते हैं और देश में नफरत का जहर फैलाते हैं। उन्होंने कहा कि जवाहरलाल नेहरू ने काका कालेलकर आयोग की रिपोर्ट को सन 1956 में खारिज करते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री को चिट्ठी लिखकर आरक्षण का विरोध करते हुए कहा था कि आरक्षण से दूसरे दर्जे की प्रतिभाओं का विकास होगा। मोर्चा के दक्षिण जिलाध्यक्ष रमाकांत शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी का बयान धर्म, भाषा और जाति के आधार पर देश में दरार पैदा करने की कांग्रेस की राजनीति को उजागर करता है। इस दौरान पिछड़ा मोर्चा उत्तर जिलाध्यक्ष अनुभव कटियार, एलबी सिंह पटेल, मनीष त्रिपाठी, विकास सविता, अजय शर्मा, शुभम कुशवाहा, मनोज पाल मनोज प्रधान मौजूद रहे।

# राहुल गांधी का पुतला फंदे से लटकाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **अमेरिका में सिख विरोधी बयान देने का विरोध जताया**
- **कहा, कांग्रेस सिख विरोधी, इनके हाथ खून से रंगे**



राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन करते सिख समाज के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर अमेरिका में सिख विरोधी बयान देने का आरोप लगाकर भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह के नेतृत्व में सिख नेताओं ने चावला मार्केट चौराहे पर राहुल गांधी के पुतले को फांसी पर लटकाकर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान राहुल गांधी मुर्दाबाद, कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद के नारे लगाए।

शिवराम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के हाथ सिखों के खून से रंगे हुए हैं। कांग्रेस पार्टी ने सन 1984 में निर्दोष सिख समुदाय के लोगों की हत्या की थी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी विदेशों में जा कर कह रहे हैं कि देश में सिख समुदाय के लोगों के लिए सुरक्षित जगह नहीं रह गयी है। यहां लोगों को धार्मिक आजादी नहीं मिल पा रही है। इस तरह के झूठे दावे लगातार राहुल गांधी वैश्विक मंच से कर रहे हैं। इसकी जितनी निंदा की जाये, कम है। अजीत सिंह छाबड़ा ने कहा कि कांग्रेस नेता अमेरिकी दौरे के दौरान लगातार यह दावा कर रहे हैं कि भारत में बड़ी संख्या में जातिवाद है, वह अपनी जातिवादी मानसिकता को विस्तारित करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रदर्शन में जसविंदर सिंह, सुनील नारंग, कुलजीत सिंह, सुरजीत सिंह, इंद्रप्रीत सिंह निडर, कमल जीत सिंह बग्गा, मनीष त्रिपाठी, इकबाल कौर,सरदार नीतू सिंह, अखिलेश अवस्थी, गौरव तिवारी आदि मौजूद रहे।

# पकड़ा घटिया निर्माण, ठेकेदार को नोटिस

**कानपुर।** वार्ड 100 में किदवई नगर में हो रहे सड़क, नाली एवं फुटपाथ निर्माण कार्य में नगर निगम अधिकारियों ने घालमेल पकड़ा है। स्थानीय लोगों की शिकायत पर पहुंचे अधिकारियों को यहां मानक के विपरीत कार्य मिला। नगर निगम के अधिकारियों ने ठेका कंपनी मेसर्स खुशी इंटरप्राइजेज को नोटिस जारी करने के साथ ही 15 हजार रुपये का जुर्माना ठोका है। जोन 3 वार्ड 100 के अन्तर्गत मकान नंबर 128/132 ई ब्लाक से मकान नं-128/120 ई ब्लाक तक सड़क, नाली एवं फुटपाथ का सुधार कार्य होना है। आनलाइन पोर्टल पर शिकायत स्थानीय द्वारा की गई थी। जोन 3 सहायक अभियन्ता ने निरीक्षण किया और नाली में प्लास्टर की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पायी गयी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल रोल नं0–1408362 व इण्टरमीडिएट रोल नं0–1097400 की मूल मार्कशीट वास्तव में कहीं खो गये हैं। **मीनाक्षी तिवारी पुत्री सुधीर कुमार तिवारी नि0– ग्राम गढ़ी फतेहाबाद P/S हसनगंज, जिला उन्नाव।**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र एंजल सिंह चौहान का नाम बदलकर सार्थक सिंह चौहान रख दिया है। भविष्य में उसे इसी नाम से जाना वा पहचाना जाए। **हरदेव सिंह चौहान नि– 13 सी, गायत्रीपुरम, बहादुरपुर शंकर पुरवा वार्ड पो0– विकास नगर, लखनऊ, पिन–226022**

**सूचना**
पहले मेरा नाम KHUSHBU था मै अपनी नाम बदलकर MUSKAN KEWAL RAMANI रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये। **मुस्कान केवल रमानी पुत्री सुरेश कुमार केवल रमनी, रामनगर कालोनी, अयोध्या, उत्तर प्रदेश**

**सूचना**
मैं श्रीमती सुधा राय पत्नी श्री सतीश चन्द्र राय निवासिनी 554/168ख, भीम नगर छोटा बरहा आलमबाग लखनऊ उत्तर प्रदेश की हूं। मैंने अपने नाम से एक किता भूखण्ड जिसका रकबा 1200 वर्ग फीट, स्थित ग्राम नटकुर तहसील सरोजनी नगर लखनऊ उत्तर प्रदेश है जो की दिनांक 18/04/2013 को बैनामा अपने नाम पंजीकृत कराया था, जिस रजिस्ट्री का अंतिम पृष्ठ दफा 60 भूल वश खो गया है जो दिनांक 18/04/2013 को बही संख्या 1 जिल्द संख्या 15558 पृष्ठ 157 से 180 क्रमांक 6754 उप निबंधक कार्यालय प्रथम लखनऊ है।

**सूचना**
मेरे नाम से एक एलआईसी पॉलिसी संख्या 219626298 है, जिसमें मेरा नाम सेजल मौर्या व जन्मतिथि 05/07/2005 अंकित है, जबकि आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं मार्कशीट में मेरा नाम श्रेजल मौर्या तथा जन्मतिथि 05/07/2007 अंकित है। दोनों नाम व जन्मतिथि एक ही व्यक्ति यानी मेरे हैं। उक्त पॉलिसी में सेजल मौर्या के स्थान पर मेरा सही नाम श्रेजल मौर्या अंकित किया जाना तथा जन्मतिथि 05/07/2007 माना जाना आवश्यक है। **श्रेजल मौर्या पुत्री रमा कान्त मौर्या ग्राम बनमई पोस्ट वैदहा जिला सुलतानपुर**

**सूचना**
मेरे पुत्र उमंग का नाम पहले उज्जवल मौर्या था जिसके नाम एलआईसी पॉलिसी संख्या–219626299 है। उज्जवल मौर्या का नाम परिवर्तित होकर उमंग हो गया है जो उसके आधार कार्ड और अन्य प्रमाणपत्रों में अंकित है। उज्जवल मौर्या और उमंग दोनों एक ही व्यक्ति यानी मेरे पुत्र के नाम हैं। पॉलिसी में उज्ज्वल मौर्या के स्थान पर उमंग नाम किया जाना आवश्यक है। **श्रेयश कुमार पुत्र सुरेन्द्र नाथ मौर्य ग्राम बनमई पोस्ट वैदहा, थाना गोशांईगंज, जिला सुलतानपुर**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे सास स्नेहलता दीक्षित उम्र 75 वर्ष पत्नी स्व0 शम्भूदत्त दीक्षित निवासी अशरफ टोला हरदोई की उम्र अधिक होने, असाहय रोगों से पीड़ित होने एवं अपने पुत्र स्व0 मुकुन्द दीक्षित की मृत्यु के बाद मानसिक रूप से बीमार हो गयी हैं। अतः मानसिक रूप से सक्षम न होने के कारण स्नेहलता पत्नी स्व0 शम्भूदत्त दीक्षित द्वारा कोई भी लिखा पढ़ी, वैनामा या वसीयत या बिक्री अवैध मानी जायेगी। **मंजरी शुक्ला पत्नी स्व0 मुकुन्द दीक्षित निवासिनी–अशरफ टोला हरदोई।**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आशीष कुमार मौर्य पुत्र हरिप्रसाद मौर्य, निवासी 448/36क/1,आशा पुरम कालोनी, नगरिया, ठाकुरगंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश 226003 मेरा पासपोर्ट जिसका नंबर E 6687611 है। जिसमें मेरा नाम ASHISH MAURYA लिखा हुआ है। जबकि मेरा सही नाम ASHISH KUMAR MAURYA है तथा जन्म तिथि 10/07/1983 है। यह कि मुझे आशीष कुमार मौर्य के नाम से जाना वा पहचाना जाए।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं अपने पुत्र अनीत पुत्र करूनाशंकर के गलत चाल–चलन से परेशान होकर उसे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। मेरे पुत्र अनीत द्वारा किये गये किसी भी गैर कानूनी कार्य के लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगा, मेरा या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **करूनाशंकर पुत्र पुत्तूलाल नि0 ग्राम बक्शखेड़ा मजरा उमरारी थाना बेनीगंज तहसील सण्डीला जिला हरदोई।**

# हत्या की मिली सूचना शव उठा ले गई पुलिस

**कानपुर।** महाराजपुर थानाक्षेत्र में गणेश विसर्जन से लौटे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव घर के बाहर अर्द्धनग्न हालत में पड़ा मिला। परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयारी कर चुके थे लेकिन किसी ने युवक की गला दबाकर हत्या की सूचना डायल 112 को दे दी। जिससे बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम हाउस पहुंचा दिया।

रूमा निवासी 30 वर्षीय अरविंद गोस्वामी राजगीर मिस्त्री का काम करता था। उसके साले दीपक ने बताया कि मंगलवार को वह गणेश विसर्जन से लौटकर शराब पीकर घर के बाहर सो गया था। बुधवार सुबह वह अर्द्धनग्न हालत में अकड़ा पड़ा मिली। उसकी मौत हो चुकी थी। किसी ने डायल 112 पर युवक की गला दबाकर हत्या की सूचना पुलिस को दे दी।

**ऐतिहासिक क्षण** | देशव्यापी जश्न का सिलसिला 26 दिसंबर को खलासी लाइन में महासम्मेलन से शुरू होगा

# कानपुर में जन्मी सीपीआई हुई 100 साल की

महेश शर्मा, कानपुर

- **डी.राजा आएंगे, वामदलों के प्रमुख नेता तय कर सकते भावी राजनीति का एजेंडा**

**अमृत विचार।** वर्ष 1920 से मजदूर आंदोलन के क्षेत्र में काम कर रही एटक (ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस) से जुड़े लोगों के मन में अंग्रेजों से लोहा लेने वाले राजनीतिक संगठन के गठन का विचार आया तो इसे अमली जामा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के रूप में कानपुर में 26 दिसंबर 1925 को पहनाया गया। परेड मैदान में पहला अधिवेशन हुआ था। सीपीआई के गठन में स्वतंत्रता सेनानी मौलाना हसरत मोहानी की सक्रिय भूमिका थी तो गणेश शंकर विद्यार्थी भी परदे के पीछे रहे। ऐतिहासिक तथ्य है कि 1920 में उजबेकिस्तान (ताशकंद) में एमएन राय, उनकी पत्नी एलविन, अबानी मुखर्जी ने एक घोषणा पत्र में भारत में सीपीआई के गठन की बात कही थी, जिसे मूर्त रूप कानपुर में दिया गया। पार्टी ने शताब्दी वर्ष पर कानपुर में महासम्मेलन का निर्णय लिया है। इसमें देश भर के वाम दलों के नेता शिरकत करेंगे। आयोजन पार्टी महासचिव डी.राजा की अगुवाई में होगा। सीपीआई के राज्य सचिव अरविंदराज स्वरूप कानपुर मजदूर सभा के ग्वालटोली कार्यालय में तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे हैं।

सीपीआई की अधिकारिक वेबसाइट में स्थापना वर्ष 26 दिसंबर 1925 दर्ज है। पार्टी के राज्य सचिव अरविंदराज स्वरूप ने बताया कि 26 दिसंबर 2024 को महासम्मेलन खलासी लाइन स्थित शास्त्री भवन में होगा। कानपुर में राष्ट्रीय महासचिव डी.राजा आएंगे। प्रदर्शनी लगायी जाएगी जिसमें पार्टी के गठन का उद्देश्य और आजादी की लड़ाई में योगदान की जानकारी दी जाएंगी। अरविंद दावा करते हैं कि ब्रिटिश हुकूमत के विरुद्ध किसान, मजदूरों के हितों की लड़ाई का कम्युनिस्टों का इतिहास रहा है। कॉमरेड श्रीपाद अमृत डांगे, भूपेश गुप्त, राजेश्वर राव सरीखे दिग्गजों के मार्गदर्शन में पार्टी ने राजनीतिक और ट्रेड यूनियन आंदोलन की ऊंचाइयां छुई हैं। ट्रेडयूनियन आंदोलन का गढ़ रहे कानपुर में 1957 से 1977 तक मजदूर नेता एसएम बनर्जी सीपीआई के समर्थन से ही जीतते रहे। कानपुर के कॉमरेड हरबंस सिंह, सुल्तान नियाजी सरीखे धाकड़ वक्ता राजनीतिक माहौल में परिवर्तन की ताकत रखते थे। वाम विचारक बताते हैं कि हालांकि सीपीआई के प्रारंभिक उद्देश्यों में उग्र साम्राज्यवाद विरोधी देशभक्ति को अंतर्राष्ट्रीयता से जोड़कर महात्मा गांधी और कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व में अहिंसक सविनय अवज्ञा आंदोलन के समानांतर एक आंदोलन खड़ा करना था। कानपुर मजदूरों का शहर था। इसी कारण लाल झंडे का गढ़ बना। सीपीआई का मजदूर संगठन एटक की बागडोर संभालने वाले अरविंद कहते हैं कि परेड अधिवेशन के समय दिग्गज कम्युनिस्ट नेता श्रीपाद अमृत डांगे कानपुर की ही जेल में थे। उस समय ब्रिटिश औपनिवेशिक प्रशासन ने कम्युनिस्ट गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया था। पार्टी भले बहुत अधिक प्रभावशाली नहीं रही, लेकिन एटक के नेतृत्व में मजदूर, किसान आंदोलन मजबूत रहा। पार्टी ने अपनी यात्रा में महिलाओं के लिए सामाजिक समानता, सभी वयस्कों को मताधिकार, निजी स्वामित्व वाले उद्यमों का राष्ट्रीयकरण, भूमि सुधार, निचली जातियों के लिए सामाजिक न्याय के लिए पुरजोर आवाज बुलंद की।

## आज का मौसम

गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

31.2⁰ अधिकतम तापमान | 23.8⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 56 | सूर्यास्त 06 :08

## मोहल्लों में कमर तक भरा पानी, गाड़ियां बंद

**कानपुर।** मंगलवार रात मूसलाधार बारिश की वजह से शहर की सड़कें तालाब बन गईं। कई मोहल्लों में कमर तक पानी भर गया। घरों, दुकानों, ऑफिसों में पानी भर गया। भरे पानी के बीच राहगीरों की गाड़ियां बंद हो गईं। श्रमिक कॉलोनियों की सर्विस लेन उफनाने से लोगों के किचन तक पानी आ गया। सुबह 8 बजे के बाद सड़कों से पानी निकल पाया। मंगलवार को शाम बारिश शुरू हुई और बुधवार सुबह साढ़े 3 बजे तक लगातार जारी रही। इससे रात 9 बजे के बाद शहर की सड़कों पर पानी भर गया। नीर-क्षीर चौराहा, शास्त्री नगर, विजय नगर, मरियमपुर से फजलगंज चौराहे के बीच कमर तक पानी भर गया। आस-पास के घरों-दुकानों के अंदर पानी घुस गया। जिससे कई लोगों का माल खराब हो गया। रात में निकले लोगों की गाड़ियां जलभराव में बंद हो गईं। गोविंदपुरी पुल से पहले और फिर चावला व नंदलाल चौराहे पर भरे पानी में लोग फंस गये। किदवई नगर, गोविंद नगर, सर्वोदय नगर, शास्त्री नगर, विजय नगर, यशोदा नगर, ओम नगर, गुमटी नंबर पांच, सुतरखाना, बाबुपुरवा, विराट नगर अहिरवां, जूही बारादेवी, खलासी लाइन, रामादेवी, गौशाला, हंसपुरम, काकादेव, बजरिया, कर्नलगंज, कृष्णा नगर, शिव कटरा, खलासी लाइन, आर्यनगर, डिप्टी पड़ाव, तिलक नगर, जरौली समेत पूरा शहर पानी में डूबा नजर आया। बुधवार शाम को फिर से बारिश शुरू हो गई। हालांकि, एक घंटे में ही बारिश थम गई। लेकिन, इस दौरान कई जगह जलभराव की स्थिति हो गई। शाम को निराला नगर से फजलगंज होते हुये नरेंद्र मोहन सेतु तक जाम की स्थिति रही।

- मंगलवार देर रात उत्तर-दक्षिण की सड़कें हुईं लबालब



बर्रा-8 में वरुण विहार बस्ती में घुस गया पांडु नदी का पानी। अमृत विचार



बस्ती से लोग सामान लेकर पलायन कर गए। अमृत विचार

# पांडु नदी उफनाई, 200 से अधिक घर डूबे

## नदी किनारे बसी बर्रा-8 कच्ची बस्ती व वरुण विहार के लोग प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रात से बढ़ा पानी, गृहस्थी जलमग्न, पलायन कर सड़क पर डाला डेरा
- जिला प्रशासन ने पांच परिवारों को कंपोजिट स्कूल भिजवाया

**अमृत विचार।** मंगलवार शाम से शुरू हुई मूसलाधार बारिश से देर रात पांडु नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया। देर रात नदी का पानी डूब क्षेत्र के इलाके बर्रा-8 कच्ची बस्ती व वरुण विहार में भर गया। घरों में पानी घुसने से देर रात चैन की नींद सो रहे लोगों में हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में बस्ती में करीब 8 फीट से अधिक पानी भर चुका था। लोग गृहस्थी का सामान छोड़ कर मवेशी व बच्चों को लेकर बस्ती से बाहर भाग निकले। करीब 200 से अधिक मकानों में पानी भरा है। पीड़ितों ने सड़क किनारे तिरपाल डाल कर रात गुजारी।

मेहरबानसिंह पुरवा से गुजरी पांडु नदी के किनारे डूब क्षेत्र में बसी बर्रा-8 कच्ची बस्ती व वरुण विहार के बाशिंदे मंगलवार रात चैन की नींद सो रहे थे। मंगलवार शाम से शुरू हुई भारी बारिश के कारण रात करीब 11 बजे पांडु नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने लगा, कुछ ही देर में नदी का पानी कच्ची बस्तियों के घरों में घुसा तो लोगों की नींद टूटी। देखते ही देखते नदी का पानी तेजी से बस्ती में बढ़ने लगा। बस्ती के बाशिंदों में हाहाकार मच गया। लोग गृहस्थी का सामान छोड़ कर अपने-अपने बच्चों व मवेशियों को लेकर घरों से बाहर भागे। कुछ ही देर में बस्ती के निचले स्तर पर स्थित झोपड़ियां पूरी तरह से जलमग्न हो चुकी थीं, नदी के तेज बहाव में बहते गृहस्थी के सामान को लोग बेबस निगाहों से देख रहे थे।

बस्ती निवासी राजू, विजय, जीतू सोनकर, गुड़िया, उमा, अर्जुन विवेक कुमार ने बताया कि पूरी रात सड़क किनारे तिरपाल डाल कर गुजारी। बुधवार सुबह घर की महिलाएं गृहस्थी का सामान निकालने में जुट गए।



बस्ती में कमर के ऊपर तक भरा पानी। अमृत विचार

### पांच परिवारों को सुरक्षित स्थान पर भिजवाया

मंगलवार को जिला प्रशासन की टीम से राजस्व निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह व लेखपाल अमित कुमार दीक्षित समेत अन्य अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया। जिला प्रशासन ने पांच परिवारों को बर्रा विश्व बैंक आई ब्लॉक स्थित कंपोजिट विद्यालय में ठहराया। राजस्व निरीक्षक ने बताया कि प्रभावित लोगों के लिए विद्यालय में रहने व खाने की संपूर्ण व्यवस्था की गई है। करीब 200 लोगों का स्कूल में प्रबंध किया गया है।

## लोगों की परेशानी

### 15 दिन का 5 हजार किराया कहां से देंगे



कच्ची बस्ती निवासी कौशल ने बताया कि उनके पति प्राइवेट नौकरी करते हैं। देर रात नदी का पानी भरने के कारण मकान का पिछला हिस्सा पूरी तरह से जलमग्न हो गया। गृहस्थी का सामान पड़ोसी की छत में रखा है। पति आसपास क्षेत्र में किराये का मकान तलाशने गए तो 15 दिन का 5 हजार रुपया किराया मांगा जा रहा है।

### गर्दन तक भरा है पानी, सब कुछ बर्बाद हो गया



फैक्ट्रीकर्मी राजू ने बताया कि उनका घर बस्ती के निचले स्तर पर है, जहां करीब 8 फीट तक पानी भरा है। बताया कि उनके घर के आस-पड़ोस के करीब 10 से अधिक मकान पूरी तरह से जलमग्न हो गए है। देर रात बच्चों को लेकर बस्ती से बाहर भागे, पूरी रात क्षेत्र की किराना दुकान के टीनशेड के नीचे काटी। सुबह जरूरी सामान निकालने पहुंचे तो राशन का पूरा सामान बर्बाद हो चुका था। आधी से ज्यादा गृहस्थी तहस-नहस हो चुकी थी।

### सरकारी अमला नहीं आया पूछने, बच्चे भूखे हैं



मजदूर कैलाश ने बताया कि पूरी रात उन्होंने पत्नी व बच्चों के साथ सड़क पर काटी। पुलिस एक बार आई तो लगा कि अब कोई बड़ा अफसर मदद करने के लिए सामने आएगा, सुबह कुछ अधिकारी आए भी, जांच पड़ताल की, लेकिन मदद कुछ नहीं मिली। बच्चे सुबह से भूख-प्यास से बिलबिला रहे हैं, पीने के पानी तक की व्यवस्था नहीं है।

### हर वर्ष होती है परेशानी



वरुण विहार निवासी फैक्ट्रीकर्मी गोविंद सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष बस्ती के लोगों को बारिश में बाढ़ की समस्या का सामना करना पड़ता है, बाढ़ के कारण पूरे साल में जोड़ी गई गृहस्थी बर्बाद हो जाती है। डबडबाई आखों से गोविंद ने बताया कि गरीब लोग हैं आखिर कहां चले जाएं, सरकार एक मकान दिला दे तो बड़ी राहत मिल जाएगी।

# बारिश में बिजली ठप, 12 घंटे तक लोग हुए परेशान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- तेज बारिश में टूटे पेड़ों की वजह से हुये फॉल्ट, पानी का भी रहा संकट
- पूरे शहर में बिजली नहीं आने की समस्या, 20 लाख लोग हुए परेशान

**अमृत विचार।** शहर में मंगलवार रात को हुई मूसलाधार बारिश की वजह से पूरे शहर में बिजली संकट खड़ा हो गया। बारिश के बीच पेड़ टूटने और बिजली लाइनों के ऊपर डालों के गिरने की वजह से आपूर्ति ठप हो गई। फीडर ट्रिप, ब्रेकडाउन और इंसुलेटर क्षतिग्रस्त होने से भी कई क्षेत्रों में बिजली गायब हो गई। जिसकी वजह से करीब 20 लाख शहरी परेशान हुये। बुधवार को औसत 12 घंटे बिजली गायब रही। केस्को की अलग-अलग टीमें दिनभर फॉल्ट को सुधारती रहीं। नवीन नगर काकादेव में बुधवार को पूरे दिन बिजली संकट रहा।

आलू मंडी में चीना पार्क स्थित उपकेंद्र का फीडर तेज हवा व बारिश में ट्रिप होने के मंगलवार रात 12 से सुबह 04:10 बजे तक ब्रेकडाउन रहा। अफीम कोठी उपकेंद्र भी सुबह साढ़े पांच बजे तक बंद रहा। इस बीच इस उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में बिजली नहीं आई। बिजली घर खंड के जीआईसी उपकेंद्र से सीसामऊ फीडर की आपूर्ति ठप हो गई। यहां 11 केवी की एचटी लाइन पर पेड़ की डाल गिरने व पिन इन्सुलेटर क्षतिग्रस्त होने के 4 घंटे बिजली आपूर्ति नहीं हो सकी। साइकिल मार्केट उपकेंद्र बेकनगंज फीडर की आपूर्ति भी तेज हवा व बारिश में रोक दी गई। यहां भी एचटी लाइन पर पेड़ की डाल के गिरने की वजह से ब्रेकडाउन रहा। इसी तरह नवाबगंज खंड, दादा नगर खंड, नौबस्ता खंड, विकास नगर खंड, सर्वोदय नगर खंड से जुड़े स्वराज इंडिया काकादेव, एल-ब्लॉक, शिवाजी नगर, व सूरज नर्सिंगहोम फीडर की आपूर्ति तेज हवा व बारिश के चलते ठप रही। नवीन नगर निवासी उद्यमी अतुल सेठ ने एमडी यूपीपीसीएल व अन्य अधिकारियों को ट्वीट कर कटौती की शिकायत की तो कर्मचारी नवीन नगर स्थित ट्रांसफार्मर में आई खराबी ठीक करने पहुंचे। इसी तरह यहां के पंकज यादव, सुरेंद्र तिवारी, रवींद्र पाल आदि लोगों ने सब स्टेशन जाकर शिकायत दर्ज कराई। बिजली न रहने की वजह से पानी की समस्या रही। इस संबंध में केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत रंगीला के मुताबिक बारिश की वजह से बिजली संबंधित व्यवधान हो गया था।



जपानी गार्डेन के पास गिरा पेड़। अमृत विचार

### 1912 मिला-मिला कर थक गये उपभोक्ता

बिजली संकट होने से लोगों ने केस्को के टोल फ्री नंबर 1912 पर कॉल की, लेकिन केस्को के उपभोक्ताओं को 1912 ने धोखा दे दिया। अधिकतर उपभोक्ताओं को नंबर व्यस्त मिला।

# 13 साल का रिकॉर्ड टूटा 120 मिमी पानी बरसा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- विदाई लेते मानसून ने जमकर भिगोया
- सितंबर में एक दिन में सर्वाधिक बरसात
- निम्न दबाव क्षेत्र बनने से छाए हैं बादल
- अभी दो दिन तेज हवाओं के साथ बौछारें
- वर्ष 2009 में हुई थी 160 मिमी बारिश

**अमृत विचार।** विदाई लेते मानसूनी मौसम ने पिछले 24 घंटों में जोरदार बारिश से शहर को जमकर भिगोया। सितंबर माह में एक दिन की बारिश का 13 साल का रिकॉर्ड टूट गया। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार रात शहर में 120.6 मिलीमीटर पानी बरसा। इससे पहले सितंबर महीने में वर्ष 2009 में 24 घंटे के भीतर सबसे ज्यादा 160 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई थी। मौसम विशेषज्ञों ने गुरुवार को भी बारिश होने की संभावना जताई है।

सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि के मौसम विभाग ने बताया कि निम्न दबाव का क्षेत्र पैदा होने से अचानक मौसम में परिवर्तन हुआ है। इसका असर अभी रह सकता है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया बुधवार को शहर का अधिकतम पारा 31.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 23.8 डिग्री रहा। अगले 4 दिनों तक हल्के और आंशिक बादल छाए रहने एवं गरज चमक के साथ हल्की वर्षा या बौछारें पड़ने के आसार हैं।

# कटरी, चैनपुरवा में घुसा पानी 15 बस्तियों को चेतावनी

- गंगा का जलस्तर बैराज पर खतरे के निशान के ऊपर

**कानपुर।** मूसलाधार बारिश के बाद गंगा का पानी कटरी के भोपालपुरवा व चैनपुरवा आदि बस्तियों में घुस गया है। निचले इलाकों में बाढ़ का पानी घुसने से कई बीघा फसल पानी में डूब गई। आने वाले दो दिनों में पानी कई और बस्तियों में घुसने की आशंका है। जिसको देखते हुये सिंचाई विभाग ने 15 बस्तियों के लोगों को चेतावनी जारी कर दी है और निवास छोड़कर दूसरी सुरक्षित जगह जाने को कहा है। गंगा बैराज पर गंगा का जलस्तर अप स्ट्रीम पर 114.16 मीटर पहुंच गया है। जबकि 16 सितंबर को जलस्तर 113.46 मीटर था। मंगलवार को हुई मूसलाधार बारिश के चलते अचानक गंगा का पानी बढ़ गया है।

बढ़ते जलस्तर को देखते हुए गंगा बैराज के सभी 30 गेट खोल दिए गए हैं। कानपुर से बुधवार दोपहर तक भारी मात्रा 3,54,726 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। बैराज, निर्माण खण्ड-2 के अधिशासी अभियन्ता पंकज गौतम ने बताया कि बैराज के नीचे गंगा नदी के बांये तट पर स्थित ग्राम लोधवा खेड़ा चैनपुरवा, धारमखेड़ा, देवनीपुरवा, नई बस्ती, मंगलपुरवा बड़ा, मंगलपुरवा छोटा, पहाडीपुर, कटरी शंकरपुर सराय के ग्राम गंगा बैराज नई बस्ती, नत्थापुरवा, रामनिहालपुर, मेघनपुरवा, कल्लूपुरवा एवं कच्ची मड़ैया के लोगों को चेतावनी जारी की गई है। आने वाले दो दिन में गंगा बैराज पर जल स्तर चेतावनी बिन्दु स्तर 114.00 मीटर के ऊपर रहेगा।

## हिंदी आम लोगों तक पहुंचने की सर्वोत्तम भाषा

**कानपुर।** भारतीय जीवन बीमा निगम, उत्तर मध्य क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर के 'हिन्दी दिवस' कार्यक्रम में अधिकारियों ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के युग में आम लोगों तक अपने उत्पाद व सेवाएं पहुंचने के लिए हिंदी भाषा सर्वोत्तम भाषा है।

कार्यक्रम का आरंभ प्रादेशिक प्रबन्धक (सम्पदा एवं कार्यालय सेवा पी. विजय लक्ष्मी ने किया। कविता मनमोहन प्रादेशिक प्रबन्धक ( कार्मिक एवं औ.सं.), नवीन कुमार, प्रादेशिक प्रबन्धक मानव संसाधन विकास, विलास पत्रिकर, बलराज मालिक, मोनिका जगधारी, वीना विष्ट, उपासना चंधोक, राजेश कुमार सोनकर सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# शास्त्री नगर में रात में जलभराव में डूबकर युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मंगलवार रात 8.30 बजे घर से निकला था युवक
- परिजन ढूंढते रहे रात भर बुधवार सुबह हुई जानकारी



ब्लासियूज कुजूर।



घटना की जानकारी देती पत्नी शीला।

**अमृत विचार।** शास्त्री नगर में नगर निगम के भ्रष्ट सिस्टम और लापरवाही की भेंट एक बेगुनाह युवक चढ़ गया। मंगलवार रात नशे में धुत युवक साइकिल से अपने घर से निकला और कुछ दूरी पर दस दुकान चौराहे के पास घुटनों तक जलभराव में गिर गया। घुटनों तक भरे पानी में डूबकर उसकी मौत हो गई। देर रात गश्त के दौरान पुलिस की नजर पड़ी तो वह उसे हैलट अस्पताल लेकर पहुंची जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

झारखंड के गुमला जिला निवासी 42 वर्षीय ब्लासियूज कुजूर पिछले कई वर्षों से पत्नी शीला, बेटे नमन के साथ काकादेव के छोटा सेंट्रल पार्क शास्त्री नगर कालोनी के पास रह रहा था। पत्नी शीला के अनुसार वह ई-रिक्शा चलाता था। बताया कि मंगलवार रात पति 8.30 बजे घर से साइकिल लेकर कुछ देर में आने को बोलकर निकल गए थे। लेकिन वह लौटे नहीं। उनका फोन भी घर पर रखा हुआ था। शीला और बेटा नमन परिजनों के साथ उन्हें ढूंढने निकले लेकिन रात 2 बजे तक कुछ भी नहीं पता चला। इसके बाद बुधवार सुबह 11 बजे पुलिस का फोन आया और काकादेव थाना पहुंचने के लिए बोला। वह लोग वहां पहुंचे तो पता चला कि उनकी डूबकर मौत हो गई है।

काकादेव इंस्पेक्टर मनोज सिंह भदौरिया ने बताया कि मंगलवार रात करीब 3 बजे क्षेत्र में पुलिस गश्त पर थी। गश्त के दौरान छोटा सेंट्रल पार्क के पास घुटनों तक जलभराव में एक व्यक्ति पड़ा हुआ दिखा। पुलिसकर्मियों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। हैलट अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### जरा सी बारिश में पानी भर जाता

परिजनों ने बताया कि जिस स्थान पर हादसा हुआ वहां पर कोई नाली नहीं है। चारों ओर की ढाल उसी स्थान पर आती है। जिस कारण जरा सी बारिश में घुटनों तक पानी भर जाता है। सुबह पहुंचे दुकानदारों ने भी नगर निगम की लापरवाही के कारण मौत का आरोप लगाया।

### जलभराव ले चुका कई जान, जिम्मेदार मौन

**कानपुर।** जलभराव में शास्त्री नगर में युवक की डूबकर हुई मौत की घटना कोई पहली बार नहीं हुई है। पूर्व में भी कई लोग जलभराव में अपनी जान गवा चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार मौन हैं। सितंबर 2019 में यशोदा नगर निवासी 60 वर्षीय बुजुर्ग पुरोहित राजकुमार तिवारी ने साइकिल से जलभराव को पार करने की कोशिश की और अपनी जान गवां बैठे। 23 जून 2023 को जूही अंडरपास के जलभराव में जोमेटो डिलीवरी बॉय 28 वर्षीय चरण सिंह की कार फंस गई। जिससे उसकी डूबकर मौत हो गई थी। 16 सितंबर 2023 को रायपुरवा थानाक्षेत्र में जूही खलवा पुल पर एक युवक की डूबकर मौत हो गई थी। परमपुरवा निवासी 30 वर्षीय दीपक शुक्ला की परमपुरवा के पास घुटनों से ऊपर तक के जलभराव में डूबकर मौत हो गई थी। जांच में सामने आया था कि वह नशे में धुत रात भर जलभराव में पड़ा रहा। 25 अगस्त 2024 को जूही खलवा पुल में पानी भरा होने से ट्रैक पार कर रहा मूकबधिर युवक परमपुरवा कालोनी निवासी 31 वर्षीय रिजवान की मौत हो गई थी। इन हादसों के बाद भी जिम्मेदार अफसर कतई सजग नहीं हैं।

**चिंताजनक** मरीजों में मसूड़ों, लिवर और किडनी में सूजन व संक्रमण की बढ़ी समस्या

# मिर्गी व हाइपरटेंशन की दवा से दूसरे मर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- जीएसवीएम के फार्माकोलॉजी विभाग के 1000 मरीजों पर किए गए सर्वे में सामने आया तथ्य
- लंबे समय तक दवा के सेवन से दुष्प्रभाव

**अमृत विचार।** बीमारी गंभीर हो या मामूली अधिक दवा के सेवन से शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ते हैं। इसकी वजह से शरीर नई बीमारियों से ग्रस्त हो जाता है। कुछ अंग कमजोर पड़ जाते हैं। इसीलिए डॉक्टर की सलाह के बिना कोई भी दवा नहीं खाने की सलाह दी जाती है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के फार्माकोलॉजी विभाग ने मरीजों पर शोध के बाद पाया है कि मिर्गी की दवा अधिक खाने से मसूढ़ों में सूजन और खून आने की समस्या होती है, तो हाइपरटेंशन की दवा के ज्यादा सेवन से लिवर व किडनी में इंफेक्शन और सूजन की दिक्कत बढ़ जाती है।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज व संबद्ध अस्पतालों में फार्माकोलॉजी विभाग ने मंगलवार को राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह की शुरूआत की। इस सप्ताह में लोगों को बेवजह या मामूली दर्द या समस्या होने पर बिना डॉक्टर की सलाह के दवा खाने के नुकसान के संबंध में जागरूक किया जाएगा। फार्माकोविजिलेंस की कोऑडिनेटर डॉ.पूजा अग्रवाल ने बताया कि जो मरीज मिर्गी की दवाएं लंबे समय तक खाते हैं, उनके सर्वे में पता चला कि लंबे वक्त तक दवा का सेवन करने वाले मरीजों के मसूड़ों में सूजन व खून आने की समस्या हो गई। जो मरीज हाइपरटेंशन की दवाएं अधिक खाते हैं, उनमें लिवर व किडनी में इंफेक्शन व सूजन की समस्या देखी गई। टीम ने 1000 मरीजों पर सर्वे किया है, जिसकी रिपोर्ट गाजियाबाद स्थित इंडियन फार्माकोपिया कमीशन के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेशन सेंटर भेजी गई है।

### एमबीबीएस छात्र करेंगे मरीजों को जागरूक

फार्माकोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ .वीरेंद्र कुशवाहा व सहायक आचार्य डॉ .हिमांशु शर्मा ने बताया कि दवा के प्रतिकूल प्रभाव को टोल फ्री नंबर 18001803024 पर या पीवीपीआई द्वारा मोबाइल ऐप या बेव साइट पर रिपोर्ट किया जाता है। इसके अलावा किसी भी मेडिकल कॉलेज के एएमसी में भी रिपोर्ट किया जा सकता है। राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह का विषय दवाओं से होने वाले दुष्प्रभाव की रिपोर्टिंग को और मजबूत करना है। एमबीबीएस छात्र पोस्टर व बैनर के माध्यम से अस्पतालों की ओपीडी व वार्डों में मरीजों को जागरूक करेंगे।

## वीसी से गवाही कराने में कानपुर अव्वल

**कानपुर।** अदालतों में वीडियो कांफ्रेंसिंग से गवाही कराने के मामले में उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में कानपुर नगर को पहला स्थान मिला है, जबकि ललितपुर दूसरे स्थान पर है।

अभियोजन विभाग की ओर से 15 मई से 15 सितंबर तक सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर वीडियो कांफ्रेंसिंग से गवाही कराए जाने के संबंध में डाटा भेजा गया था। इसके आधार पर कानपुर नगर अधीनस्थ न्यायालय में 10 और सत्र न्यायालय में 146 कुल 156 गवाही वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कराने पर प्रदेश में अव्वल रहा है। हमीरपुर कुल 87 गवाही कराकर तीसरे, इटावा 76 गवाही कराकर चौथे व लखनऊ 71 गवाही कराकर पांचवें स्थान पर रहा है। अभियोजन निदेशालय लखनऊ की ओर से सभी जिलों के संयुक्त निदेशक अभियोजन से 23 सितंबर तक इन गवाहों के संबंध में विस्तृत जानकारी मांगी गई है।



गंगा में पितरों को जल देते लोग।

# गंगा में लगाई डुबकी, किया तर्पण

**पितृपक्ष**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पूर्वजों का स्मरण और पूजन के लिए पितृपक्ष बुधवार से शुरू हो गया। पहले दिन लोगों ने गंगा के घाटों पर स्नान के बाद तर्पण और श्राद्ध कर्म किया। गायों को चारा खिलाया, कुत्तों को भोजन और चिड़ियों को दाना डालने के अलावा लोगों को भोजन कराया और दान दिया। तर्पण व श्राद्ध कर्म के साथ पितृ ऋण से मुक्ति की कामना की।

पितृपक्ष में पहला श्राद्ध प्रतिपदा तिथि का होता है। यह उन पितरों के लिए किया जाता है, जिनकी मृत्यु हिंदू पंचांग के अनुसार इस तिथि में हुई हो। बुधवार को बड़ी संख्या में लोगों ने गंगा तट पर पितरों का तर्पण और पिंडदान किया, तो तमाम लोगों ने घर में ही पितरों को जल दिया। श्राद्ध में ब्राह्मण भोजन कराया और गरीबों को भोजन व दान दिया। आचार्यों के अनुसार श्राद्ध से पितृ ऋण उतारना जरूरी है। पूर्वजों की तृप्ति के लिए श्रद्धापूर्वक किए जाने वाला कर्म श्राद्ध कर्म कहा जाता है। जिस तिथि में व्यक्ति की मृत्यु हुई हो उसी तिथि में उसका श्राद्ध करना चाहिए।

# औद्योगिक विकास के कर्णधार खा रहे धक्के

## उद्यमियों की पीड़ा, प्रशासनिक बैठकों व उद्योग बंधु में लगातार समस्याएं उठाने पर भी नहीं हो रहा समाधान

**फजलगंज इंडस्ट्रियल एरिया की दुर्दशा**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** किसी भी शहर का औद्योगिक और व्यापारिक विकास ही उसके आगे बढ़ने और अमीर बनने की कहानी गढ़ता है। लेकिन इस रास्ते पर औद्योगिक और कारोबारी शहर के रूप में बड़ी पहचान रखने वाला कानपुर आधारभूत ढांचे की कमी से पिछड़ता नजर आता है। औद्योगिक नगरी के स्वरूप की चिंता न करने की वजह से रुतबा कमजोर पड़ रहा है। इसके पीछे औद्योगिक क्षेत्रों की बदहाली बड़ा कारण है। कहने को तो फजलगंज इंडस्ट्रियल एरिया प्रदेश का बहुत बड़ा इंडस्ट्रियल एरिया है, लेकिन सालों से टूटी सड़कों, जलभराव, अतिक्रमण के बोझ तले दबा है।

फजलगंज औद्योगिक क्षेत्र को जोड़ने वाली प्रमुख सड़कें खस्ताहाल हैं। क्षेत्र में नालियां गायब हैं। फुटपाथ पर दुकानें सजी हैं। ये हाल आज से नहीं, दशकों से हैं। बताते हैं फजलगंज में सबसे पहली इकाई अंग्रेजों के जमाने में लगी थी। धीरे-धीरे यहां औद्योगिक इकाइयों की संख्या बढ़ी। वर्तमान में 500 से अधिक इकाइयों का संचालन फजलगंज औद्योगिक क्षेत्र में हो रहा है। यहां के उद्यमियों का कहना है कि सरकार उद्यमिता को बढ़ावा देना चाहती है, लेकिन अधिकारियों की लापरवाही और अनदेखी से मूलभूत सुविधाओं का आज तक अभाव है। दूषित पेयजल आपूर्ति, टूटी सड़कों, सीवर भराव और अतिक्रमण ने क्षेत्र को जकड़ रखा है। आये दिन लगने वाला जाम समस्या और बढ़ा देता है। उद्यामियों की पीड़ा है कि प्रशासनिक बैठकों व उद्योग बंधु की बैठकों में लगातार समस्याएं उठाई जाती हैं, कार्यवृत्त बनता है, फाइल खुलती है और कुछ दिन बाद बंद हो जाती है।



फजलगंज औद्योगिक क्षेत्र की सड़कें खराब हैं। अमृत विचार



सड़क घेरे खड़े रहते हैं वाहन। अमृत विचार




"दो वर्ष से एक भी काम नहीं हुआ है। सफाई तक नहीं होती है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं। जलभराव होता है। फुटपाथ पर बिल्डिंग मैटेरियल की दुकानें खुली हैं। मैकेनिक भी कब्जा किए हैं।

– उमंग अग्रवाल, महासचिव, फीटा उद्योग व्यापार संघ



"अतिक्रमण अभियान प्रभावी ढंग से चलाया जाना जरूरी है। पानी बरस जाए तो निकलना दूभर रहता है। कई गलियों में तो कमर तक पानी भरता है। कोई सुनवाई नहीं होती है।

– विनय मित्तल, संरक्षक, लोहा व्यापार समिति



"ऐसा लगता है, फजलगंज इंडस्ट्रियल क्षेत्र को अधिकारियों ने अपनी विकास की सूची से हटा दिया है। उद्योग बंधु की बैठक में तमाम बार शिकायतें की गई हैं पर कोई सुनवाई नहीं है।

– बलराम नरूला, होजरी मैन्युफैक्चरर



"किसी समस्या की कोई सुनवाई नहीं होती है। नए नगर आयुक्त भी अभी तक यहां दिक्कतें देखने नहीं आये हैं। अधिकारियों को सब पता है, लेकिन इच्छा शक्ति का अभाव है।

– शिव कुमार गुप्ता, अध्यक्ष, दी यूपी इंडस्ट्रियल एस्टेट मैन्यु.एसो.

### इलाके में 10 सड़कें खस्ताहाल, इस कारण अक्सर होतीं दुर्घटनाएं

क्षेत्र में जेके जूट से केसा तिराहा, केसा तिराहा से बैंक ऑफ बड़ौदा तक सड़क और नाली खस्ताहाल है। बैंक ऑफ बड़ौदा से फायर ब्रिगेड तिराहा तक फुटपाथ गायब है। नाली भी नहीं है। बरसात में जलभराव होता है। उद्यमी उमंग अग्रवाल के अनुसार इन सड़कों के साथ गड़रियन पुरवा से रॉयल धर्मकांटा वाली रोड, शताब्दी ट्रैवल्स और लाखन होटल वाली सड़क समेत 10 सड़कें दुर्दशाग्रस्त हैं। मैकेनिक फुटपाथ पर कब्जा कर गाड़ियां बनाते हैं। इसकी वजह से अक्सर राहगीर जाम के साथ दुर्घटनाओं का शिकार होते हैं। नगर निगम सिर्फ फौरी कार्रवाई करके चला जाता है। टैक्स चुकाने के बाद भी उद्यमी परेशानी झेल रहे हैं। बरसात में अक्सर यूनिट के अंदर तक जलभराव होता है।

# गांजा तस्करी के विवाद में फायरिंग-बमबाजी

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में गांजा तस्करी को लेकर हुए विवाद में बुधवार देर शाम काजीखेड़ा स्थित टुन्नू पतंग वाले की गली में जमानत पर छूटकर आए गांजा तस्करों ने फायरिंग और बमबाजी कर दी। जिससे इलाके में दहशत फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

लाल बंगला स्थित कालीबाड़ी निवासी अंकित तुत्तल को पुलिस ने कुछ माह पहले गांजा तस्करी के आरोप में जेल भेजा था। 15 दिन पहले आरोपी जमानत पर छूटकर आया है। इलाके के लोगों ने बताया कि उसका इलाके के अन्नी और बउवा से गांजा तस्करी को लेकर विवाद हुआ। जिसके बाद बुधवार देर शाम को अंकित अपने साथी काशी सोनकर समेत एक दर्जन लोगों के साथ आया और इलाके में दो राउंड फायरिंग कर बम चला दिया। तेज धमाके से इलाके के लोगों में दहशत फैल गई। इसके बाद आरोपी तमंचा लहराते हुए भाग निकले। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पुलिस पहुंची और जांच की। इससे पहले भी 15 अगस्त को विधानसभा अध्यक्ष आवास के पास दो पक्षो में गांजा तस्करी के विवाद में फायरिंग हुई थी। फिर काजीखेड़ा में ही बुग्गा ने काजीखेड़ा में रोहित के हाथ मे गोली मारी थी।



बढ़ते अपराध का आरोप लगाकर ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी। अमृत विचार

# कानून-व्यवस्था ध्वस्त महिलाएं नहीं सुरक्षित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कांग्रेसियों ने प्रदर्शन करके राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन मंडलायुक्त को सौंपा

**अमृत विचार।** प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं, उनके साथ उत्पीड़न की सर्वाधिक घटनाएं हो रही हैं, देश भर में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों में 25 प्रतिशत उत्तर प्रदेश में होते हैं। ये आरोप लगाते हुए शहर कांग्रेस कमेटी की अगुवाई में बुधवार को कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन मंडलायुक्त को सौंपा।

प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर कांग्रेस की जिला, महानगर और नगर ग्रामीण इकाई ने प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था, महिला उत्पीड़न पर प्रदर्शन कर आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून की जगह जंगल राज स्थापित हो गया है। प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल राय ने आरोप लगाया कि जाति धर्म देखकर कानून का दुरुपयोग प्रदेश सरकार कर रही है। प्रदेश महासचिव प्रभारी प्रकाश प्रधान ने कहा कि कानून व्यवस्था ध्वस्त होने से प्रदेश में लूट, हत्या, बलात्कार, अपहरण फर्जी एनकाउंटर की घटनाएं बढ़ रही हैं। प्रदेश महासचिव हरप्रकाश अग्निहोत्री, नगर ग्रामीण अध्यक्ष अमित पाण्डेय, कन्नौज पूर्व अध्यक्ष विजय मिश्रा, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, आलोक मिश्रा, संत राम नीलांचल, नरेश कटियार, अमित पांडे, पवन गुप्ता, दिलीप शुक्ला, नरेश त्रिपाठी, ललित मोहन श्रीवास्तव, दिनेश पालीवाल शकुंतला गौतम, मलखान सिंह, अविनाश चंद दुबे, लल्लन अवस्थी, डीपी राठौर, रोहित कटियार, अनिल कटियार, प्रमोद शाक्य, मनीष बाजपेई, अनूप श्रीवास्तव, हरीश गुप्ता रहे।



भंडारे में प्रसाद बांटते समाचार पत्र वितरक। अमृत विचार

# पत्र विक्रेताओं ने किया भंडारा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** समाचार पत्र वितरक समाज कानपुर के संरक्षक श्रीशंकर मिश्रा के शिव ट्रेडर्स कोयला नगर में बुढ़वा मंगल के अवसर पर सुन्दरकांड एवं भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर जय शंकर मिश्रा, शिव प्रसाद मिश्रा, राजकुमार पाण्डेय, दिनेश पाण्डेय, राकेश शुक्ला, गोविंद पाण्डेय, हरि ओम पाण्डेय, आलोक वर्मा, पार्षद निर्देश सिंह चौहान, गुड्डू भाई, कुवर साहब तिवारी, आंशु भाई, रमाशंकर, वीरेंद्र मिश्रा, सूरज सिंह शिखरवार, गुनगुन पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# बिकरू कांड में पलट रहे पुलिसकर्मी

**अमृत विचार।** चर्चित बिकरू कांड में पुलिसकर्मी न्यायालय में अपने बयानों से पलट रहे हैं। इसको लेकर अधिवक्ता सौरभ भदौरिया ने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से शिकायत की। जिस पर पुलिस कमिश्नर ने जांच के आदेश दिए हैं। 2 जुलाई 2020 को बिकरू में कुख्यात गैंगस्टर विकास दुबे को पकड़ने गई पुलिस टीम पर विकास दुबे और उसके गुर्गों ने हमला कर दिया था। इस हमले में तत्कालीन सीओ बिल्हौर देवेंद्र कुमार मिश्रा समेत आठ पुलिसकर्मी बलिदान हो गए थे। मुख्य केस में 43 आरोपी चिह्नित हुए थे, जिसमें छह मुठभेड़ में मारे गए। अधिवक्ता सौरभ भदौरिया ने पुलिस को बताया कि बिकरू कांड में 40 पुलिसकर्मी गवाह है, 8 के बयान हो चुके हैं।

# नाबालिग से रेप में 20 साल कैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मेडिकल स्टोर संचालक की 14 वर्षीय बेटी को घर में अकेला पाकर रेप करने वाले पड़ोसी को एडीजे-22 की कोर्ट ने दोषी करार देते हुए 20 साल की सजा सुनाई। उस पर 70 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। वारदात के बाद किशोरी के पिता ने पनकी थाने में रेप, पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

पनकी थानाक्षेत्र निवासी युवक ने बताया कि 8 अगस्त 2023 वह और उनकी पत्नी अपने मेडिकल स्टोर पर थे, जबकि कक्षा 9 में पढ़ने वाली उनकी 14 वर्षीय बेटी व बेटा घर पर थे। दोपहर करीब 2 बजे घर से कुछ दूरी पर रहने वाला विनोद सिंह उर्फ मोनू परिहार गेट खुला देख घर में घुस आया और बेटी के साथ रेप किया। किशोरी के विरोध करने पर आरोपी ने उसके माता-पिता को जान से मारने की धमकी दी। डर के मारे किशोरी चुप रही। किशोरी के पिता ने बताया कि घटना के कुछ दिन बाद बेटी ने आप बीती बयां की। जिसके बाद उन्होंने आरोपी के खिलाफ पनकी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामला एडीजे-22 योगेश कुमार की कोर्ट में विचाराधीन था। कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 20 साल की कैद व 70 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

- एडीजे-22 की कोर्ट ने सुनाया फैसला, पनकी थानाक्षेत्र का मामला

### कल्याणपुर सीएचसी की डॉक्टर पर कार्रवाई के निर्देश

पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कल्याणपुर सीएचसी में तैनात डॉक्टर वर्षा सिंह ने किया था। डॉक्टर ने बताया कि घटना के करीब 9 दिन बाद पीड़िता मेडिकल को आई थी, जिसकी जांच में 10 सैंपल भेजे गए थे। बताया था कि परीक्षण में कुछ भी पता कर पाना संभव नहीं था, क्योंकि पीड़िता के शरीर में कोई भी चोट के निशान बाहरी तौर पर नहीं थे। कोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि पीड़िता की परीक्षण रिपोर्ट अधूरी, भ्रमित करने वाली व त्रुटिपूर्ण है, जो अत्यंत गंभीर विषय है। मेडिकल परीक्षण में प्राप्त परिणाम को प्रत्येक दशा में लिखा जाना अनिवार्य है, लेकिन डॉक्टर वर्षा ने ऐसा नहीं किया। जिससे स्पष्ट है कि डॉक्टर द्वारा अपने कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही बरती गई है। कोर्ट ने डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई करने निर्देश सीएमओ व चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव को दिए।

# इरफान को उम्र कैद देने के लिए अपील

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अपील हाईकोर्ट में दाखिल की, दो न्यायमूर्ति की खंडपीठ करेगी 24 को सुनवाई

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की 7 साल की सजा को उम्रकैद में तब्दील कराने के लिए प्रदेश सरकार ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में अपील दाखिल की है। अब प्रदेश सरकार की अपील के साथ इरफान सोलंकी से जुड़े सभी मामलों की सुनवाई न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह (प्रथम) की खंडपीठ के समक्ष 24 सितंबर को होगी।

डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आग लगाने के मामले में 8 नवंबर 2022 को पूर्व सपा विधायक इरफान सोलंकी, उसके भाई रिजवान, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ, शौकत अली, अनूप यादव, महबूब आलम, शमशुद्दीन उर्फ चच्चा आदि के खिलाफ जाजमऊ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मामले में इरफान सोलंकी, रिजवान, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ व शौकत अली के खिलाफ एमपीएमएलए सेशन कोर्ट के न्यायाधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी ने फैसला सुनाते हुए इरफान समेत पांचों आरोपियों को आईपीसी की धारा 147, 323,436, 427 व 506 में दोषी करार दिया था। 7 जून को कोर्ट ने इरफान, रिजवान समेत पांचों दोषियों को सात-सात साल की सजा सुनाई थी। फैसले के खिलाफ इरफान सोलंकी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। जिस पर हाईकोर्ट ने प्रदेश सरकार से जवाब मांगा था। डीजीसी दिलीप अवस्थी ने बताया कि हाईकोर्ट में प्रदेश सरकार की ओर से इरफान सोलंकी की सात साल की सजा को उम्रकैद में तब्दील करने की अपील दाखिल की गई है। दोनों पत्रावलियों को समायोजित कर सुनवाई की तिथि 24 सितंबर निर्धारित की।

# फर्जी दरोगा के खिलाफ चार और तहरीर आईं

**कल्याणपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में पकड़े गए फर्जी दरोगा के खिलाफ सुनार समेत चार अन्य लोगों ने रकम हड़पने और ठगी का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। सीटीएस निवासी चंदेश्वर कुमार से 15 लाख रुपये हड़पने के मामले में मंगलवार को पुलिस ने गूबा गार्डन में रहने वाले फर्जी दरोगा संजीव कुमार यादव को गिरफ्तार किया था। उसके फर्जी दरोगा होने की जानकारी होने पर बुधवार को थाने पहुंचे सुनार समेत चार अन्य लोगों ने संजीव पर धोखाधड़ी कर रकम हड़पने व धमकाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। इलाके में ज्वेलर्स शॉप चलाने वाले सुनार के अनुसार संजीव पर खरीदारी का 10 हजार रुपये बकाया है। रकम मांगने पर खुद को दरोगा बताने वाला संजीव उसे झूठे मुकदमे में फंसाकर उसे जेल भेजने की धमकी देकर शांत करा देता था। इस संबंध में कल्याणपुर इंस्पेक्टर सुधीर कुमार ने बताया कि आरोपों की जांच की जा रही है।



संजीव कुमार।

### पत्नी भी समझती थी असली दरोगा

फर्जी दरोगा संजीव यादव के घर दबिश देने पुलिस पहुंची तो उसकी पत्नी पति के दरोगा होने व वर्तमान में उन्नाव जीआरपी में तैनाती की बात कहकर पुलिस से उलझ गई। पुलिस के बताने पर कुछ ही देर में उसे पति के फर्जी दरोगा होने की जानकारी हो गई। वह संजीव पर खुद को दरोगा बताकर उसके घरवालों को गुमराह कर उससे शादी करने की बात कहने लगी।

### कोस्ट गार्ड की वर्दी भी मिली

छानबीन के दौरान घर से पुलिस के साथ मिली कोस्ट गार्ड की वर्दी के बारे में पूछने पर संजीव ने पुलिस को कोस्ट गार्ड की ट्रेनिंग लेने की जानकारी दी। कोस्ट गार्ड वर्दी का इस्तेमाल वह विशेष जगहों पर करता था। वर्दी पहने फर्जी आई कार्ड भी मिला है।

**कार्रवाई** भाजपा जिलाध्यक्ष व इलाकाई लोगों से हुई तीखी नोंकझोंक

# बुलडोजर के आगे लेटीं महिलाएं, दस्ता लौटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** साकेत नगर में जवाहर एजुकेशन सोसाइटी को आवंटित प्लॉट में बने पार्क को ढहाने के लिए बुधवार को केडीए की टीम कई थानों की फोर्स व पीएसी के साथ पहुंची। एडीएम सिटी, एसडीएम समेत अधिकारियों के साथ 3 जेसीबी लेकर पहुंची टीम इलाके के लोगों के जोरदार विरोध के कारण उल्टे पांव लौट गई। महिलाएं बुलडोजर के आगे लेट गईं। अधिकारियों की भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष, पार्षद के साथ तीखी नोंकझोंक हुई, जिसके बाद अधिकारी लौट गए।

साकेतनगर स्थित रेणुका वाटिका पार्क को लेकर लंबे समय से विवाद है। वादी आशीष शुक्ला ने बताया कि केडीए की ओर से जवाहर एजुकेशन सोसाइटी के लिए प्लॉट वर्ष 1984 में आवंटित हुआ था, जिसमें पार्क का निर्माण कर दिया गया। जिसको लेकर वर्षों तक केडीए से मुकदमा चला। केडीए जिला न्यायालय से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक मुकदमा हार गया। सुप्रीम कोर्ट ने केडीए को पार्क गिरा कर प्लॉट पर कब्जा दिलाने के निर्देश दिए थे। बुधवार दोपहर एक बजे केडीए सचिव अभय कुमार पांडे, ओएसडी ब्रजेन्द्र उपाध्याय, एसीएम राजेश कुमार, एसीपी अंजली विश्वकर्मा के नेतृत्व में तीन जेसीबी, फायर ब्रिगेड की गाड़ियां और कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंचा। जहां भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, भूपेश अवस्थी, पार्षद पति अवधेश त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी, दिनेश अवस्थी, हरीश खत्री, भारतीश मिश्रा, रवि पांडे, आनंद सिंह, दीपक जादौन, प्रकाश शुक्ला व काफी संख्या में महिलाएं इकट्ठा हो गईं। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर नोंकझोंक हुई। बुलडोजर पार्क की बाउंड्री गिराने पहुंचा तो महिलाएं बुलडोजर के आगे लेट गईं। सत्ता पक्ष के विरोध पर अधिकारी बैकफुट पर आ गए। लोगों ने विरोध करते हुए बताया कि पार्क में बड़े-बड़े वृक्ष हैं। पार्क में बना मंदिर आस्था का केंद्र है। दो घंटे से अधिक चले हंगामे के बाद अधिकारियों ने लोगों से पार्क का जायजा लेने की विनती की, लेकिन आक्रोशित लोगों ने अधिकारियों को एक कदम तक आगे बढ़ाने नहीं दिया। इसके बाद टीम बैरंग लौट गई।



केडीए के दस्ते का विरोध करते क्षेत्रीय लोग। अमृत विचार

# डॉक्टर व पुलिस अफसर आमने-सामने आए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नवाबगंज थानाक्षेत्र में स्थित एक अपार्टमेंट में पार्किंग को लेकर हुए विवाद में एक सेवानिवृत्त वरिष्ठ डॉक्टर और महिला पुलिस अधिकारी आमने-सामने आ गए। आईएमए ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की। नवाबगंज पुलिस ने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया।

नवाबगंज क्षेत्र में स्थित अपार्टमेंट में सेवानिवृत्त सरकारी वरिष्ठ डॉक्टर रहते हैं। उनके पास दो फ्लैट हैं। एक फ्लैट को पुलिस कमिश्नर ऑफिस में तैनात एक महिला पुलिस अधिकारी ने किराए पर ले लिया था। विवाद तब शुरू हुआ जब अपार्टमेंट के नीचे महिला पुलिस अधिकारी का लाव लश्कर खड़ा होने लगा और अधिकारी ने अपनी सरकारी गाड़ी अपार्टमेंट की पार्किंग के बजाय सामान्य आने जाने वाले रास्ते में पार्क करना शुरू कर दिया। इस बात को लेकर सेवानिवृत्त वरिष्ठ डॉक्टर ने आपत्ति दर्ज कराई। उसी बीच डॉक्टर की गाड़ी से एक छोटी सी दुर्घटना हो गई। सूत्रों ने बताया कि 9 सितंबर को नवाबगंज पुलिस ने डॉक्टर की गाड़ी उठाकर थाने में खड़ी कर ली। डॉक्टर ने आईएमए के पदाधिकारियों को इसकी जानकारी दी और कहा कि यह पुलिस अधिकारी का काम है। जिसके बाद आईएमए ग्रुप पर डॉक्टर की तरफ से अपील डालने का मैसेज चला। आईएमए के पदाधिकारी सक्रिय हुए और इस प्रकरण में पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से बात की। इस संबंध में पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने कहा कि स्टॉफ अफसर और डॉक्टर के बीच पार्किंग को लेकर कुछ विवाद हुआ था। मगर एक्सीडेंट की घटना सही है।

## सार-संक्षेप



बस्तियों के वालेंटियरों को सम्मानित किया गया।

### नुक्कड़ नाटक के जरिये दिया स्वच्छता का संदेश

**कानपुर।** एकजुट कनपुरिया की टीम ने गंगा, पांडु नदी और श्रमिक बस्तियों को स्वच्छ रखने में मददगार बस्तियों के वालेंटियरों को सम्मानित किया। पुराना कानपुर स्थित कंपोजिट कन्या विद्यालय में आयोजित स्वच्छ कानपुर, एकजुट कानपुर कार्यक्रम में नगर निगम के नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर, क्षेत्रीय स्वच्छता अधिकारी राम चौरसिया, परियोजना अधिकारी, नमामी गंगे शशांक शुक्ला के साथ डॉ. मनस उपाध्याय, कर्नल अनूप ओझा को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही नुक्कड़ नाटक और कूड़े से बनी वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में शामिल विधायक नीलिमा कटियार ने कहा कि मैं एकजुट कनपुरिया द्वारा किए गए प्रयासों और परिवर्तन, श्रमिक भारती और प्रजा की भी तारीफ करती हूं। श्रमिक भारती के कार्यक्रम प्रबंधक उत्कर्ष द्विवेदी ने कहा कि हमने गंगा किनारे रानी का बगीचा, मन्नीपुरवा, तोसाखाना में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के जरिये कूड़ा प्रबंधन की शुरुआत की। एकजुट के प्रतिनिधि कनिष्क ने कहा कि हम आगे भी नई बस्तियों में बदलाव के लिये कार्य करेंगे।

### एपी फैनी मामले में सलीम को उठाया

**कानपुर।** चुन्नीगंज स्थित एपी फैनी कम्पाउंड में अवैध रूप से जमीन खरीद के मामले में सलीम को पुलिस ने बुधवार देर रात पूछताछ के लिए उठाया। जिसे कर्नलगंज थाने में रखकर पूछताछ की जा रही है। इस मामले में लेखपाल विपिन कुमार ने कर्नलगंज थाने में पांच लोगों के खिलाफ कम्पाउंड की जमीन को फर्जी दस्तावेज बनाकर बेचने की एफआईआर दर्ज कराई थी। इसी मामले में पुलिस ने सलीम नाम के एक व्यक्ति को तलाक महल से उठाया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस व्यक्ति को एपी फैनी कम्पाउंड के बारे में काफी जानकारियां होने की बात सामने आई है। इसी को लेकर पूछताछ करने के लिए पुलिस ने उसे उठाया है।

### डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने हासिल की उपलब्धि

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज (सीएसजेएम) विश्वविद्यालय कानपुर में जीवन विज्ञान विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राकेश कुमार शर्मा को स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय की हाल ही में जारी सूची में दुनिया के शीर्ष 2 फीसदी सबसे प्रभावशाली वैज्ञानिकों की सूची में शामिल गया किया है। डॉ. शर्मा को जैव प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विशेष रूप से माइक्रोबायोलॉजी की सब कैटेगरी में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए स्वीकार किया गया है। कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने उन्हें बधाई दी। कहा कि यह पूरे विवि के लिए गौरव का क्षण है।



डॉ. राकेश कुमार शर्मा।

### आयुध निर्माणी में स्वच्छता पखवाड़ा

**कानपुर।** आयुध निर्माणी में बुधवार को स्वच्छता पखवाड़े की शुरुआत हुई। यह आयोजन 1 अक्टूबर तक आयुध निर्माणी कानपुर के सभी विभागों में चलेगा। कार्यक्रम की शुरुआत आयुध निर्माणी कानपुर के कार्यकारी निर्देशक आलोक कुमार ने की। उन्होंने सभी वरिष्ठ अधिकारियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। कहा कि वृक्षारोपण एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में संदीप कन्हाई, आरके सिंह, ज्योति त्रिवेदी, योगेंद्र कुमार, धर्मेंद्र सिंह, सुधीर यादव, सौरभ मिश्रा आदि के साथ अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### पंडाल कारीगर की मौत

**कानपुर।** नौबस्ता थानाक्षेत्र में पश्चिम बंगाल के पुरवा रानाघाट थाना मथुरापुरा निवासी 42 वर्षीय प्रदीप हलधर वृंदावन लॉन में पंडाल बांधने का काम करता था। उसके चाचा पिंटू ने बताया कि 1 माह पहले 100 से अधिक पंडाल कारीगर शहर आए थे। बताया कि मंगलवार रात में सब लोग खाना खाकर सो गए थे। बुधवार सुबह प्रदीप हलधर नहीं उठा तो देखा गया। पता चला कि उसकी मौत हो चुकी थी। उसकी पत्नी रेवती और तीन बेटियां हैं।

### पुलिस पर साइबर ठग को छोड़ने का आरोप

**कानपुर।** चकेरी पुलिस ने एक साइबर ठग को पकड़ा लेकिन पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया। जबकि आरोपी ने खुद ही लोगों के आधार और पैन का उपयोग कर रकम निकालने की बात स्वीकार की थी। कोयला नगर निवासी विवेक गुप्ता के अनुसार उन्हें बैंक से पता चला कि उनका सीबिल खराब हो गया है। जबकि उन्होंने कभी किसी प्रकार का लोन तक नहीं लिया। फिर बाद में जानकारी हुई कि किसी ने उनके आधार कार्ड का उपयोग कर दो हजार का लोन लिया है। जो अब किस्त न जमा होने पर 24 हजार का हो गया। इसके बाद उन्होंने चकेरी थाने में शिकायत की थी।

### तमंचे के बल पर युवक से लूट

**कानपुर।** नौबस्ता थानाक्षेत्र में बाइक सवार लुटेरों ने युवक से तमंचे के बल पर 17 हजार रुपये व एटीएम कार्ड लूट लिया। अगले दिन आरोपियों ने खाते में पड़े करीब 2500 रुपये निकाल लिए। दहशतजदा पीड़ित ने 16 दिन बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने कहा जांच की जा रही है।

## एक नजर

### छेड़खानी कर शादी का दबाव बनाने का आरोप

**कानपुर।** कैंट थानाक्षेत्र में एक विधवा महिला ने अपने देवर पर छेड़खानी कर शादी करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कैंट निवासी महिला के अनुसार उनका देवर परिवार के साथ इलाके में ही रहता है। पीड़िता ने बताया कि पति की मौत के बाद से ही देवर उनसे छेड़खानी करने लगा। साथ ही बच्चों को छोड़कर शादी करने का दबाव बना रहा है। जिसका विरोध करने पर 17 सितंबर आरोपी देवर अपने बेटे के साथ उनके घर आया और गालीगलौज कर ईंट पत्थर चलाए जिससे वे घायल हो गईं। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कमलेश राय ने बताया कि मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### दीक्षांत समारोह में 84 मेधावियों को मिलेगा पदक

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में 28 सितंबर को 39वां दीक्षांत समारोह आयोजित होगा, जिसमे प्रदान किए जाने वाले 84 पदकों के मेधावियों की अनंतिम सूची जारी करते 15 सितंबर तक आपत्तियां आमंत्रित की गई थीं। 15 सितंबर तक प्राप्त आपत्तियों के निस्तारण के बाद दीक्षांत समारोह में प्रदान किए जाने वाले पदकों के मेधावियों की अंतिम सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई है, जिनमे 21 छात्र-छात्राओं को कुलाधिपति स्वर्ण पदक, 11 छात्र-छात्राओं को कुलपति स्वर्ण पदक और 52 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा।

### फर्जीवाड़े के आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज

**कानपुर।** सीएसजेएमयू में अंक तालिकाओं में फर्जीवाड़ा कर फेल को पास कराने के तीन आरोपियों की जमानत याचिका एडीजे-23 की कोर्ट ने खारिज कर दी। एडीजीसी अजय प्रकाश सिंह ने बताया कि जेल भेजे गए आरोपियों में से सौरभ शर्मा, आशीष राय, घनश्याम गौर की ओर से जमानत अर्जी दाखिल की गई थी। जिसे एडीजे-23 कीर्ति कुणाल ने खारिज कर दिया। साथ ही नेहाल की ओर से दाखिल की गई अग्रिम जमानत याचिका भी कोर्ट ने खारिज की।

### दुकानदार को पीटा, की तोड़फोड़

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में नशेबाजी का विरोध करने पर आरोपियों ने दुकानदार को मारापीटा। आरोप है कि आरोपियों ने उसकी दुकान में तोड़फोड़ कर हजारों का नुकसान कर दिया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। चकेरी गांव निवासी रामरतन के अनुसार उनकी चुंगी के पास परचून की दुकान है। राम रतन ने बताया कि मंगलवार की देर शाम को तीन युवक नशे की हालत में आए और दुकान पर खड़े होकर सिगरेट पीने लगे। तीन काफी गाली गलौज कर रहे थे। जिस पर उन्होंने विरोध किया तो आरोपियों ने उनसे मारपीट की। आरोप है, कि आरोपियों ने दुकान में घुसकर तोड़फोड़ भी की है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### युवक को लाठी से पीटा

**कानपुर।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में मेला देखने गए युवक को विवाद के चलते आरोपियों ने लाठी डंडों से मारापीटा। पीड़ित की मां ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। सिद्धनाथ घाट निवासी केसर बानो के अनुसार 15 सितंबर को बारावफात का मेला देखने पुरानी चुंगी गया था। जहां पर उसका साहिल, शकील और कन्नू से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद आरोपियों ने उसे लाठी डंडों से पीटा।

# जश्ने चिरागां पर तमाशा नाजायज, तौबा करें

- जाजमऊ की एक तंजीम पर मुकद्दस रात में प्रतीकात्मक शैतान खबीस बनाकर तमाशा करने का आरोप
- शहर काजी डॉ. मुफ्ती यूनुस रजा ओवैसी ने कहा कि तमाशे में जिनका हाथ और जिन्होंने देखा सब करें तौबा

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

**अमृत विचार:** पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्म दिन पर जश्ने चिरागां की रात जाजमऊ में कुछ लोगों ने प्रतीकात्मक शैतान खबीस बनाकर तमाशा किया। यह काम बिल्कुल नाजायज है। इसके पीछे जिन लोगों का हाथ था, सबको तौबा करनी चाहिए। जो लोग यह तमाशा देखकर खुश हुए हैं, उन पर भी तौबा लाजिम है। यह बात बुधवार को शहर काजी डॉ. मुफ्ती यूनुस रजा ओवैसी ने कही।

बेकनगंज में अंजुमन नूर मोहम्मद की जानिब से सर सैयद लाइब्रेरी के सामने शहरकाजी ने जलसे को खिताब करते हुए कहा कि जुलूस ए मोहम्मदी दीन ए इस्लाम का अजीम जुलूस और बड़ा त्योहार है। सारे त्योहारों की असल यही है। इसके बावजूद जाजमऊ की एक तंजीम ने शैताब खबीस बनाकर तमाशा करके इस मुकद्दस रात को पामाल (नष्ट) किया।


बेकनगंज में जलसे को खिताब करते उलेमा। अमृत विचार

शहरकाजी ने कहा कि ऐसे लोग इस्लाम से खारिज तो नहीं होंगे, लेकिन जिन लोगों ने ये गुनाह किया है, उनमें अल्लाह का खौफ होगा तो तौबा जरुर करेंगे। शहरकाजी ने कहा कि माहे नूर की बारहवीं रात रोशनी की रात है जिस में कानपुर और आसपास सजावटें काबिल ए दीदार होती हैं, पूरा शहर तंजीमों की रोशनी और सजावट में नहाता है और ईद ए मीलाद की खुशियां होती हैं। शहरकाजी के मीडिया प्रवक्ता शमशुल कमर रहमानी एवं सूफी लाल मोहम्मद कादरी ने बताया कि शहरकाजी ने सारी तंजीमों को ऐसी हरकतों से बचने की हिदायत दी है।

### जुलूस-ए-मोहम्मदी में जमीअत की कयादत मंजूर नहीं



शहरकाजी डॉ. मुफ्ती यूनुस रजा ओवैसी ने जलसे में कहा कि देवबंदी मौलाना इकबाल कासमी के बयान का वीडियो हर साल घूमता है, जिन्होंने जुलूस-ए-मोहम्मदी के बारे में जो कुछ कहा है कि उससे साफ है कि इस जुलूस से जमीअत का कुछ लेना देना नहीं है। जुलूस की कयादत करने का दावा जमीअत उलमा करती है, लेकिन सच्चाई ये है कि एक वर्ग ने जमीअत की कयादत कभी स्वीकार नहीं की है।


शैतान खबीस को प्रतीक रूप में दिखाया गया। अमृत विचार

# दुबई एडवेंचर स्पोर्ट्स के लिए दोगुना हुआ निर्यात

## बांग्लादेश के कैंसिल हुए ऑर्डर मिलने से निर्यातकों में खुशी

**चमका लेदर कारोबार**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बांग्लादेश में अस्थिरता के माहौल से दुबई एडवेंचर स्पोर्ट्स के लिए लेदर उत्पादों के आर्डर शहर के निर्यातकों की झोली में आ गिरे हैं। स्थानीय लेदर कारोबारियों को अभी तक दुबई में होने वाले इस सीजनल आयोजन के औसतन 125 करोड़ रुपये के आर्डर मिलते थे, लेकिन इस बार आंकड़ा 270 करोड़ तक पहुंच गया है।

दुबई एडवेंचर स्पोर्ट्स में कार रेस के लिए शहर में दोगुने ऑर्डर आए हैं। कारोबारी इसकी वजह बांग्लादेश से ऑर्डर कैंसिल होना बता रहे हैं। सर्दियों में दुबई का पर्यटन सीजन



**125** से 270 करोड़ पहुंची सेफ्टी गल्ब्स, शूज, बेल्ट, हैंड स्लीक, सोडर आदि की मांग

शुरू होता है। इस दौरान वहां 'एडवेंचर स्पोर्टस' में सैलानी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। एडवेंचर स्पोर्ट्स के लिए औसतन शहर से 125 करोड़ के सेफ्टी गल्ब्स, सेफ्टी शूज, सिक्योरिटी बेल्ट, हैंड स्लीक, सोडर, लेग गार्ड और एप्रेन जैसे उत्पाद जाते हैं। लेकिन इस बार ठीक सीजन से पहले इन ऑर्डर की राशि 270 करोड़ तक पहुंच गई है। सना इंटरनेशनल एक्जिम के एमडी डॉ. जफर नफीस ने बताया कि बांग्लादेश में अस्थिरता की वजह से ऐन वक्त पर वहां के ऑर्डर शहर आ रहे हैं। ऐसे में समय पर ऑर्डर पूरा करने का दबाव है। आमतौर पर सीजन का ऑर्डर कारोबारी पहले ही रवाना कर देते हैं। लेकिन बांग्लादेश में तैयार उत्पाद रवाना नहीं हो पाने से यह स्थिति बनी है। एचएन लेदर के निदेशक मोहम्मद हसीमुद्दीन ने बताया कि फिलहाल बांग्लादेश के ऑर्डर कई देशों में जा रहे हैं। संभव है कि माल सस्ता होने के कारण ये ऑर्डर भविष्य में दोबारा बांग्लादेश लौट जाएं। ऐसे में शहर के लेदर कारोबारी बेहतर क्वालिटी कम रेट पर ऑफर कर रहे हैं।

# ऑल टाइम हाई से फिसला बाजार, निवेशकों को चपत

- बैंकिंग सेक्टर चमका, आईटी सेक्टर पर आई आफत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पिछले 4 कारोबारी सत्रों में 3 दिन नए हाई का रिकॉर्ड बना चुका शेयर बाजार बुधवार को नया रिकॉर्ड बनाने के बाद फिसल गया। अर्थ विशेषज्ञ राजीव सिंह के अनुसार इस गिरावट से शहर के निवेशकों के पोर्टफोलियो में 450 करोड़ रुपये की कमी का अनुमान लगाया गया है। सेंसेक्स 131 अंक नीचे गिरकर 82,948 पर बंद हुआ तो निफ्टी 41 अंक नीचे जाकर 25,377 के स्तर पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स ने 83,326 और निफ्टी ने 25,482 अंक का नया ऑलटाइम हाई बनाया। इस दौरान जहां बैंकिंग सेक्टर चमका, वहीं आईटी सेक्टर आफत से जूझता नजर आया।


राजीव सिंह।

शेयर बाजार में बुधवार को गिरावट अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के नतीजों से पहले आई। अमेरिकी बैंक अगर ब्याज दरों में कटौती करता है तो आने वाले कारोबारी सत्रों में बाजार में तेज उछाल देखने को मिल सकता है। दुनिया भर के निवेशकों की निगाहें अमेरिकी फेड की तरफ हैं, क्या कोरोना महामारी के बाद पहली बार ब्याज दरों में कटौती होगी? हालांकि भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछली आठ बार से रेपो रेट में कोई कमी नहीं की है। कोरोना महामारी के दौरान 27 मार्च 2020 को रेपो रेट 5.15 से घटाकर 4.40 प्रतिशत फिर 22 मई 2020 को 4 प्रतिशत कर दी गई थी। इसके बाद 8 जून 2022 को रेपो रेट में बदलाव हुआ था और इसे बढाकर 4.90 प्रतिशत किया गया। 5 अगस्त 2022 को बढ़ाकर 5.40 प्रतिशत, 30 सितंबर 2022 को 5.90 प्रतिशत, 7 दिसंबर 2022 को 6.25 प्रतिशत और 8 फरवरी 2023 को 6.50 प्रतिशत किया गया था।

## सार-संक्षेप

### वृद्धजनों ने सुनी राजा परीक्षित की कथा

**कानपुर।** वृद्धा आश्रम दामोदरनगर में बुधवार को सत्संग रस अमृत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वृंदावन से आए हित लता सहचारी ने आश्रम में मौजूद वृद्धजनों को धार्मिक कथाएं, भागवत गीता व श्रीमद्भागवत के प्रसंग सुनाए। अपराध मुक्त सामाजिक चिकित्सा समिति व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से वृद्धा आश्रम में सत्संग रस अमृत का आयोजन हुआ। हित लता सहचारी ने धार्मिक कथाएं, भागवत गीता व श्रीमद्भागवत के प्रसंगों का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि राजा परीक्षित ने भागवत सुनकर मृत्यु को भी पीछे छोड़ दिया था। उन्होंने कहा कि भागवत को सुनने का अधिकार मनुष्यों को देवताओं से ज्यादा है। कलयुग में परमात्मा को प्राप्त करने का यह अचूक हथियार है। इस मौके पर वृद्धा आश्रम प्रबंधन के अनूप जायसवाल, सुमन वर्मा, ऋषभ मिश्रा, योगेश बाजपेई व आश्रम के 82 पुरुष व 27 महिलाएं रहीं। भागवत के बाद प्रसाद वितरण हुआ।



प्रवचन देतीं हित लता सहचारी।


दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत करतीं करतीं महिला कल्याण एवं बाल विकास राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला व कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य। अमृत विचार

### बच्चों के भोजन पर जागरूक रहें माताएं

**कानपुर।** सही पोषण ही बेहतर स्वास्थ्य का सूत्र है। बच्चा हमेशा स्वस्थ रहे इसके लिए यह जरूरी है कि माताओं को भी पोषण वाले भोजन की खास जानकारी हो। माताओं को बच्चों के भोजन पर खास निगरानी रखनी चाहिए। ये बातें महिला कल्याण बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने बीएनएसडी शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज में आयोजित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की गोष्ठी में कहीं। उन्होंने कहा कि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए माताओं को जागरूक होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह के आयोजन के लिए सभी बधाई के पात्र हैं। समारोह के दौरान राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, सांसद रमेश अवस्थी, विधायक नीलिमा कटियार, सरोज कुरील ने भी विचार रखे। कार्यक्रम में रेसिपी प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में 60 तरह की अलग-अलग रेसिपी तैयार की गई। बाल विकास परियोजना बिधनू की ओर से स्मार्ट आंगनबाडी केन्द्र का स्वरूप भी प्रस्तुत किया गया। 24 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को सम्मानित किया गया।

### स्कूली बच्चों को लगेगा डिप्थीरिया व टांसिल का टीका

**कानपुर।** डिप्थीरिया (गलघोंटू) की रोकथाम व बचाव के लिए स्कूल जाने वाले बच्चों को 26 सितम्बर से डिप्थीरिया-पर्ट्यूसिस-टिटनेस (डीपीटी) व टिटनेस-डिप्थीरिया (टीडी) का टीका लगाया जाएगा। यह अभियान 7 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान के लिए बुधवार को सीएमओ कार्यालय में स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में एसीएमओ व जिला प्रतिरक्षण अधिकारी (डीआईओ) डॉ यूबी सिंह ने बताया कि प्रदेश के कुछ जिलों में डिप्थीरिया बीमारी के मामले प्रकाश में आने के कारण मुख्यमंत्री की पहल पर शासन ने टीकाकरण के निर्देश दिए हैं।

### 80 शिक्षकों का हुआ सम्मान

**कानपुर।** कानपुर विश्वविद्यालय सेवानिवृत्त शिक्षक संघ की ओर से बुधवार को शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। 80 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। समारोह में वक्ताओं ने शिक्षकों को समाज का पथ प्रदर्शक बताया। मुख्य अतिथि श्रमायुक्त मार्कण्डेय शाही ने कहा कि योग्य शिक्षक वही है जो आगे भी अपना कार्य करना जारी रखे। मुख्य संरक्षक डॉ डीएन रायजादा, प्रति कुलपति प्रो सुधीर कुमार अवस्थी डॉ गिरिजेश लाल श्रीवास्तव डॉ रेनू निगम डॉ संजय स्वर्णकार आदि मौजूद थे।

# रोजगार मेले में आए 195 युवाओं को मिली नौकरी

- सीएसजेएमयू की ओर से वीएसएसडी कॉलेज में लगाया गया रोजगार मेला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू की ओर से बुधवार को वीएसएसडी कॉलेज में रोजगार मेला आयोजित किया गया। मेले में 195 युवाओं को रोजगार हासिल हुआ। आयोजन के दौरान 400 से अधिक रोजगार अवसर के लिए 1100 से अधिक युवाओं ने निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों को साक्षात्कार दिया। इस दौरान कई युवा ऐसे भी रहे जिन्होंने पंजीकरण कराने के बावजूद किसी भी कंपनी के प्रतिनिधियों को साक्षात्कार नहीं दिया।

विश्वविद्यालय प्लेसमेन्ट सेल की ओर से लगाए गए रोजगार मेले में एलएंडटी फाइनेंस, जना फाइनेंस, आदित्य बिरला सहित अन्य निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों के युवाओं को परखा। मेले की शुरुआत निदेशक सीडीसी प्रोफेसर आरके द्विवेदी ने की। इस दौरान डॉ प्रशांत त्रिवेदी व डॉ अजय तिवारी, व वीएसएसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ विपिन कौशिक भी मौजूद रहे। इस दौरान प्रोफेसर आरके द्विवेदी ने छात्रों से कहा कि विश्वविद्यालय प्लेसमेंट सेल हर छात्र-छात्रा को प्लेसमेंट के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। समय-समय पर संबद्ध कॉलेजों में जॉब फेयर्स का आयोजन करता रहेगा। प्लेसमेंट सिर्फ एमबीए व बीटेक तक सीमित न रहकर हर छात्र-छात्रा तक पहुंचेगा। डॉ प्रशांत त्रिवेदी ने कहा की छात्र-छात्राओं को आज या तो सफलता मिलेगी या फिर अनुभव जिसका वह आगे अन्य अवसर में भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

# क्षमा मांगना और करना वीरों का काम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मनुष्य को प्रेम, भाईचारा, सदाचार, परोपकार और त्याग के साथ क्षमा का दान देना अति महत्वपूर्ण है। जाने व अनजाने में हुई गलतियों पर क्षमा याचना करने पर क्षमा करने वाले को व्यक्ति को वीर व पराक्रमी कहा गया है। आनंदपुरी स्थित दिगंबर जैन मंदिर में बुधवार को पर्युषण पर उत्तम क्षमा वाणी पर्व पर आचार्यों ने कही। इसके बाद लोगों ने एक दूसरे के पैर छूकर माफी मांगी।

दिगंबर जैन मंदिर में पर्युषण पर्व (दस लक्षण धर्म) पर बुधवार को उत्तम क्षमा वाणी पर्व मनाया गया। मंदिर में सुबह भगवान आदिनाथ, शांतिनाथ और पार्श्वनाथ का अभिषेक और शांतिधारा हुई। इसके बाद अनिल जैन ने बताया कि क्षमा मांगना और क्षमा करना वीरों का काम है। इसके लिए बहुत बड़ा हृदय होना चाहिए। पूजन के बाद समाज के लोगों ने गले मिलकर, एक दूसरे के पैर छूकर जाने-अनजाने में हुई गलतियों के लिए क्षमा मांगा।


प्रभु का अभिषेक किया गया। अमृत विचार

इस मौके पर दस दिनों से लगातार उपवास करने वाले समाज के लोगों को सम्मानित भी किया गया। आचार्यों ने कहा कि क्षमा वाणी पर्व के दिन लोग एक दूसरे से अपनी गलतियों की क्षमा मांगकर मन में उपजी कटुता को समाप्त कर देते हैं। इस दिन क्षमा मांगने पर क्रोध नष्ट हो जाता है। अपने कृत्य को दोबारा न दोहराने की भावना के मकसद से क्षमा वाणी पर्व मनाया जाता है। क्षमा दान से राग और द्वेष का अंत हो जाता है।

इस मौके पर राजेश जैन, राज कुमार, अंजुल जैन, कुशाग्र जैन, सलोनी जैन, सुचिता जैन, पूनम जैन व शील चंद, पदम चंद, महेंद्र कटारिया, डॉ. अनूप जैन, संजीव जैन, विवेक जैन, अनूप जैन, द्रोपदी जैन, पुष्पा जैन, मीरा जैन आदि रहीं।

**व्यवस्था** | डीसीपी ट्रैफिक ने ग्रीनपार्क के पास यातायात व्यवस्था का किया निरीक्षण

# टेस्ट मैच में वाहन पार्किंग के लिए 20 स्थान चिन्हित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**27** सितंबर से शुरु होगा भारत-बांग्लादेश टेस्ट

**22** सितंबर तक तय हो जाएगी स्टेडियम की फाइनल दर्शक क्षमता

**24** सितंबर को दोनों टीमें चार्टर्ड प्लेन से आएंगी शहर

**अमृत विचार।** 27 सितंबर से भारत व बांग्लादेश के बीच शुरू होने वाले टेस्ट मैच को लेकर जाम व पार्किंग व्यवस्था में खलल पैदा न हो, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने मैराथन बैठक की। डीसीपी ट्रैफिक ने ग्रीनपार्क व अन्य स्थानों पर सुरक्षा, यातायात व्यवस्था का जायजा लेकर पार्किंग प्लान तैयार किया। ट्रैफिक पुलिस ने करीब 20 स्थान वाहनों की पार्किंग के लिए चिन्हित किए हैं।

डीसीपी ट्रैफिक रविंद्र कुमार ने बुधवार को ग्रीनपार्क में प्रवेश व निकास के रास्तों, मैच देखने के दौरान ग्रीनपार्क आने वाले दशकों के रूट समेत अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एडीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह, एसीपी ट्रैफिक सृष्टि सिंह व टीआई सेंट्रल मनोज कुमार सिंह को दिशा निर्देश दिए। डीसीपी ट्रैफिक ने सख्त हिदायत दी कि मैच के दौरान शहर में जाम की स्थिति न होने पाए, इस प्रकार से रूट डायवर्जन प्लान तैयार किया जाए। साथ ही ग्रीनपार्क आने वाले दर्शकों को वाहन खड़े करने में भी समस्या नहीं आनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लगभग 20 स्थान पार्किंग के लिए चिन्हित किए हैं, जल्द ही इन स्थानों पर मुहर लगाई जाएगी। पासधारक वाहनों की पार्किंग ग्रीनपार्क मैदान के अंदर होगी।


वाहनों की पार्किंग के लिए स्थलों का निरीक्षण करते डीसीपी ट्रैफिक। अमृत विचार

### यहां वाहनों की पार्किंग

- बाबा घाट के सड़क के दोनों ओर मीडिया पार्किंग
- फूलबाग से आने वाले वाहन डीएवी गैस गोदाम व डीएवी कॉलेज मैदान
- लाल इमली के चार बंगलिया में पार्किंग
- मकराबर्टगंज फुटबाल मैदान, अस्पताल ग्राउंड पर
- लाल इमली पर सड़क पर दोनों ओर, जीआईसी पार्किंग
- हडर्ड स्कूल व सिल्वर्टन तिराहे के बीच रोड के दोनो ओर
- टैफ्को गेस्ट हाउस का मैदान
- टैफ्को आवासीय पार्किंग मैदान
- मिलन गेस्ट हाउस के सामने बने मैदान में
- टैफ्को जीएम आवास का मैदान
- परमट वक्कल पार्किंग
- परमट मंदिर मुख्य गेट से पार्किंग स्थल तक सड़क के दोनों ओर


# बढ़ेगी सी-बालकनी स्टाल की दर्शक क्षमता, विशेष टीम करेगी काम

- एचबीटीयू ने यूपीसीए को दी जांच रिपोर्ट, 30 प्रतिशत क्षमता बढ़ाने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारत-बांग्लादेश टेस्ट मैच के लिए ग्रीनपार्क स्टेडियम की फाइनल दर्शक क्षमता 22 सितंबर तक तय हो जाएगी। स्टेडियम की सी-बालकनी व स्टाल की भार क्षमता की जांच रिपोर्ट एचबीटीयू टीम ने बुधवार को यूपीसीए को सौंप दी है। एचबीटीयू की रिपोर्ट के अनुसार करीब 30 प्रतिशत क्षमता बढ़ेगी, इसके लिए यूपीसीए विशेष टीम का सहयोग लेगी। अत्याधुनिक उपकरण की मदद से गुरुवार से स्टेडियम में सी-बालकनी और स्टाल का मरम्मत काम शुरू हो जाएगा।

यूपीसीए के प्रेम मनोहर गुप्ता के अनुसार एचबीटीयू की ओर से दी गई रिपोर्ट में चिह्नित किए गए लगभग 50 स्थान की मरम्मत विशेषज्ञों की निगरानी में किया जाएगा। इसमें विशेष और आधुनिक उपकरणों की मदद से दरारें भरी जाएंगी।



**टीमों का प्रैक्टिस शेड्यूल जारी:** भारत-बांग्लादेश टेस्ट मैच के लिए दोनों टीमों का प्रैक्टिस शेड्यूल जारी हो गया है। वेन्यू डायरेक्टर डॉ. संजय कपूर ने बताया कि बीसीसीआई की ओर से जारी किए गए शेड्यूल के अनुसार 24 सितंबर को दोनों टीमें चार्टर प्लेन से आएंगी। 25 सितंबर को सुबह 9.30 से 12.30 बजे तक बांग्लादेश टीम अभ्यास करेगी। टीम इंडिया दोपहर 1.30 से 4.30 बजे तक प्रैक्टिस कर खुद को तैयार करेगी। 26 सितंबर को सुबह 9.30 से 12.30 बजे तक टीम इंडिया व दोपहर 1.30 से 4.30 तक बांग्लादेश टीम का अभ्यास होगा। 27 सितंबर से टेस्ट मैच खेला जाएगा।

### ग्रीनपार्क पर 120 सीसीटीवी कैमरों से नजर

- सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने ग्रीनपार्क स्टेडियम में निरीक्षण किया। पुलिस कमिश्नर ने कहा ग्रीनपार्क 120 सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगा। ड्रोन से भी नजर रखी जाएगी। उन्होंने पुलिस कंट्रोल रूम का भी शुभारंभ किया। उधर, मंडलायुक्त अमित गुप्ता ने भी अलग-अलग विभागों को जिम्मेदारी सौंपी है।

# गंगा का जलस्तर बढ़ा, अकबरपुर सेंग गांव में घुसा पानी

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार:** लगातार तेज मूसलाधार बारिश के बाद तहसील क्षेत्र के गंगा कटरी गांवों में अब बाढ़ जैसे हालात नजर आ रहे हैं। तहसील क्षेत्र के कई गांव गंगा की बाढ़ की चपेट में आ गए हैं, जिससे ग्रामीणों की मुसीबत बढ़ गई है। अकबरपुर सेंग गांव में गंगा की बाढ़ का पानी घरों तक पहुंच गया है, जिससे गांव के लोग घर से निकल नहीं पा रहे हैं। गांव के चारों तरफ गंगा का पानी नजर आ रहा है।

तहसील क्षेत्र के दनपुर आहार, दादरपुर कटहा जैसे गांव नाले से जुड़े हैं। कई वर्षों से स्थानीय ग्रामीण नाला निर्माण के साथ एक बांध की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी सुनवाई आज तक नहीं हुई। इसके कारण गंगा का जलस्तर बढ़ने के

- अकबरपुर सेंग, नानामऊ और महिगवां समेत कई गांवों तक पहुंचा गंगा नदी का पानी

बाद लगातार ग्रामीणों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अभी तक प्रशासन की ओर से किसी अधिकारी ने ग्रामीण की समस्याओं को देखा तक नहीं है। जलस्तर नहीं घटा तो स्थानीय लोगों की परेशानी और बढ़ जाएगी।

अनेई ग्राम पंचायत के मजरे नंदा निवादा में लगातार बारिश के चलते पानी लोगों के घरों में जा घुसा है। लोग गंदे पानी के बीच रहकर रोजमर्रा के कामकाज कर रहे हैं। दो दिन पहले अमृत विचार ने इस समस्या को प्रमुखता से उठाया था, इसके बाद भी ग्रामीणों की समस्या पर किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने सुधि नहीं ली है।


नंदा निवादा गांव में भरा बाढ़ का पानी।


अकबरपुर सेंग पहुंचा गंगा का पानी।


गंगा की बाढ़ से कटान तेज हो गई है।



हालामऊ विद्यालय में जलभराव।

### लखनऊ-इटावा राजमार्ग पर पांडु नदी का पुल धंसा

लखनऊ-इटावा राजमार्ग पर ककवन की देहात की सीमा पर बने पाण्डु नदी का पुल तेज बारिश के चलते क्षतिग्रस्त हो गया है। लगातार बारिश के चलते कई वर्ष पहले पुल धंस गया था, लेकिन इस बार पुल के किनारे पर मिट्टी का धंस जाने से बड़े हादसे का अंदेशा है। लोक निर्माण विभाग के जेई मनोज कुमार पटेल ने बताया की पुल धसने की जानकारी हुई है, जल्द ही पुल की मरम्मत कराई जाएगी।

### हालामऊ के प्राइमरी विद्यालय में भीषण जलभराव

मंगलवार रात से तेज मूसलाधार बारिश से कई विद्यालयों में जलभराव हो गया है, जिसके कारण विद्यालय में शिक्षण कार्य प्रभावित है। हालामऊ प्राथमिक विद्यालय परिसर में कई फीट पानी भरा है, जिससे बच्चे पानी में घुसकर विद्यालय जा रहे थे। हालांकि जिलाधिकारी आरके सिंह ने जलभराव वाले सभी विद्यालयों में अवकाश की घोषणा कर दी है, लेकिन समस्या से निपटने को कोई कदम नहीं उठाए गए।


बस के ऊपर पेड़ गिरने से यात्री सहम गए। अमृत विचार

## बस के ऊपर गिरा पेड़, यात्री बचे

संवाददाता, पतारा

**अमृत विचार:** नंदना चौकी क्षेत्र के नरेला गांव की मुख्य सड़क पर सवारियों से भरी एक बस पर पेड़ गिर गया, जिससे बस यात्रियों में हड़कंप मच गया। हादसे में बस क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि यात्रियों को कोई चोट नहीं लगी।

घाटमपुर-गजनेर रोड पर मंगलवार रात 9 बजे बीपीएल कंपनी की निजी बस लगभाग 25 सवारियों को लेकर घर छोड़ने जा रही थी, तभी तेज बारिश के चलते एक पेड़ बस के ऊपर गिर गया। पेड़ बस को छूते हुए हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया। गनीमत रही कि उस समय हाईटेंशन लाइन में करंट नहीं था, जिसकी वजह से बड़ा हादसा टल गया। चौकी प्रभारी अरविंद मिश्रा ने टीम के साथ पेड़ हटवाकर सड़क का जाम खुलवाया।

# बारिश से घर गिरे, दो महिलाओं की मौत

## साढ़ और बिठूर क्षेत्र में मंगलवार रात हुए हादसे, लगातार बारिश से कच्चे घरों की छत भरभरा कर ढही

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** साढ़ और बिठूर थाना क्षेत्र में मंगलवार रात लगातार बारिश से दो कच्चे घरों की छत ढह गई, जिससे मलबे में दबकर दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। दोनों हादसों की सूचना पर पुलिस पहुंची और ग्रामीणों की मदद से मलबा हटाकर लोगों को बाहर निकाला।

साढ़ थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में मंगलवार रात लगातार बारिश हो रही थी। कच्चे घर की छत ढहने से यहां सो रही बृजलाल की 70 वर्षीया पत्नी चन्द्रकली की मलबे में दबने से मौत हो गई। उसके पुत्र जगन्नाथ ने बताया कि मां चन्द्रकली मंगलवार शाम को खाना खाने के बाद सामने वाले घर में सोने गई थीं। वहीं पर दो बाइकें भी खड़ी थीं। आधी रात अचानक घर की छत गिरने से मां


शाहपुर गांव में दीवार गिरने से पूरा घर जमींदोज हो गया। अमृत विचार

- शाहपुर के कच्चे घर में अकेली लेटी थी वृद्धा, बाइकें भी दबीं

की दबकर मौत हो गई। दोनों बाइकें भी मलबे में दब गईं।

कच्चा मकान ढहने और बुजुर्ग महिला के दबने से पूरे मोहल्ले में हड़कंप मच गया। आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे और मलबा हटाकर चंद्रकली को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। चन्द्रकली के दो शादीशुदा बेटे जगमोहन और जगन्नाथ हैं। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। राजस्व टीम ने भी गांव पहुंचकर जायजा लिया और नुकसान का आकलन किया।

## कच्चा घर गिरने से पूरा परिवार दबकर घायल

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** साढ थाना क्षेत्र के बरईगढ़ में मंगलवार रात रुक-रुककर तेज बारिश के चलते कच्चे घर की छत और दीवार ढह गई, जिसमें लेटा पूरा परिवार दब गया। उन्हें गांव के अमन सिंह और पड़ोसियों की मदद से बाहर निकाला गया और एंबुलेंस से भीतरगांव सीएचसी भेजा गया।

बरईगढ़ निवासी केंद्र कुमार पुत्र रामप्रसाद सोनकर अपने पूरे परिवार के साथ घर के कमरे में लेटा था, तभी आधी रात तेज बारिश के चलते छत गिर गई, जिससे पूरा परिवार दब गया। केंद्र कुमार सोनकर ने बताया कि वह अपनी पत्नी विनीता और चार बच्चों सचिन, प्रिया, अनुराग, दिव्या के साथ लेटा था, तभी तेज आवाज के साथ छत गिर गई। दंपति तो किसी तरह निकल गए, लेकिन बच्चों को पड़ोसियों की मदद से मलबा हटाकर निकाला गया, जिन्हें इलाज के लिए भेजा गया। पीड़ित केंद्र कुमार सोनकर ने बताया कि कई बार उसने आवास के लिए फार्म भरा, लेकिन उसका आवेदन दबकर रह गया और आवास नहीं मिला। पूरा घर कच्चा है। उसके पास खेती भी नहीं है। मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता है। कई साल पहले भूमि आवंटन में मां के नाम एक बीघा जमीन मिली थी।

## टिकरा गांव में आधी रात ढहा घर

संवाददाता, बिठूर

**अमृत विचार।** बिठूर थाना क्षेत्र के टिकरा गांव में मंगलवार की आधी रात करीब 12:30 बजे तेज बारिश के दौरान कच्चे घर की दीवार ढहने से महिला की मौत हो गई, जबकि पति और उसका बेटा घायल हो गया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

बताते हैं कि टिकरा निवासी छुन्नालाल कमल अपने कच्चे घर में परिवार के साथ सोया था, तभी आधी रात दीवार ढहने से छप्पर भी गिर गया। सूचना पर टिकरा चौकी पुलिस रात में ही मौके पर पहुंची और मलबा हटाकर छुन्नालाल कमल (42), उसकी पत्नी रानी देवी (36) और बेटे रजत (14) को बाहर निकाला। रात्रि में काफी तेज बारिश के कारण मिट्टी से बनी कच्ची दीवार ढह जाने के कारण हादसा हुआ।

पुलिस ने तीनों लोगों को निकालकर बारासीरोही सीएचसी


हादसे में महिला की मौत के बाद महिलाएं गम में डूबी रहीं। अमृत विचार

- हादसे में पत्नी की मौत, पति और बेटा अस्पताल पहुंचे

पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान रानी देवी की मृत्यु हो गई। छून्नालाल का हाथ फ्रैक्चर हो गया है, जबकि उसके बेटे रजत को मामूली चोटें आई हैं। दोनों का उपचार कराया गया है। पुलिस ने रानी देवी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। टिकरा चौकी इंचार्ज के मुताबिक हादसे की सूचना एसडीएम सदर और हल्का लेखपाल को दी गई है।


रात में ही गांव पहुंची पुलिस। अमृत विचार

## दुकान का शटर तोड़कर नकदी और सामान चोरी

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के अमिलिहा गांव में मंगलवार रात मौका पाकर चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर नकदी समेत करीब 50 हजार का माल पार कर दिया। सुबह घटना की जानकारी पर दुकानदार ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मौका मुआयना कर, जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज किए जाने की बात कही है।

क्षेत्र के पनऊपुरवा गांव निवासी श्याम बिहारी शुक्ला की अमिलिहा गांव में हाईवे के किनारे सर्विस रोड पर शिव कृपा गेस्ट हाउस के बगल में जनरल स्टोर की दुकान है। बकौल दुकानदार रोजाना की तरह मंगलवार रात वह दुकान का शटर बंद करके घर चले गए। तभी तेज बारिश के दौरान देर रात मौका पाकर चोरों ने शटर तोड़कर गोलक में रखी 15 हजार नगदी व 40 हजार

- चौबेपुर क्षेत्र के अमिलिहा गांव में हुई वारदात
- 15 हजार रुपये कैश और सामान ले गए चोर


इसी दुकान का शटर तोड़कर हुई चोरी।

रुपये का कीमती सामान पार कर दिया। घटना की जानकारी बुधवार सुबह दुकान खोलने के दौरान हुई। इसके बाद मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्रकांत शुक्ला ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर गई थी, जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# पत्नी मायके गई तो पति ने दे दी जान

संवाददाता, घाटमपुर

- सजेती थाना क्षेत्र के समूही गांव में युवक ने लगाई फांसी
- फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य नहीं मिला सुसाइड नोट

**अमृत विचार:** सजेती थाना क्षेत्र के समूही गांव में पत्नी के मायके जाने से आहत होकर पति ने घर के कमरे में कुंडे के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम बुलाकर घटनास्थल पर जांच-पड़ताल कराने के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि रात में पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। पुलिस घटना की जांच कर रही है।


रामकिशन।

सजेती थाना क्षेत्र के समूही गांव निवासी 35 वर्षीय रामकिशन गुजरात में रहकर प्राइवेट नौकरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। घर में पत्नी और उनका पांच वर्षीय बेटा रहता था। परिजनों ने बताया कि युवक एक महीने पहले गुजरात से वापस लौटा था। मंगलवार देर रात पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी के बाद विवाद हो गया। इस दौरान पत्नी ने भाई को फोन कर घर बुलाया और उसके साथ मायके चली गई। पत्नी के मायके जाने से आहत होकर युवक ने पहले शराब पी। फिर घर के कमरे में दुपट्टे से फांसी लगाकर जान दे दी। पांच वर्षीय बेटे ने पिता का शव लटका देखा तो शोर मचाया। शोर सुनकर पड़ोसी और परिजन पहुंचे। सजेती पुलिस ने फोरेंसिक टीम बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। थाना प्रभारी ब्रजमोहन ने बताया कि पत्नी के मायके जाने से परेशान होकर फांसी लगाकर जान दी है। शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है।


युवक के आत्महत्या करने के बाद परिवार में मातम पसर गया। अमृत विचार

### कुरेह गांव में अधेड़ ने खुदकुशी की, पुलिस जांच में जुटी

**बिल्हौर।** ककवन थाना क्षेत्र के कुरेह गांव में मंगलवार देर रात एक अधेड़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शिवमंगल पुत्र सूरजबली (50) गांव से बाहर एक कमरे में रहता था। बुधवार सुबह जब वह कमरे से बाहर निकला तो परिजनों ने जाकर देखा। उसका शव फंदे पर लटक रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थाना प्रभारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि शिवमंगल के भाई सरदार ने मौत पर आशंका जताई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

### ईशेपुर में फंदे पर लटका मिला युवती का शव

**शिवराजपुर।** क्षेत्र के ईशेपुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में युवती का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला। ईशेपुर के वीरेंद्र कटेरिया की की पुत्री शिवानी (18) काफी देर दिखाई नहीं पड़ी तो परिवार वालों ने खिड़की से झांककर देखा तो शव फंदे से लटक रहा था। परिजन फौरन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## सार-संक्षेप



किसानों को बीज वितरित करतीं कृषि वैज्ञानिक डॉ. सुष्मिता। अमृत विचार

### राई-सरसों में सल्फर का प्रयोग बढ़ाता उत्पादन

**बिठूर।** राई-सरसों में सल्फर के प्रयोग से 20 प्रतिशत तक उत्पादन बढ़ सकता है। यह बात चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व वैज्ञानिक शंकर सिंह ने मंधना के राजकीय बीज भंडार में आयोजित खरीफ कृषि निवेश मेला में कही। उन्होंने कहा कि इससे गुणवत्ता में सुधार होगा। पूर्व परियोजना निदेशक शिवआसरे पांडेय ने कहा कि विश्वविद्यालय की आजाद महक प्रजाति 115 से 120 दिन की है, जिसकी पैदावार 25 से 30 कुंतल तक है। इसणें तेल की गुणवत्ता 43 प्रतिशत तक होती है। विषय विशेषज्ञ डॉ. सुष्मिता ने श्रीअन्न और जैविक खेती करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जैविक उत्पादों से किसान बेहतर पैदावार ले सकते हैं। सरकार भी मार्केटिंग की व्यवस्था करेगी। इक मौके पर प्रगतिशील महिला किसानों को महक प्रजाति का बीज वितरित किया गया। यहां उमेशधर द्विवेदी, सौम्या शुक्ला, कृष्ण गोपाल उपस्थित रहे।

### किसान यूनियन के तहसील प्रभारी बने कमल मिश्रा

**शिवली।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिलाध्यक्ष विपिन तिवारी ने कस्बे के गांधी नगर निवासी कमल कुमार मिश्रा को तहसील प्रभारी नियुक्त किया है। उन्हें मनोनयन पत्र सौंपते हुए संगठन और किसानों के हित में कार्य करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। समर्थकों ने उनके आवास पहुंचकर खुशी का इजहार किया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान रनवीर सिंह, सुशील यादव, मुन्ना तिवारी आदि मौजूद रहे।


कमल को मनोनयन पत्र देते पदाधिकारी।


सीसीटीवी कैमरे में दुकान के पास दिखे संदिग्ध। अमृत विचार

### चोरी का प्रयास विफल, शातिर सीसीटीवी कैमरे में कैद

**शिवराजपुर।** कस्बे के वार्ड नंबर 11 में ज्वैलर्स की दुकान में चोरों ने देर रात शटर तोड़ कर चोरी का प्रयास किया। दुकानदार ने सुबह पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने छानबीन की और आसपास के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले तो तीन संदिग्ध युवक बाइक से दिखे हैं, जिनकी पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है। कस्बे में देर रात बाइक सवार तीन शातिर ज्वैलरी शॉप का शटर तोड़ने की कोशिश में लगे रहे, किंतु शटर और ताला न टूटने से चोरी को अंजाम नहीं दे पाए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज चेक किए तो तीनों युवक बाइक से पहुंचे थे। कस्बे वार्ड न 11 निवासी संजू वर्मा की गंगा रोड पर ज्वैलरी शॉप है। बुधवार सुबह संजू वर्मा को आसपास के दुकानदारों ने शॉप में चोरी होने की सूचना दी। शटर को किसी रॉड या मजबूत लोहे की वस्तु से तोड़ने की कोशिश की गई थी। पुलिस ने आस पास दुकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए तो बाइक से तीन अज्ञात युवक आते दिखे। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखा कि शातिरों की बाइक देर रात दुकान के पास आई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू की है। थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश सिंह ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीनों युवकों और बाइक की शिनाख्त की जा रही है।

**चौबेपुर का हाल** | जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से जलभराव की समस्या गहराई

# नालियां चोक, बारिश का पानी घरों में पहुंचा

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र में मंगलवार रात हुई तेज बारिश के चलते कस्बे में जगह-जगह जल भराव हो गया। जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने व नालियों की सफाई न कराये जाने से गंदा पानी लोगों के घरों के भीतर तक जा पहुंचा। समस्या से गुजर रहे लोगों ने अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकर्षित करा पानी निकास की व्यवस्था यथाशीघ्र कराए जाने की मांग की है।

कस्बे में पानी निकासी के लिए बनी नालियों की महीनों सफाई न कराये जाने से नालियां गंदगी से पटी पड़ी हैं। इधर मंगलवार रात हुई तेज बारिश से जगह-जगह जल भराव हो गया। सबसे खराब स्थिति यहां के वाल्मीकि मोहल्ला व कुरैशियान मोहल्ले की है। जहां चोक पड़ी नालियों के कारण घरों का गंदा पानी


चौबेपुर के रास्तों में भरा पानी, जिस पर घुसकर जाते हैं लोग। अमृत विचार

आम तौर पर सड़कों पर ही भरा रहता है। इधर मंगलवार रात हुई बारिश का पानी घरों के अंदर तक पहुंच जाने से लोगों को रात गुजारना मुश्किल हो गया। जबरदस्त जल भराव से गृहस्थी का सामान खराब होने के साथ ही लोगों को सिर छुपाने की जगह नहीं बची।

कस्बे के जुग्गीलाल, सर्वेश, लल्ला, मनुआं, मनोज, विनोद व विजय वाल्मीकि आदि ने बताया कि उनके मोहल्ले में सफाई कर्मी कई-कई माह नहीं आता। परिणाम स्वरूप नालिया गंदगी से चोक हो चुकी हैं। पानी निकास के लिए करीब 4 वर्ष पूर्व बनाए गए नाले में मानक अनुरूप कार्य न कराये जाने से पानी बाहर निकलने के बजाय वापस कस्बे में ही भरता रहता है। मंगलवार रात हुई अनवरत तेज बारिश के बाद हालात और भी खराब हो गए। जबरदस्त जलभराव से पानी घरों के अंदर तक भर गया, जिससे गृहस्थी का सामान व खाद्यान्न खराब होने के साथ ही कई घरों में चूल्हे तक नहीं जल सके।

> मंगलवार रात बारिश से स्थिति बिगड़ी है। ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी से बात कर समस्या का स्थाई समाधान कराया जाएगा।
> –आशीष मिश्रा, बीडीओ

लोगों ने बताया कि समस्या की ओर जनप्रतिनित भी कोई ध्यान नहीं दे रहे। स्थिति बिगड़ने पर मोहल्ले के लोगों ने खुद नालियों की सफाई शुरू की, जिससे थोड़ी राहत मिल सकी। वहीं इस बाबत जानकारी पर ग्राम पंचायत अधिकारी आकांक्षा सक्सेना ने बताया कि इतनी बड़ी ग्राम पंचायत की साफ सफाई के लिए मात्र दो सफाई कर्मियों की नियुक्ति से समस्या व्याप्त है। जलभराव की जानकारी पर सफाई कर्मियों को मौके पर भेजा गया था।

## सड़क के गड्ढे पर पलटी सीमेंट लदी ट्रैक्टर-ट्राली

संवाददाता, बिठूर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री ने प्रदेश की सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने का आदेश दिया था। शहर की सड़कों पर मरहम पट्टी कर ठीक कर दी गईं, लेकिन पीडब्ल्यूडी की ग्रामीण इलाकों की सड़कें गड्ढा युक्त हो गई हैं। सड़क के गड्ढों में एक ट्रैक्टर-ट्राली पलट गई।

मंधना क्रासिंग से टिकरा जाने वाले मार्ग का निर्माण सपा से बिठूर विधायक रहे मुनीन्द्र शुक्ला ने कराया था। इसके बाद जब बीजेपी से अभिजीत सिंह सांगा विधायक बने तो योगी सरकार के 4 साल पूरे होने के उपलक्ष में प्रेस वार्ता कर सरकार के कार्यों की विस्तृत जानकारी दी थी। उन्होंने कहा था कि योगी सरकार के इसी कार्यकाल में मंधना से टिकरा जाने वाले मार्ग का पुनः निर्माण कराकर गड्ढा मुक्त कराया जायेगा, लेकिन सड़क गड्ढा मुक्त होने के बजाय गड्ढा युक्त होती जा रही है। ऐसे में आये दिन सड़क हादसे बढ़ते जा रहें है। बारिश के बाद गड्ढो में पानी भर जाने के कारण प्रति दिन बाइक सवार गिरकर चुटाहिल हो जाते है। बुधवार को टिकरा के निकट स्थित एक निजी आईटीआई के सामने सीमेंट लेकर जा रही ट्रैक्टर ट्राली पलट गयीं।जिसके बाद मार्ग पर आवगमन बाधित हो गया सूचना पर पहुँचे टिकरा चौकी प्रभारी अनिल मलिक ने ग्रामीणों की मदद से ट्रैक्टर ट्राली को सड़क से किनारें कर के मार्ग का आवगमन पुनः चालू कराया गया।



पलटी पड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली।

# झमाझम बारिश से घर गिरे, दो युवकों की मौत

## डेरापुर थाना क्षेत्र के अंतापुर और भूपतियापुर गांव में हुए हादसे, रात के सन्नाटे में मचा रहा कोहराम

संवाददाता, डेरापुर

**अमृत विचार।** मंगलवार रात से हो रही जोरदार बारिश के चलते घर की दीवार गिरने से डेरापुर क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हादसों की छानबीन की।


योगेंद्र कुमार।

पहली घटना में डेरापुर थाना क्षेत्र के अंतापुर गांव निवासी कमलेश का बेटा संदीप सिंह उर्फ दीपक (27) लगातार हो रही बारिश के चलते मंगलवार की देर शाम घर के अंदर मौजूद था। इसी दौरान घर की दीवार संदीप के ऊपर गिर पड़ी। आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीणों में तत्काल मलवा हटाकर उसे बाहर निकाला और पास के अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने संदीप को मृत घोषित कर दिया।


बारिश में ढहा कच्चा घर मलबा में तब्दील हो गया। अमृत विचार

अस्पताल प्रबंधन ने जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पर पहुंची पुलिस ने जांच की।

वहीं दूसरी घटना में डेरापुर क्षेत्र के ही भूपतियापुर गांव निवासी गंगाराम संखवार का बेटा योगेंद्र कुमार (28) देर रात घर में सो रहा था। इसी दौरान घर के अंदर बनी कच्ची दीवार व छत योगेंद्र के ऊपर गिर पड़ी। परिजनों के शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे और मलवे को हटाकर योगेंद्र को बाहर निकाला। इसके बाद अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस में शव कब्जे में लेकर छानबीन की।

डेरापुर थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि लगातार हो रही बारिश के चलते अलग-अलग गांवों में हादसों के चलते दो युवकों की मौत हुई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।


मौत पर रोती-बिलखतीं परिवार की महिलाएं। अमृत विचार


घरगिरी पर छानबीन करती पुलिस और मौजूद भीड़। अमृत विचार

# बारिश से बही मनकी की सर्विस रोड

संवाददाता, मूसानगर

**अमृत विचार।** झमाझम बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। बारिश के चलते रिमाइन देवी के पास मनकी संपर्क मार्ग पर बन रहे ऊंची कोठी वाले पुल की वजह से बना सर्विस रोड पानी के तेज बहाव में बह गया। जिससे चार जिलों का आवागमन प्रभावित हो गया है।

ग्रामीण रामकेश, रामनरेश, अर्जुन सिंह, सज्जन, रामशंकर आदि ने बताया कि मूसानगर-कुरारा मार्ग में बन रहे ऊंची कोठी वाले पुल के कारण कच्ची पुलिया के साथ सर्विस रोड तैयार की गई थी। पुलिया छोटी होने से बरसात का पानी नहीं निकल पाता और ओवरफ्लो हो जाता है। मंगलवार शाम से मूसलाधार बारिश होने से पानी के तेज बहाव से सर्विस रोड बह गई। इससे आने-जाने में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह लिंक मार्ग हमीरपुर, जालौन, कानपुर नगर व देहात को जोड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि रिमाइन देवी मंदिर से मनकी संपर्क मार्ग में बन रहे ऊंची कोठी वाले पुल निर्माण में देरी के कारण आवागमन में दिक्कतें बनी हुई हैं।


मूसलाधार बारिश से बही मनकी संपर्क मार्ग की सर्विस रोड। अमृत विचार


कानपुर-औरैया हाईवे पर जाम लगाए लोग। अमृत विचार

### बारिश से जूझ रहे ग्रामीणों ने हाईवे किया जाम

**सिकंदरा।** मंगलवार रात से हुई तेज बारिश के चलते मानपुर डेरा निवासी ग्रामीणों ने बुधवार को गांव में चकरोड न होने से जल निकासी की समस्या को लेकर औरैया-कानपुर हाईवे जाम कर दिया। सूचना पर डायल 112 व यातायात पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी निरीक्षक महेश कुमार ने ग्रामीणों को हल्का बल प्रयोग कर यातायात शुरू कराया। इस दौरान करीब आधा घंटे तक हाईवे पर जाम लगा रहा। जानकारी पर एसडीएम एसएन शुक्ला व सीओ संजय वर्मा ने ग्रामीणों की समस्या को सुना। एसडीएम ने बताया कि ग्रामीणों का कहना था गांव के चकरोड में गहरे गड्ढे कर दिए गए हैं। वह एक प्राईवेट प्रापर्टी से निकल रहे हैं। जिसमें पानी भरा हुआ है। बीडीओ व ग्राम प्रधान को चकरोड बनवाने के लिए आदेशित कर दिया गया है।

# बरसात से जिले में 22 घर जमींदोज, आठ बकरियों की गई जान

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जोरदार बारिश के चलते जिलेभर में 22 जगहों पर घरगिरी की घटनाएं हुई। जिससे गृहस्थी का सामान मलवे में दबकर बर्बाद हो गया। वहीं अंता गांव में घरगिरी में आठ बकरियां दबकर मर गईं।

डेरापुर तहसील अंतर्गत महुआ महोई गांव के मृत्युंजय कुमार ने बताया कि वह अपने पैतृक घर में रह रहा था। घर कच्चा व जर्जर होने के कारण अत्यधिक बारिश में गिर गया। जिससे गृहस्थी का सामान भी दबकर बर्बाद हो गया। पीड़ित ने बताया है कि वह पिछले सालों से बराबर प्रार्थना पत्र आवास की मांग कर रहा है, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई।

इसी तरह राजपुर कस्बे के आंबेडकर नगर निवासी रियाज का कच्चा घर धराशायी होने से परिवार को सिर छिपाने की जगह भी नहीं बची है। मलबा में दबकर राशन, अनाज व गृहस्थी का सामान पूरी तरह बर्बाद हो गया। रियाज ने बताया कि पत्नी आलिया बेटी


रूरा क्षेत्र के चैनपुर में बारिश से गिरा घर। अमृत विचार


राजपुर के कन्हैया नगर में भीषण जलभराव। अमृत विचार


राजपुर क्षेत्र में बारिश से ढहा कच्चा घर।

- डेरापुर, राजपुर व रूरा क्षेत्र में हुई घटनाएं, गृहस्थी बर्बाद

शाहीन, समरीन, सिमरन व नाजो के साथ कच्चे मकान में गुज़र बसर करता हैं। इधर भाल गांव के छोटे लाल शर्मा का कच्चा मकान ढहने से अनाज व गृहस्थी का सामान मलबे में दबने से तबाह हो गया। इसी गांव के शिवपाल, रविंद्र सिंह, सरमन सिंह, विकास सिंह, वीरेंद्र सिंह, रामबाबू के कच्चे मकान ढहने से मलबे में गृहस्थी बर्बाद हो गई।

वहीं गणेशपुर निवासी प्रभू दयाल, राकेश व अनिल का कच्चा घर ढहने से मलबे में दबकर गृहस्थी का सामान नष्ट हो गया। जबकि डौडियापुर गांव में मंजू देवी, सुखदेव, शिवाकांत, सियावती, सहदेव, राजेश सिंह व नन्हे सिंह के कच्चे घर बारिश में ढहने से अनाज, पशुओं का भूसा व गृहस्थी का समान मलबे में दबकर बर्बाद हो गया। ग्रामीणों ने लाखों रुपये का नुक़सान बता तहसील प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। सिकंदरा एसडीएम एसएन शुक्ला ने बताया कि घरगिरी की सूचना पर क्षेत्रीय लेखपालों से क्षति आकलन की रिपोर्ट तलब की है।

रूरा क्षेत्र के लमहरा के राम कृपाल कुशवाहा का घर बारिश में धराशाही हो गया, जिससे परचून की दुकान का भी सामान दब गया। वहीं चैनपुर गांव में जय प्रकाश शर्मा का कच्चा घर गिरने से गृहस्थी बर्बाद हो गई। लगातार बारिश के चलते गांवों में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है और विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। वहीं संदलपुर क्षेत्र के अंता गांव के अशोक यादव का घर गिरने से आठ बकरियां दबकर मर गईं।

## मकान गिरने से मां-दो बेटे घायल

**शिवली।** कोतवाली क्षेत्र के मलिकपुर गांव में विमला देवी अपने दो लड़के लालजी राठौर व बउवन के परिवार के साथ रहती है। भारी बारिश के चलते बुधवार तड़के उनका अध पक्का मकान भरभरा कर गिर पड़ा। जिससे मां व दोनों बेटे मलवे में दबकर घायल हो गए। तीनों को कल्यानपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेखपाल सुजीत सिंह ने बताया कि रिपोर्ट तहसील को दी गई है।


घरगिरी में घायल विमला।

## बारिश से रास्ते और स्कूल हुए लबालब

**मंगलपुर।** संदलपुर ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत भंदेमऊ में कई वर्षों से जलनिकासी की व्यवस्था न होने से तालाबों के पास से गुजरे दोनों मुख्य मार्ग शुरुआती बारिश में ही बंद हो जाते हैं। जिससे ग्रामीणों सहित राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं मंगलवार रात हुई बारिश के चलते प्राथमिक विद्यालय भंदेमऊ, आगनबाड़ी व पीएम श्री स्कूल परिसर तालाब में तब्दील हो गए। जिससे छात्र अध्ययन के लिए स्कूल तक ही नहीं पहुंच पाए और शिक्षक भी डरते हुए स्कूल पहुंचे। ग्रामीणों का कहना है कि सफाई कर्मी गांव तो आते हैं, लेकिन सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करते हैं। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शुभम राजावत ने बताया कि अधिकारियों को सूचना दी गईहै।

# वाहन की टक्कर से युवक की थमीं सांसें

संवाददाता, सिकंदरा

- वृंदावन से कानपुर लौटते वक्त खोजाफूल में हुआ हादसा

**अमृत विचार।** वृंदावन से दर्शन कर लौट रहे ईको वैन का पंचर टायर बदलने के दौरान खोजाफूल गांव के पास वाहन ने युवक को टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उसे सीएचसी से जिला अस्पताल भेजा गया। जहां ईएमओ ने मृत घोषित कर दिया।

कानपुर नगर के नौबस्ता गल्ला मंडी निवासी कामता कुशवाहा (38) अपनी पत्नी ज्योति के साथ मथुरा वृंदावन से दर्शन कर ईको वैन से अपने घर वापस जा रहे थे। तभी मंगलवार रात सिकंदरा थाना क्षेत्र के खोजाफूल गांव के पास वैन का टायर पंचर हो गया। जिसपर वैन किनारे लगाकर कामता कुशवाहा स्टेपनी लगा रहे थे। तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस उन्हें सिकंदरा सीएचसी ले गई। जहां से गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने कामता कुशवाहा को मृत घोषित कर दिया। सिकंदरा थाना प्रभारी निरीक्षक महेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। फरार वाहन व चालक की तलाश की जा रही है।

## कीटनाशक गटकने से युवक की मौत

**रनियां।** थाना क्षेत्र के फत्तेपुर रोशनाई में मंगलवार की देर शाम एक युवक ने कीटनाशक दवा पी लिया। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई।

मूल रूप से गजनेर थाना क्षेत्र के त्रिवेदिनपुर के रहने वाले परशुराम अग्निहोत्री का बेटा अरविंद अग्निहोत्री अपने मामा के घर रनियां थाना क्षेत्र के फत्तेपुर रोशनाई गांव में रह कर पूजा पाठ का काम करता था। करीब वर्ष पहले उसकी शादी शिवांजलि के साथ हुई थी। उसके आठ वर्ष का बेटा शिवांस है। स्थानीय लोगों के मुताबिक दो वर्ष पहले उसकी और पत्नी शिवांजलि के बीच झगड़ा हो गया था। जिसके बाद पत्नी उसे छोड़कर मायके चली गई थी। घर में उसके पिता और वह रहता था।


बाढ़ प्रभावित गांव का निरीक्षण करते एडीएम वित्त केएन गुप्त। अमृत विचार

## एडीएम ने प्रभावित गांवों का किया दौरा

**मूसानगर।** यमुना नदी में आई बाढ़ का जायजा लेने के लिए एडीएम व एसडीएम पहुंचे। यमुना नदी का जलस्तर लगातार घट रहा है। जिससे तटवर्ती गांव के लोगों ने राहत की सांस ली है। बुधवार को भी आढ़न पथार की पुलिया पर पानी भरे होने के कारण नाव से आवागमन हो रहा है। वहीं बाढ़ का जायजा लेने पहुंचे एडीएम वित्त एवं राजस्व केशव नाथ व एसडीएम भोगनीपुर सर्वेश कुमार ने पथार गांव पहुंच कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। फसल मुआवजे को लेकर मौजूद नायब तहसीलदार सूर्य प्रकाश, कानूनगो अखिलेश कुमार व लेखपाल रामराज को निर्देश किया। उन्होंने बताया कि पहले फेश में आर्द बाढ़ से प्रभावित फसलों का पथार व चपरघटा के 83 तथा क्योंटरा बांगर के 18 किसानों को मुआवजा दिया जा चुका है।

## सार-संक्षेप

### झमाझम बारिश से शिवली में आवागमन दुश्वार

**शिवली।** मंगलवार रात हुई भारी बारिश के चलते कई जगहों पर जलभराव हो गया। जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शिवली क्षेत्र के मैथा, बैरी सवाई, शोभन, हथिका, मदारपुर, नगर पंचायत शिवली में रामनगर, सुभाष नगर सहित कई जगहों पर पानी सड़कों पर पानी भर गया। ग्रामीणों ने बताया कि आने जाने में परेशानी उठानी पड़ी।


शिवली में जलभराव के हाल।

### जलभराव से परेशान झोपड़ पट्टी के वाशिंदे

**राजपुर।** नगर पंचायत के कन्हैया नगर स्थित बैलाही बाजार में जलभराव की समस्या है। यहां सड़क किनारे झोपडी.पटटी में नट समुदाय के करीब दस परिवार रहते हैं। दो दिनों से लगातार बारिश से नट समुदाय के घरों में पानी भरने से गृहस्थी का सामान बर्बाद हो गया है। गरीबों ने तहसील प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगाई है।


राजपुर के मुखर्जीनगर में जलभराव। अमृत विचार

### फाल्ट से घंटों गुल रही विद्युत आपूर्ति

**रूरा।** तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश से क्षेत्र में करीब आठ घंटे बत्ती गुल होने से लोग परेशान हो गए। रूरा उपकेंद्र से निकले बनीपारा फीडर क्षेत्र में अंगदपुर, महाराजपुर में करीब आठ घटे तक बिजली गुल रही। कस्बा में गुजरी 11 हजार लाइन पर ओपीएस डिग्री कालेज के पास पेड़ गिरने से बिजली गुल रही। जिससे बनीपारा, रूरा, भटौली, सुमेरपुर, हंशपुर प्रेमा देवी, कारी समेत सैकड़ां गांव के लोगों को पानी, मोबाइल चार्जिंग जैसी समस्याओं से झूझना पड़ा। जेई नितिन उपाध्याय ने बताया कि कई स्थानों पर लाइन के ऊपर ही पेड़ गिरने से बिजली आपूर्ति बाधित रही है। फाल्ट सही कर बिजली आपूर्ति शुरू करा दी गई है।

### एचटी लाइन की चपेट में आकर बंदर की मौत

**राजपुर।** बुधवार को पुलिस चौकी के बाहर बरगद के पेड़ पर छलांग लगा रहा बंदर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। जिससे बंदर की मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही तेज स्पार्किंग के साथ विद्युत लाइन का तार टूटकर गिर गया। जिससे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने बिजली उपकेंद्र पर सूचना देकर हादसे से अवगत कराया। इधर बंदर की मौत के बाद बड़ी संख्या में बंदरों का झुंड इकट्ठा हो गया।

### गांधी जयंती पर भाजपा के होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**कानपुर देहात।** सेवा पखवाड़ा में होगा स्वास्थ्य शिविर, पौधरोपण व स्वच्छता का आयोजन, यह बात भाजपा जिला प्रभारी अशोक सिंह राजपूत ने जिला कार्यालय पर प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के तहत बैठक में कही। उन्होंने कहा कि 18 से 24 सितंबर के बीच जिले के प्रत्येक मंडल के एक स्कूल तथा एक अस्पताल में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 23 सितंबर को अंत्योदय के प्रणेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर प्रत्येक विधानसभा में 60 साल से अधिक उम्र वाली महिलाओं के लिए स्वास्थ शिविर का आयोजन होगा। इसी तरह गांधी जयंती तक विभिन्न कार्यक्रम होंगे। इस मौके पर ब्रजेंद्र सिंह, विद्यासागर त्रिपाठी, नीरज पांडेय, राहुल निषाद, शिवविलास मिश्रा, मुकुल पांडेय, जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा रहे।

### एडीएम ने बाइक सवार घायलों को भेजा अस्पताल

**मूसानगर।** बाइक फिसलने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। देवराहट थाना क्षेत्र के गौरी गांव के दिनेश ने बताया कि उसका बड़ा भाई नरेश (26) व पाली गांव थाना साढ़ घाटमपुर कानपुर नगर निवासी साले राहुल (24) के साथ घाटमपुर की ओर जा रहा था। तभी अचानक बाइक अनियंत्रित होकर दूध प्लांट के पास सड़क किनारे लोहे की बूम से टकरा गई। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। तभी रास्ते से गुजर रहे एडीएम वित्त केशव नाथ और एसडीएम भोगनीपुर सर्वेश कुमार ने पुलिस को सूचना देकर घायलों को पुखरायां सीएससी भेजा। जहां से उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए भेजा गया है।



जलसे में तकरीर पेश करते मौलाना। अमृत विचार

### इंसानियत ही सबसे बड़ा मजहब

**सिकंदरा।** कस्बा की पुरानी बाजार स्थित मदीना मस्जिद परिसर में ईद मिलादुन्नवी पर जलसे का आयोजन किया गया। मौलाना जाहिर्दुरहमान साहब ने कहा कि सबसे बड़ा मजहब इंसानियत का है। उन्होंने हजरत पैगंबर मोहम्मद साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए प्रेरणा लेने व उनके बताए इंसानियत के मार्ग पर चलने की नसीहत दी। कहा कि इंसानियत की खिदमत करना ही मोहम्मद साहब व इस्लाम का पैगाम है। जलसे में पेश इमाम कुर्बान अली, हाफिज मुजीब रजा, मोलवी जमाल अहमद उलमाएं दीन के साथ पूर्व चेयरमैन मुन्ना कुरैशी, परवेज आलम, असलम राईन, शमशुल कमर, बबलू खां, जावेद कुरैशी, मोहम्मद कलाम, साहिद अली, मोहसिन रजा आदि लोग मौजूद रहे।

**मुसीबत बढ़ी** — मुर्तजानगर में तिरंगा लाइटों के खंभे झुके, बरगद का पेड़ गिरा, आजाद नगर की सड़क पर भरा कीचड़

# बारिश से खेत लबालब, घरों और दुकानों में भरा पानी

संवाददाता, मूसानगर

**अमृत विचार।** मंगलवार रात में हुई मूसलाधार बरसात में जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। खेतों में पानी भरने से फसल सड़ने का अंदेशा बना हुआ है। सफाई न होने से घरों व दुकानों में पानी भर गया।

क्योंटरा बांगर गांव के किसान राम औतार, रामप्रकाश, गोविंदास आदि ने बताया कि जोरदार बारिश से खेतों में जलभराव हो गया है। वहीं मूसानगर कस्बे में कही जलभराव तो कही घरों में पानी घुस गया। वार्ड नंबर बारह विकास नगर के साबिर अली, रियाजत, अली मोहम्मद, शमशुल, फिरोज अली, शाहजहां आदि ने बताया कि रात में हुई जोरदार बारिश से नाले का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क में भर कर घरों के अंदर घुस गया।


झमाझम बारिश से दुकान में भरा पानी। अमृत विचार

वहीं वार्ड नंबर नौ अच्युतानंद शास्त्री नगर में जलभराव के कारण मोहल्ला तालाब बन गया। घरों के चारों तरफ व आम रास्ते में दो फीट तक पानी भर गया। ओवरफ्लो हुआ नालों का पानी मुख्य बाजार व मंडी समिति मार्ग पर दुकानों में घुस गया। व्यापारी राजीव सोनी, विकास गुप्ता, बबलू अग्रवाल, शुभम् आदि ने बताया कि बारिश के समय मुख्य बाजार की सड़क में पानी भर जाता है। जिसके कारण दुकान के अंदर भी पानी आ जाता है। वार्ड नंबर 15 आजाद नगर में नाले के पानी के साथ कीचड़ और मलवा बहकर आम रास्ते में आ जाने से लोगों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

मुर्तजानगर में लगी तिरंगा लाईटों के खंभे भी झुक गए। वहीं वार्ड नंबर दो गांधी नगर में सैकड़ों वर्ष पुराना बरगद का पेड़ अचानक गिर गया। लोगों ने बताया कि दोपहर में जोरदार आवाज आई। बाहर जाकर देखा तो बरगद का पेड़ गिरा पड़ा था। वहीं श्यामजी, कल्लू, ब्रजकिशोर के घर की दीवार भी गिर गई। अधिशाषी अधिकारी संजय पटेल ने बताया कि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद निषाद के साथ मिलकर नगर में जलभराव आदि का निरीक्षण किया गया है। अच्युतानंद शास्त्री नगर वार्ड में पंपिग सेट लगाकर पानी निकाला जा रहा है। साथ ही सफाई कर्मचारियों को नालों नालियां की सफाई करने के लिए निर्देशित किया गया है। बरगद के पेड़ को हटाने के लिए कर्मचारियों को भेजा गया है।

## गैंगस्टर के दोषी को तीन साल का कारावास

**कानपुर देहात।** अकबरपुर थाना क्षेत्र में करीब आठ साल पुराने गैंगस्टर के मामले में अदालत ने आरोपी के अपराध स्वीकार कर लेने पर दोषसिद्ध करते हुए तीन साल के कारावास की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक अमर सिंह भदौरिया ने बताया कि वर्ष 2016 में अकबरपुर पुलिस ने क्षेत्र निवासी रिंकू उर्फ तब्बल सहित अन्य अभियुक्तों के खिलाफ थाने में दर्ज अपराधिक मामलों के आधार पर गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। मामले की सुनवाई गैंगस्टर कोर्ट में चल रही थी। सुनवाई के दौरान आरोपी रिंकू उर्फ तब्बल के अपना जुर्म स्वीकार करते हुए अदालत में प्रार्थना पत्र दिया था। इसपर अदालत ने उसे दोष सिद्ध करते हुए तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई।

## एक नजर

### एसडीएम से की कटखने बंदरों को पकड़वाने की मांग

**पुरवा।** पिनैकल कंप्यूटर शिक्षण एवं सामाजिक संस्थान के सचिव राजेश कुमार व ग्रामीणों ने एसडीएम उदित नारायण सेंगर को दिये ज्ञापन में बताया कि क्षेत्र के गांव रामा अमरापुर में कटखने बंदरों का आतंक बढ़ गया है। आएदिन बंदर लोगों पर हमला बोलकर घायल कर रहे हैं। 13 सितंबर को गांव के 55 वर्षीय नन्हे लाल पर बंदर ने हमला बोल दिया था। जिनका हैलेट कानपुर में इलाज चल रहा है। बताया कि अब तक एक सैकड़ा लोगों को बंदरों ने अपना शिकार बनाया है। ग्रामीणों ने बंदरों को पकड़वाने की मांग की है। एसडीएम ने बताया कि ज्ञापन मिला है। टीम लगाकर जल्द ही बंदरों को पकड़वाया जाएगा।

### दुकान में पड़ा मिला अधेड़ का शव

**बिछिया।** दही थानाक्षेत्र के आवास विकास कालोनी मोहल्ला निवासी ओमप्रकाश उर्फ ओमी (48) पुत्र रामकुमार राठौर मानसिक रूप से बीमार रहता था। वह आवास विकास तिराहे के पास बनी दुकान में रहता है। बुधवार को दुकान में ही उसका शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसओ दही संजीव कुशवाहा ने बताया कि उसके दो बहनें हैं। दोनों की शादी हो चुकी है। एक भाई संतोष है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# फैक्ट्री में काम कर रही महिला मशीन की चपेट में आई, मौत

## घटना के बाद परिजनों ने किया हंगामा, पुलिस ने कराया शांत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


फैक्ट्री के बाहर मौजूद पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत मगरवारा चौकी क्षेत्र स्थित जिमपैक इंटरप्राइजेज नामक फैक्ट्री में काम कर रही 40 वर्षीय महिला की साड़ी मशीन में फंस गई। साथ काम कर रहे लोगों ने मशीन बंद कर महिला को निकाला। इस दौरान वह गंभीर घायल हो गई थी। सूचना पर उसका पति जो पास की एक अन्य फैक्ट्री में काम करता है उसे तुरंत कानपुर के लीलामणि हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। महिला की मौत से उसके परिजनों व साथी कर्मियों में हड़कंप मच गया। घटना के बाद मृतका के परिजनों व श्रमिकों ने फैक्ट्री के बाहर हंगामा किया।

बता दें कि क्षेत्र के गांव अकबालपुर निवासी रोली (40) पत्नी कृष्णा सिंह मगरवारा चौकी अंतर्गत जिमपैक इंटरप्राइजेज फैक्ट्री में काम करती थी। बुधवार सुबह मशीन पर काम करते समय उसकी साड़ी मशीन में फंस गई। मशीन में साड़ी फंसने से महिला गंभीर घायल हो गई। साथ काम कर रहे लोगों ने किसी तरह मशीन बंद कर उसको निकाला और दूसरी फैक्ट्री में कार्यरत उसके पति को इसकी जानकारी दी। सूचना पर पहुंचे पति ने उसे कानपुर स्थित लीलामणि हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। घटना के बाद परिजन आक्रोशित हो गए और फैक्ट्री के बाहर हंगामा करने लगे। जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया। पुलिस ने जांच के बाद महिला का शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा। बताया कि मामले में फैक्ट्री प्रबंधन की लापरवाही के आरोपों की जांच की जा रही है। लोगों ने हादसे के कारणों की गहन जांच की मांग की है। ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके।

## गंगा स्नान करने आया युवक हुआ लापता

**बांगरमऊ उन्नाव।** पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने क्षेत्र के नानामऊ घाट आया एक युवक कपड़े रखकर अचानक लापता हो गया। पुलिस ने युवक के गंगा नदी में डूबने की आशंका पर गोताखोरों से उसकी तलाश कराई। किंतु अभी तक उसका कोई पता नहीं चल सका है।

बता दें कि हरदोई जिला के थाना कासिमपुर अंतर्गत गांव घुसपाहा निवासी रणवीर (23) पुत्र रमेश चंद्र बुधवार सुबह साइकिल से घर से निकला था। उसने अपने भाई सुखबीर को फोन कर जानकारी दी कि उसने साइकिल बेहंदर में खड़ी कर दी है और वह ऑटो से बांगरमऊ के नानामऊ घाट पर गंगा स्नान के लिए जा रहा है। भाई सुखबीर ने सुबह 10 बजे रणबीर सिंह के मोबाइल पर फोन किया तो उसके मोबाइल से किसी अन्य युवक ने बताया कि रणवीर के कपड़े, चप्पल व मोबाइल गंगा किनारे रखे हैं। भाई की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसके गंगा में डूबने की आशंका पर गोताखोरों से उसकी तलाश शुरू कराई। किंतु शाम तक उसका कोई पता नहीं चला सका है। पुलिस गोताखोरों के जरिए गंगा में युवक की खोज करवा रही है।



सपा कार्यालय में बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष, मौजूद अन्य पदाधिकारी।

# सत्ता पक्ष हर हथकंडे अपना रहा, अलर्ट रहें सपा कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

- सपा जिलाध्यक्ष ने 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए बैठक की

**अमृत विचार।** शहर के सिविल लाइन स्थित सपा कार्यालय में समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक हुई। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने कार्यकर्ताओ व नेताओं से लक्ष्य-2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर जोर देते हुए कहा कि सभी विधानसभा अध्यक्ष अपनी कमेटियों के पदाधिकारियों के सहयोग से बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं व क्षेत्रीय लोगों को अपने साथ जोड़ें।

उन्होंने कहा कि पीडीए जागरूक अभियान युवा फ्रंटल के अध्यक्षों द्वारा जिले में चलाया गया। इसी क्रम में पिछड़ा वर्ग संगठन व अल्पसंख्यक संगठन के जिलाध्यक्ष पूरे जिले में अभियान को चलाएं और क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओ का भी सहयोग लें। कहा कि सत्ता दल हर तरह के हथकंडे अपना रहा है। इसलिए सपाई अलर्ट रहें। लड़ाई बड़ी है। जनता महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से पीड़ित है। सपा मुखिया अखिलेश यादव इस लड़ाई को लगातार प्रदेश से लेकर लोकसभा तक लड़ रहे। बैठक में पूर्व सांसद अन्नू टंडन, राष्ट्रीय सचिव सुंदर लाल लोधी, सुधीर रावत, सुनील साजन, एड. राम कुमार, बदलू खां, धर्मेंद्र यादव, सीके त्रिपाठी, सभासद ओमेंद्र लोधी पंकज, राजकुमार रावत, आलोक निगम, अमन, अंजुम आदि मौजूद रहे।

## सई नदी में उतराता मिला युवती का शव

**सोहरामऊ उन्नाव।** लखनऊ-उन्नाव सीमा स्थित बनी पुल से सई नदी में छलांग लगाने वाली युवती का शव सोहरामऊ थानाक्षेत्र में उतराता देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया है।

लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र के बनी गांव से गुजरने वाली सई नदी के पुल से बीते मंगलवार एक युवती ने छलांग लगा दी थी। सूचना पर बंथरा व सोहरामऊ पुलिस मौके पर पहुंची थी लेकिन, घटना स्थल बंथरा थानाक्षेत्र होने के कारण सोहरामऊ पुलिस लौट आई थी। वहीं बंथरा पुलिस ने एसडीआरएफ (राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल) व गोताखोरों की मदद से युवती को ढूंढ़ने का देररात तक प्रयास किया। लेकिन, कामयाबी नहीं मिली थी। बुधवार सुबह हिनौरा गांव के लोग नदी किनारे शौच के लिए गए तो वहां युवती का शव पानी में उतराता देख सोहरामऊ पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया है। एसओ सोहरामऊ शरद कुमार ने बताया कि इंटरनेट मीडिया व अन्य माध्यमों से युवती की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं।


फैक्ट्री में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

# फैक्टी में ब्वायलर फट जाने से लगी भीषण आग

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


मौके पर खड़ी फायर ब्रिगेड की गाड़ी।

- दमकल की कई गाड़ियों ने बुझाई आग, कोई हताहत नहीं

**अमृत विचार।** दही थानांतर्गत ओमेगा इंटरनेशनल फैक्ट्री में मंगलवार देररात ब्वायलर फटने से भीषण आग लग गई। आग लगने से फैक्ट्री परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर दही पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। आग लगने के कारण फैक्ट्री के कर्मचारी व आसपास के लोग घबराए हुए थे। दमकल कर्मियों ने स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने का कार्य शुरू किया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

बता दें कि ओमेगा इंटरनेशनल में मंगलवार देररात बवायलर फटने से भीषण आग लग गई। सूचना पर अग्निशमन अधिकारी शिवराम यादव और दही एसओ संजीव कुशवाहा मौके पर पहुंचे। दोनों ने स्थिति का जायजा लिया और दमकल कर्मी आग बुझाने में जुट गये। आग बुझाने के दौरान अधिकारियों ने फैक्ट्री के आसपास के क्षेत्र को सुरक्षित करने के लिए भी कदम उठाए। ताकि किसी भी संभावित खतरे से बचा जा सके। स्थानीय प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फैक्ट्री को खाली करवा दिया। फैक्ट्री के भीतर मौजूद सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और किसी भी जानमाल के नुकसान को टालने के लिए हर संभव प्रयास किए गए। आग लगने से फैक्ट्री के कुछ हिस्से में ज्यादा नुकसान हुआ है। लपटों व धुएं ने फैक्ट्री के उपकरणों और सामग्री का नुकसान किया है।

पुलिस और अग्निशमन विभाग ने आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में ब्वायलर में किसी तकनीकी खामी के कारण यह हादसा हुआ होने का अंदेशा जताया गया है। लेकिन इसके सही कारणों का पता जांच के बाद ही चल पाएगा।

# जुलूस-ए-मोहम्मदी में लहराया गया फलीस्तीन का झंडा, वीडियो वायरल

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव


जुलूस में लहराता फलीस्तीन का झंडा। अमृत विचार

- दावा किया जा रहा है कि वीडियो गंजमुरादाबाद कस्बे का
- सीओ ने कहा कि वायरल वीडियो की जांच की जाएगी

**अमृत विचार।** जश्ने ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर कस्बे में निकाले गए जुलूस के दौरान फलस्तीन का झंडा फहराया गया। जिसका वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो के मद्देनजर स्थानीय चौकी पुलिस कार्रवाई में जुट गई है।

बता दें कि बुधवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जुलूस में शामिल एक युवक फलस्तीन का झंडा लहरा रहा है और दर्जनों लोग आतिशबाजी छुड़ाते हुए धार्मिक नारे लगा रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि यह वीडियो गंजमुरादाबाद कस्बे में ईद मिलादुन्नबी के जुलूस का है। हालांकि ऐसे किसी भी वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। वहीं, लोगों में चर्चा है कि जुलूस ए मोहम्मदी के दौरान गंजमुरादाबाद कस्बे में निकाले गए जुलूस के दौरान युवाओं द्वारा वीडियो बनाया गया है। ख़ास बात यह है कि झंडा लहराते समय वीडियो में हिंदू धर्म स्थल भी दिखाई दे रहा है। इसे लेकर सीओ अरविंद कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो की जानकारी हुई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## दूर की जाएंगी पेंशन की समस्या

**उन्नाव।** विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी पेंशनों में उत्पन्न समस्याओं के समाधान हेतु महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित पति की मृत्यु के बाद निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पांसरशिप योजना और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए साथ ही महिलाओं व बालिकाओं को सशक्त बनाने हेतु जिले के विकासखंडों में शिविर लगाकर समस्याओं का निस्तारण होगा। यह शिविर 18 सितम्बर को सफीपुर, 19 को फ़तेहपुर चौरासी, 20 को बांगरमऊ, 21 को गंजमुरादाबाद, 23 को मियांगंज, 24 को असोहा, 25 को औरास, 26 को हसनगंज, 27 को नवाबगंज, 28 को बिछिया, 30 को हिलौली, 1 अक्टूबर को सुमेरपुर, 3 को बीघापुर, 4 को सिकंदर सरोसी, 5 को सिकंदर कर्ण, 7 को पुरवा में लगाए जायेंगे।

# महाविद्यालय में श्रमदान कर स्वच्छता पखवाड़ा शुरू

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव


अध्यापकों और स्वयं सेवियों को स्वच्छता की शपथ दिलाते प्राचार्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्थानीय इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को प्राचार्य प्रो. सदानंद राय के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी धर्मेंद्र द्विवेदी व मिशन शक्ति संयोजिका सविता राजन ने श्रमदान कर स्वच्छता पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने स्वच्छता का महत्व बताते हुए सभी से अपने आवास और कार्य स्थल के आसपास साफ-सफाई रखने की अपील की।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार महाविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा संचालित किया जाएगा। इसके तहत बुधवार को प्राचार्य ने सर्वप्रथम सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों व स्वयं सेवियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपने आसपास सफाई रखें तथा लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। इस दौरान स्वयं सेवियों ने महाविद्यालय प्रांगण में झाड़ू लगाकर सफाई की। साथ ही स्वयं सेवियों ने वहां उगी घास को साफ कर कूड़े का निस्तारण भी किया। धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी, डॉ. दिग्विजय नारायण, डॉ. सविता राजन, डॉ. किरन, डॉ. सुनीता निरंकारी, डॉ. रविराज वर्मा, डॉ. अभय राजपूत व डॉ. शैलजा सहित विनोद मौर्य, बसंत लाल मौर्या व जितेंद्र आदि ने भी श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।

## सार-संक्षेप



अस्पताल को बंद कराते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी। अमृत विचार

### बेमानक निजी अस्पताल को कराया बंद, मचा हड़कंप

**बांगरमऊ उन्नाव।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा गठित जांच टीम की रिपोर्ट पर बुधवार को चिकित्साधीक्षक ने फोर्स के साथ कोतवाली गेट के पास स्थित एक निजी अस्पताल को बंद करा दिया। चिकित्साधीक्षक की इस कार्रवाई को लेकर नगर के अन्य निजी अस्पताल संचालकों में हड़कंप मच गया। बता दें कि नगर के विभिन्न मार्गों पर करीब तीन दर्जन निजी अस्पताल संचालित हैं। इन अस्पतालों की जांच करने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधीक्षक डॉ. मुकेश कुमार द्वारा चिकित्सकों की टीम गठित की गई थी। जांच के दौरान टीम ने नगर के उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित मोहल्ला कटरा में संचालित हाईटेक हास्पिटल में एक महिला मरीज भर्ती पाई गई थीं। किंतु टीम को अस्पताल में कोई चिकित्सक व पैरामेडिकल स्टाफ नहीं मिला था। इसके अलावा अस्पताल का संचालन बिना रजिस्ट्रेशन के हो रहा था। टीम ने निजी अस्पताल में भर्ती मरीज को सीएचसी में शिफ्ट कर जांच रिपोर्ट सीएमओ को भेजी थी। बुधवार को सीएमओ के निर्देश पर चिकित्साधीक्षक डॉ. मुकेश कुमार ने सीओ अरविंद कुमार के साथ पहुंचकर हाईटेक हास्पिटल को बंद करा दिया। पुलिस बल के साथ चिकित्साधीक्षक के निजी अस्पताल पहुंचते ही नगर के अन्य सभी निजी अस्पताल संचालकों में हड़कंप मच गया।


विश्वकर्मा जी का पूजन करते अपना दल एस के कार्यकर्ता। अमृत विचार

### हर्षोल्लास से मनाई आदि शिल्पी विश्वकर्मा की जयंती

**बांगरमऊ उन्नाव।** अपना दल एस के कार्यकर्ताओं ने बौद्ध पर्यटन स्थल नेवल में विश्वकर्मा जयंती व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कर उनके जीवन चरित्र पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमरेश पटेल ने मोदी सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी। अध्यक्षता आईटी सेल के जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल आर्य व संचालन विधानसभा अध्यक्ष विकास पटेल ने किया। समारोह में मनोज विश्वकर्मा को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष डॉ. राजेश पाल, सहकारिता मंच के जिलाध्यक्ष कौशल गुप्ता, अल्पसंख्यक मंच जिलाध्यक्ष वसी रजा, विनोद पाल, बंशीलाल अर्कवंशी, अमन शर्मा, शैलेंद्र कटियार, संजय विश्वकर्मा, पुष्पेंद्र कटियार, आशीष गुप्ता, मोनू पाल, अर्जुनलाल गौतम आदि कार्यकर्ता रहे।


जिले में प्रथम स्थान मिलने पर खुशी जताते सीएचसी कर्मचारी। अमृत विचार

### कायाकल्प अवार्ड योजना में औरास सीएचसी जिले में अव्वल

**औरास।** जिले में संचालित औरास सीएचसी ने कायाकल्प अवार्ड योजना के अंतर्गत जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं प्रदेश स्तर पर 27वां स्थान मिलने की जानकारी होने पर क्षेत्रीय लोगों के अलावा सीएचसी स्टाफ ने प्रभारी अधीक्षक डा. अनूप तिवारी का मुंह मीठा कराकर शुभकामनाएं दीं। सीएचसी प्रभारी ने बताया कि अभी हमें ज़िले में प्रथम स्थान मिला है। हमारा प्रयास है कि अब प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करना है। जिसके लिए हमारा स्टाफ व आमजन का सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

**हाल-ए-स्वास्थ्य विभाग** | सीएचसी हसनगंज में 10 साल से लोगों को नहीं मिल रहा मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

# मरीज हो रहे परेशान, सीएचसी में धूल खा रही एक्सरे मशीन

संवाददाता हसनगंज उन्नाव


कमरे में रखी एक्स-रे मशीन। अमृत विचार


एक्स-रे कक्ष में पड़ा ताला। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हसनगंज सीएचसी में 10 वर्षों से एक्स-रे मशीन खराब होने और अल्ट्रासाउंड टेक्नीशियन न होने से मरीजों को अल्ट्रासाउंड व एक्स-रे का लाभ नहीं मिल पा रहा था। जैसे तैसे 6 माह पूर्व सीएचसी में एक्स-रे मशीन तो पहुंच गई लेकिन उसका इंस्टॉलेशन होना टेढ़ी खीर नजर आ रहा है।

बता दें कि सीएचसी आई मशीन बैंगलुरू के प्रोग्नोसिस सेंटर से मंगवाई गई थी। जिसके रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया भी एईआरबी से पूरी हो गई थीं। सीएचसी प्रभारी डॉ. प्रमोद ने अपने नाम से रजिस्ट्रेशन के लिए अप्लाई किया था। वहीं कंपनी इंजीनियर ने बताया कि पूर्व में उन्नाव सीएमओ रहे डॉ. लालता प्रसाद के नाम से इसका रजिस्ट्रेशन हो चुका है अब दोबारा नहीं होगा। पुनः रजिस्ट्रेशन करने पर यूजर आईडी में आमिर खान का नाम आ रहा है और ओटीपी भी मेल पर नहीं पहुंच रही है। ऐसे में सीएचसी में रोज आ रहे सैकड़ों मरीजों को एक्स-रे व अल्ट्रासाउंड के लिए चिकित्सक निजी पैथालाजी जाने की सलाह दे रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग जानकर भी अंजान है। एक्स-रे मशीन आपरेटर पर्चे बनाकर ड्यूटी पूरी करने को मजबूर हैं। जबकि सीएचसी में रोज 300 से 400 ओपीडी होती हैं।

जहां क्षय रोग के मरीजों को हजारों रुपये खर्च कर बाहर से एक्स-रे कराने को मजबूर होना पड़ता है। वहीं, गर्भवती महिलाओं को जननी सुरक्षा योजना के तहत मिलने वाली निशुल्क जांच के लिए हजारों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। निजी पैथोलॉजी में डाक्टर के नाम पर आपरेटर रिपोर्ट लगाकर बड़े पैमाने पर गड़बड़ी करते हैं। जिसका खामियाजा गर्भवती महिलाओं व गंभीर मरीजों को भुगतना पड़ता है। मरीजों की मजबूरी का फायदा आशाबहू व चिकित्सक मिलकर दोनों उठा रहे हैं।

सरकार की योजनाओं को स्वस्थ्य विभाग बेखौफ होकर ठेंगा दिखा रहा हैं। जिससे कई प्रसव पीडि़त महिलाओं की अपनी जान गंवानी पड़ी है। इस संबंध में सीएचसी प्रभारी डॉ. प्रमोद ने बताया कि इस समस्या से सीएमओ और सीएचसी-पीएचसी निदेशक को जुलाई माह में अवगत कराया जा चुका है। लेकिन अभी तक कोई भी सुनवाई नही हुई है।


समाजसेवी मिलन पांडे ने बताया कि निन्देमऊ निवासी अंकित का हाथ टूट गया था। जिसका इलाज करवाने के लिए वे सीएचसी हसनगंज गए थे। लेकिन वहां एक्स-रे की सुविधा न होने से बाहर से एक्स-रे कराने में हजारों रुपये खर्च करने पड़े थे। कहा कि उन्होंने इसकी शिकायत सांसद साक्षी महाराज से की है।


समाजसेवी लिटिल सिंह ने बताया कि उनकी चाची के हाथ में बीते माह फ्रैक्चर हो गया था। इस पर वे उन्हें हसनगंज सीएचसी ले गए थे। लेकिन, वहां कोई भी सुविधा उपलब्ध न होने से निजी अस्पताल में इलाज कराना पड़ा था। जिसमें उनके हजारों रुपये खर्च हो गए थे।

### येलो अलर्ट पार कर रेड अलर्ट की ओर गंगा का पानी, पश्चिमी इलाकों के बाद पोनी रोड के रिहायशी मकानों के पास पहुंचा पानी

# खतरे के निशान से 29 सेमी दूर गंगा, मचा हड़कंप

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में झमाझम बारिश होने के कारण प्रतिदिन पश्चिम के बांधों से हजारों क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। जिससे शुक्लागंज के रिहायशी इलाके, तटवर्ती इलाके और ग्रामीण क्षेत्र पूरी तरह से जलमग्न हो गये हैं। अधिकांश लोगों ने छतों पर डेरा डाल रखा है तो कुछ लोग सुरक्षित स्थानों पर पहुंच रहे हैं।

केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार मंगलवार शाम गंगा का जलस्तर 112.350 मीटर दर्ज किया गया था। जिसके बाद बुधवार को तेजी से जलस्तर बढ़ा और प्रति घंटे लगभग डेढ़ सेंटीमीटर जलस्तर में बढ़ोत्तरी होती रही। सुबह 10 बजे 112.630 मीटर, 11 बजे 112.650 मीटर, दोपहर एक बजे 112.670 मीटर, तीन बजे 112.690 मीटर व शाम छह बजे 112.710 मीटर पहुंच गया। जो खतरे के निशान 113 मीटर से 29 सेंटीमीटर दूर है। वहीं चंपापुरवा, तेजीपुरवा, कर्बला, सैय्यद कम्पाउंड, कर्बला, हुसैन नगर, मोहम्मद नगर के अलावा रविदास नगर, श्री नगर के मालवीय नगर के आदि मोहल्लों के सैकड़ों मकान जलमग्न है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी भीषण जलभराव हो गया है। अधिकांश लोग सुरक्षित स्थानों पर पहुंच गये हैं। वहीं जिन मोहल्लों में बाढ़ का पानी भरा हुआ है। उन मोहल्लों की बिजली काट दी गई है। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं प्रशासन की ओर से जिन मोहल्लों में बाढ़ का पानी भरा हुआ है। वहां पर अब आधा दर्जन से अधिक नावें लगवाई गई हैं।

**विद्यालयों तक पहुंचा पानी**

**फतेहपुर चौरासी।** गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ने से गंगा कटरी क्षेत्र के एक दर्जन गांवों के किनारे पानी भर गया है। जिससे ग्रामीण चिंतित हैं। वहीं चिरंजीपुरवा शहरिया सलेमपुर मार्ग पर व लोकैइया पुरवा से धन्नापुरवा मार्ग पर पानी भर जाने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है। गंगा का पानी बढ़ने से हिन्दूपुर, दबौली बाजार, खैरी, खलकखेड़ा, भदेहरा, गड़ाई, परशुरामपुर, चिरंजीपुरवा आदि गांवों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। चिरंजीपुरवा से शहरिया सलेमपुर के लिए गया डामरीकृत मार्ग पर गांव की पुलिया के पास पानी मार्ग के ऊपर बहने लगा है। जिससे दबौली विद्यालय में आने वाले बच्चों के साथ ग्रामीणों को आने जाने में परेशानी हो रही है। लोकैइयापुरवा से धन्नापुरवा गया डामरीकृत मार्ग भी जलमग्न हो गया है। जाजामऊ एहतमाली के प्रधान रोशन ने बताया कि यदि गंगा के जलस्तर में बढोत्तरी होती रही तो कुसेहर बंगला गांव में पानी भर जाएगा। दबौली के प्रधान विजय शंकर यादव सहित नीरज पाण्डेय, अर्जुन निषाद, विनोद यादव आदि ने बताया कि गंगा का जलस्तर बढ़ने से ग्रामीण बाढ़ को लेकर चिंतित हैं।


चंपापुरवा के निचले इलाकें में भरा बाढ़ का पानी, नाव से घर जाती महिलाएं।


बाढ़ के पानी से भरे खेत दिखाता किसान। अमृत विचार


विद्यालय में भरा बाढ़ का पानी।

### आधा दर्जन से अधिक मोहल्लों की काटी गई बिजली

गंगा का पानी मनोहर नगर, चंपापुरवा, गंगा नगर, शक्ति नगर, गोताखोर, अवस्थी फार्म हाउस तक पहुंच गया है। जिसे देखते हुये बिजली विभाग ने इन मोहल्लों की बिजली काटी है। विधायक पंकज गुप्ता ने क्षेत्र मी बढ़ते जल स्तर को लेकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे। उन्होंने वादा किया कि वे राहत सामग्री का वितरण स्वयं करेंगे। इसके साथ ही प्रशासन से मिलने वाली राहत सामग्री भी पहुंचाने की बात कही है।

### जलस्तर बढ़ने के बाद भी नहीं लगाई बैरीकेडिंग

**बांगरमऊ।** बाढ़ के चलते क्षेत्र के नानामऊ गंगातट पर पानी बंधे तक आ पहुंचा है और चंद कदम दूर तेज धारा की कटान से पानी की गहराई करीब 30 से 40 फीट तक है। पूर्व में अमावस्या और पूर्णिमा सहित प्रमुख स्नान पर तहसील प्रशासन गहराई के पहले बेरीकेडिंग लगवाता रहा है। किंतु तहसील प्रशासन की घोर लापरवाही के चलते बीते कई त्योहारों और स्नान पर बेरीकेडिंग नहीं लगाई जा सकी। जिससे बीते 21 जुलाई को आषाढ़ पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम आशायस निवासी कन्हैयालाल गुप्ता गंगा की तेज धारा में बह गए थे। जिनका शव दूसरे दिन घाट से करीब दो किलोमीटर दूर ग्राम सेतुवाही के सामने बरामद हुआ था। उसी दिन गंगा मेला में दुकान लगाने गया नगर के मोहल्ला अर्पित पुत्र राज किशोर स्नान करने के दौरान बेरीकेडिंग लगी न होने से गहरे पानी में चला गया और नदी की तेज धारा में समा गया था। काफी खोज के बाद भी अर्पित का शव बरामद नहीं हो सका था।

### बाढ़ से खराब हो रही किसानों की फसलें

**परियर।** लगातार हो रही बारिश व बांधों से पानी छोड़े जाने से गंगा का जलस्तर कई दिनों से लगातार बढ़ रहा है। जिससे अब पानी क्षेत्र के एक दर्जन गावों के पास पहुंच गया है। जिससे आसपास के गावों के लोगों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। बाढ़ से फसल भी बर्बाद होने लगी हैं। ग्रामीण व राजस्व अधिकारी लगातार गंगा नदी के जल स्तर पर नजर रखे हुए हैं। बता दें सदर तहसील के परियर क्षेत्र में गंगा का जल स्तर बढ़ने से अब पानी माना बंगला, देवी पुरवा, बंदन पुरवा, लाल्टू पुरवा, बाबू बंगला, टपरा, महानंदपुरवा, बेनिपुरवा, कोलवा, अतरी, पनपथा, सहित एक दर्जन गावो के पास पहुंच गया है। लोग बाढ़ की आशंका को लेकर चिंतित है। राजकुमार, विपिन, संजय, कमलेश, विनोद, निवाजी, सुंदर, रमेश, गुड्डू, पप्पू, रामकिशन, भानु तिवारी, पुत्तु, आशु आदि ने बताया कि बाढ़ से खेतो में तैयार लौकी, कद्दू, तरोई, टिंडा, सेमी, करेला आदि की फसल बर्बाद हो रही है। क्षेत्रीय राजस्व उप निरीक्षक दीपचंद, प्रदीप कमल ने नाविक व गोताखोर की सूची बनाना शुरू कर दिया हैं। माना बंगला व बाबू बंगला के बीच में जरूरत पड़ने के लिए एक नाव लगा दी है।

# खतरा भांपकर एसडीएम ने किया बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- नदी के किनारे रहने वाले लोगों को एसडीएम ने बाढ़ केन्द्र जाने के लिये निर्देश दिए

**अमृत विचार।** शुक्लागंज की ओर गंगा खतरे के निशान के पास पहुंच गई है। जिसे देखते हुये बुधवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम और तहसीलदार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान नगर में चार बाढ़ राहत शिविर बनाये गये। जहां बाढ़ प्रभावितों को राहत शिविर में पहुंचाने के लिये राजस्व कर्मियों को निर्देश दिये।

जिलाधिकारी के निर्देश पर बुधवार को एसडीएम क्षितिज द्विवेदी, तहसीलदार अविनाश चौधरी पहुंचे। जहां उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान लेखपाल को जलस्तर पर नजर बनाये रखने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान पश्चिमी क्षेत्रों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बताया कि जिन मोहल्लों में गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग बच्चे बाढ़ से घिरे हुये हैं। उन्हें तुरंत बाढ़ शिविरों में पहुंचाया। जहां उनके रहने की पूरी समुचित व्यवस्था की जाये। लेखपाल अशोक सैनी ने बताया कि मिश्रा कॉलोनी नवीन बाढ़ केन्द्र, ओपीजेडी, चंपापुरवा बारातशाला, नगर पालिका को बाढ़ केन्द्र बनाया गया है। नदी के किनारे रहने वाले लोगों को बाढ़ केन्द्र में जाने के निर्देश दिये गये हैं। वहीं गंगा के जलस्तर पर बराबर नजर रखी जा रही है।


बाढ़ का निरीक्षण करते एसडीएम और तहसीलदार। अमृत विचार

### दुरुस्त कराया गया एक्स-रे मशीन का खराब प्रिंटर

**अमृत विचार प्रभाव**

**औरास।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास में लगी एक्स–रे मशीन का प्रिंटर बीते दिनों खराब हो गया था। जिसे सीएचसी प्रभारी ने सही करा दिया है। इससे अब विकासखंड क्षेत्र के गावों के लोगों को इसका लाभ मिल सकेगा। बता दें कि एक्स–रे मशीन का प्रिंटर खराब होने से आ रही समस्या को लेकर एक खबर अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी। इस खबर का संज्ञान लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. अनूप तिवारी ने बताया था कि एक्स–रेमशीन जल्द से जल्द सही कराई जाएगी। खबर का संज्ञान लेते हुए सीएचसी प्रभारी ने बुधवार को एक्स–रे मशीन का प्रिंटर बदलवा दिया।

## एक नजर

### जहरीले कीड़े के काटने से बच्चे की मौत

**उन्नाव।** बारासगवर थानाक्षेत्र के सथनी बालाखेड़ा गांव में 10 वर्षीय बच्चे को घर में जहरीले कीड़े ने काट लिया। परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। जहां से कानपुर ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। बता दें कि सथनी बाला खेड़ा निवासी बबली का 10 वर्षीय बेटा विनय कमरे में तखत सो रहा था। सुबह छह बजे उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। उसकी चीख सुन परिजन कमरे में पहुंचे तो उन्हें वहां एक सांप दिखाई पड़ा। इस पर वे बच्चे को लेकर जिला अस्पताल लाए। जहां से उसे कानपुर के हैलेट अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। वह गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 5 का छात्र था। दो बेटियों में छोटे व इकलौते बेटे की मौत से मां राजवती बेहाल है।

### शादी के चार माह बाद पत्नी नकदी व जेवरात लेकर फरार

**औरास।** थानाक्षेत्र के गांव श्यामपुर के मजरे तियर निवासी पवन पुत्र राम आसरे मौर्य ने थाने में दिये प्रार्थनापत्र में आरोप लगाया कि उसकी शादी 4 माह पूर्व हुई थी। उसकी पत्नी रिंकी बीते मंगलवार रात करीब डेढ़ बजे सोने का हार व घर में रखे 1 लाख नगद लेकर कहीं चली गई है। काफी खोजने के बावजूद रिंकी का पता नहीं चल सका है। पवन ने पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की है।

### विवाहिता की मौत के मामले में 3 गिरफ्तार, गए जेल

**औरास।** थानाक्षेत्र के कटरा तरौना गांव निवासी सावित्री पत्नी हिमांशु यादव की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई थी। जिसमें मृतका के भाई ने औरास थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी बहन को मारकर शव लटकाया गया है। परिजनों के हंगामा की सूचना मिलते ही पुलिस ने पति व देवर, सास, ननद पर मुकदमा दर्ज किया था। शव पोस्टमार्टम से आने के बाद शान्तिपूर्ण ढंग से अंतिम संस्कार कराया गया था। परिजनों ने घटना में नामितों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग की थी। एसओ अश्वनी मिश्र ने बताया कि तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### आमने-सामने टकराईं बाइकें, दो गंभीर

**औरास।** थानाक्षेत्र के कस्बा निवासी सरवन (25) पुत्र गंगाराम बाइक से घर आ रहा था। तभी सामने से आ रहे दूसरी बाइक से एक पेट्रोप पंप के पास उसकी बाइक की टक्कर हो गई। जिसमें दोनों बाइक सवार गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी औरास में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के बाद अज्ञात बाइक सवार युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। एम्बुलेंस के चालक व स्वास्थ्य कर्मी ने उसे ले जाने से मना कर दिया और हवाला दिया कि जिला अस्पताल में अज्ञात मरीजों को दाखिल नहीं किया जाता है। जबकि अज्ञात युवक गंभीर घायल था। समाचार लिखे जाने तक घायल युवक सीएचसी में ही तडपता रहा। सीएमओ से शिकायत करने पर एम्बुलेंस चालक उसे जिला अस्पताल ले गया।

# पितृ पक्ष शुरू, तर्पण करने को लगी भीड़

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** बुधवार से शुरू हुए पितृ पक्ष के पहले दिन नगर के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने गंगा में खड़े होकर अपने पितरों का पर्तण करते हुए पंडितों को दान दक्षिणा दी। पंडितों ने विधि-विधान से तर्पण कराया, जिसके बाद श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, उदया तिथि पर गंगा तट पर पितरों को पिंडदान और जल का तर्पण करने से उनकी आत्माओं को शांति मिलती है। यह परंपरा अनादि काल से चली आ रही है। पितृ पक्ष में पितरों को तर्पण करना और पिंडदान करना अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। श्राद्ध के महत्व के बारे में धर्म ग्रंथों में विस्तार से बताया गया है। महाभारत के अनुशासन पर्व में भीष्म पितामह ने युधिष्ठिर को श्राद्ध के बारे में जानकारी दी थी। श्राद्ध की परंपरा का प्रारंभ अत्रि मुनि ने किया था, और महर्षि निमि ने इसे आगे बढ़ाया। इसके बाद कई अन्य ऋषियों ने भी श्राद्ध करने की प्रक्रिया को अपनाया और पितरों को अन्न का भोग लगाने लगे। इस अवसर पर पालिका ने घाटों की सफाई का विशेष ध्यान रखा। नमामि गंगे घाट, शिव पंडा घाट, मोनू पंडा घाट, पुराने यातायात पुल के नीचे, रेलवे पुल के नीचे, गंगा विशुन घाट और जाजमऊ चंदन घाट पर महापात्रों ने विधि-विधान से तर्पण कराया।


घाट पर पितरों को पानी देते लोग। अमृत विचार

# हत्या में दोषी पति व सास को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** आसीवन थानाक्षेत्र में दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित व उसकी हत्या करने के मामले में जिला जज ने फैसला सुनाते हुए हत्या के लिए पति व सास को दोषी ठहराते हुए उन्हें आजीवन कारावास के साथ 10-10 हजार जुर्माना अदा करने के आदेश दिए हैं। मात्र 13 माह में न्याय मिलने से पीड़ित परिवार ने खुशी जाहिर की।

बता दें कि आसीवन थानाक्षेत्र के पाठकपुर गांव निवासी सुरेश पुत्र छोटा ने 18 अगस्त-2023 को बेटी ज्योति की मृत्यु पर उसके पति रेखलाल उर्फ लेखलाल व सीमा पत्नी परशुराम पासी पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी तहरीर में उसने बताया था कि ज्योति की शादी 14 जून-2022 को थानाक्षेत्र के खरगौरा गांव निवासी परशुराम के बेटे रेखलाल उर्फ लेखलाल से की थी। शादी के बाद से ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज लाने के लिए बेटी को प्रताड़ित करते थे। जिसे लेकर वह बेटी को ले आया था। बाद में समझौता हो गया और बेटी ससुराल लौट गई थी। 18 अगस्त-2023 को उसे सूचना मिली थी कि ज्योति का शव घर में फंदे से लटका है। वह पहुंचा तो बेटी का शव पड़ा था और घर के सभी लोग फरार थे।

## सार-संक्षेप

### राहुल गांधी के बयान से सिख समुदाय नाराज, फूंका पुतला

**उन्नाव।** अमेरिका में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा दिये गए बयान से सिख समुदाय बेहद नाराज है। इसे लेकर बुधवार को शहर के बुद्धन शाह मार्केट तिराहा पर राहुल गांधी का पुतला फूंका गया। इसमें सिख समुदाय के लोगों ने कांग्रेस नेता के खिलाफ नारेबाजी भी की। सिख समुदाय के लोगों ने कहा कि राहुल गांधी ने अमेरिका में भारत की निंदा की है। उनका यह कहना गलत है कि सिख समुदाय को धार्मिक आजादी नहीं है। भारत में सिख समुदाय पूरी आजादी के साथ रह रहा है। भाजपा नगर अध्यक्ष ने राहुल गांधी के बयान को शर्मनाक बताते हुए कहा कि सिख समुदाय का अपमान कांग्रेस की नीति में शामिल है। जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा ने कहा कि देश में सिखों का सम्मान सिर्फ भाजपा ने किया है। जिला उपाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने कहा कि राहुल गांधी विदेश में राष्ट्र विरोधी बातें करते हैं। पुतला जलाने वालों में सरदार जरनैल सिंह, कुलदीप सिंह, सुरेंद्र सिंह, जसविंदर सिंह, कुंवर प्रीत सिंह टन्नी, जसमीत सिंह के अलावा भाजपा नगर अध्यक्ष अवनीश सिंह, जिला उपाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, कृष्ण कुमार वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष मनीष जायसवाल, सभासद प्रतिनिधि नवीन सिंह, आशीष त्रिपाठी, नीरज शुक्ला, दिनेश चौरसिया, विवेक मिश्रा, प्रथम मिश्रा, कृष्ण कुमार द्विवेदी, योगेश बाजपेई आदि रहे।

### ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जिले की छात्राओं ने जीता सोना

**फतेहपुर चौरासी।** क्षेत्र के कालीमिट्टी स्थित कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं ने सीतापुर में हुई मंडल स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। जिसमें कक्षा आठ की छात्राएं आकांक्षा, पूर्णिमा, रोशनी, कक्षा 7 की छात्रा शिवानी कक्षा 6 की छात्रा याशनी, कुंती ने ताइक्वांडो प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीते। विद्यालय के स्टाफ ने छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। कहा कि छात्राओं को आगे भी प्रतियोगिताओं में भागेदारी के लिए भेजा जाएगा। ताइक्वांडो प्रशिक्षिका पद्मिनी अवस्थी ने छात्राओं को ताइक्वांडो का प्रशिक्षण दिया था।


विजयी छात्राएं।

### 21 सितंबर को डीएसएम स्कूल में होगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**शुक्लागंज उन्नाव।** राजधानी मार्ग स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल में 21 सितंबर को सुबह 10 बजे से लखनपुर रामा हॉस्पिटल, लखनपुर द्वारा एक नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर तैयारियां की जा रही है। यह जानकारी बुधवार को स्कूल में हुई प्रेस वार्ता के दौरान संयोजक अवनीश शुक्ला ने दी। उन्होंने बताया कि इस शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा कार्डियोलॉजी, जनरल सर्जरी, यूरोलॉजी, नेत्र जांच और दंत चिकित्सा से संबंधित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करा सकते हैं और विशेषज्ञ डॉक्टरों से सलाह ले सकते हैं। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य की नियमित निगरानी और जागरूकता बढ़ाना है, ताकि लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें। डॉ. अनिल शुक्ला, रितेश मिश्रा, डॉ. अभिनव कुमार, अनिल राजपूत मौजूद रहे।

### मेले में किसानों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

**पुरवा उन्नाव।** कृषि सूचनातंत्र के सुदृढ़ीकरण व कृषक जागरूकता कार्यक्रम के तहत ब्लाक सभागार में आयोजित किसान मेला व प्रदर्शनी का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि मनमोहन, भाजपा जिला मंत्री डा. रजनीश वर्मा व ब्लाक प्रमुख सतीश चौधरी ने किया। मेले में आए किसानों को कृषि संबंधी जानकारी दी गई। किसानों को तिरपाल व मृदा स्वास्थ्य कार्ड भी बांटे गये। विधायक प्रतिनिधि मनमोहन सिंह ने कहा कि मोदी व योगी की सरकार लगातार किसानों के हित में जनहितकारी योजनाएं चला रही है। ब्लॉक प्रमुख सतीश चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों के हित का सदैव ध्यान रखती हैं। भाजपा जिलामंत्री डा. रजनीश वर्मा ने कहा कि किसान ब्लाक में पंजीयन कराएं ताकि उन्हें योजनाओं का लाभ मिल सके। राजकीय बीज भंडार प्रभारी शिव कुमार ने बताया कि फसलों के बीज अनुदान पर किसानों को मिलेंगे। किसान वंशीलाल, श्यामू, रमेश, सुखदेई, अलोपी व राकेश थे।

### किसान मेला: बिना बीज किट के मायूस लौटे किसान

**औरास।** ब्लॉक क्षेत्र के राजकीय बीज भंडार पर कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम विकास खंड स्तरीय किसान मेला एवं प्रदर्शनी का दो दिवसीय आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक बृजेश कुमार रावत भूमि संरक्षण अधिकारी अशोक कुमार की उपस्थिति में मेला एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। इसमें सरकार द्वारा नि :शुल्क बीज वितरण का कार्यक्रम होना था लेकिन, किसानों को इसमें सिर्फ सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर लौटा दिया गया। जिससे किट वितरण की उम्मीद में बैठे किसानों को किट नसीब नहीं हो सकी और किसान मायूस होकर लौट गए। वहीं दो दिवसीय कार्यक्रम एक ही दिन में समापन कर दिया गया। कार्यक्रम में एडीओ एजी अशोक कुमार, कार्यक्रम के सलाहकार गुलाब चंद्र, भाजपा मंडल अध्यक्ष बृजेश त्रिपाठी, नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश कुमार, कृषि रक्षा इकाई प्रभारी अजय सिंह व स्टाफ व किसान उपस्थित रहे।

# डीआरएम ने किया गंगाघाट स्टेशन का विंडो निरीक्षण

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** बुधवार को डीआरएम प्रयागराज हिमांशु बदोनी ने गंगाघाट स्टेशन का विंडो निरीक्षण किया। यह निरीक्षण विशेष शैलून से किया गया, जिसमें उन्होंने गंगाघाट से ऋषि नगर केबिन तक यात्रा की। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य गंगाघाट और मगरवारा स्टेशनों को एनसीआर में शामिल करने की प्रक्रिया की प्रगति की समीक्षा करना था।

रेल विभाग के सूत्रों के अनुसार, यह पहल काफी समय से चल रही है और डीआरएम का यह दौरा इसी संदर्भ में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वर्तमान में उन्नाव, मगरवारा, गंगाघाट और कानपुर जयपुरिया क्रासिंग उत्तर रेलवे जोन में आते हैं, जबकि मगरवारा स्टेशन को उत्तर मध्य रेलवे में शामिल करने की कवायद भी जारी है। निरीक्षण के बाद, डीआरएम का शैलून कानपुर वापस लौट गया। इस कदम से क्षेत्र में रेल यातायात को बेहतर बनाने की उम्मीद है।


गंगाघाट स्टेशन से जाता डीआरएम प्रयागराज का शैलून।

# 7 लाख से बनेगा रामलीला का चबूतरा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** श्री सार्वजनिक शुक्लागंज रामलीला समिति द्वारा पोनी रोड पर रामलीला के मंचन के लिए 7 लाख की लागत से चबूतरा निर्माण की प्रक्रिया शुरू की गई है। इस निर्माण कार्य का भूमि पूजन बुधवार को सदर विधायक पंकज गुप्ता ने आचार्यों की मौजूदगी में विधि विधान से किया।

श्री सार्वजनिक रामलीला समिति विगत कई वर्षों से पोनी रोड, श्रीनगर सरकारी स्कूल के पास रामलीला का आयोजन कर रही है। लीला के सफल आयोजन के लिए समिति ने विधायक से चबूतरा और स्थल का सुंदरीकरण कराने का अनुरोध किया था। विधायक ने अपनी निधि से इस काम को स्वीकृति दी, जिससे रामलीला का मंचन और भी भव्य और सुगम हो सकेगा। भूमि पूजन के अवसर पर उपस्थित आचार्यों ने चबूतरे के निर्माण की प्रक्रिया का शुभारंभ किया। चबूतरा 40 फीट लंबा, 35 फीट चौड़ा और 5 फीट ऊँचा होगा। इसके चारों ओर सुंदरीकरण का कार्य भी किया जाएगा, इसके साथ ही ग्रिल लगाई जायेंगी ताकि आयोजन स्थल की भव्यता बढ़े। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष उमेश तिवारी और संस्थापक प्रेम शुक्ला ने विधायक का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस चबूतरे के निर्माण से रामलीला के आयोजन में सुविधा होगी और दर्शकों को बेहतर अनुभव मिलेगा। भूमि पूजन समारोह में विकास मिश्रा, सुरेश शुक्ला, विनय तिवारी, करूणाशंकर, नन्हकू मिश्रा, अंकित पांडे, ज्ञान शंकर, सुरेन्द्र गुप्ता, हिमांशु निषाद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।


चबूतरे के लिये भूमि पूजन करते सदर विधायक पंकज गुप्ता व अन्य। अमृत विचार

**आयोजन** | भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के ज़िला स्तरीय सम्मेलन में व्यापारियों का किया गया सम्मान

# व्यापारियों का शोषण किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के ज़िला स्तरीय व्यापारी सम्मेलन व व्यापारी सम्मान समारोह का आयोजन शहर मोतीनगर स्थित एक गेस्ट हाउस में बुधवार को आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि प्रदेश संगठन मंत्री राम तनेज़ा व भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के संरक्षक चंद्रप्रकाश अवस्थी, ज़िला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विग्नेश पांडेय, ज़िलाध्यक्ष अखिलेश अवस्थी द्वारा भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया गया।

मुख्य अतिथि राम तनेज़ा का ज़िलाध्यक्ष अखिलेश अवस्थी व अध्यक्ष सुबोध अस्थाना ने माल्यार्पण व अंगवस्त्र पहनाकर प्रतीक चिन्ह भेट देकर किया गया। जिसमे संरक्षक चंद्रप्रकाश अवस्थी को नगर महामंत्री हर्षित वर्मा व ज़िला संगठन मंत्री बब्लू गुप्ता द्वारा सम्मान करते किया गया। वही अध्यक्ष सुबोध अस्थाना ने अपने उद्बोधन में आये हुए सभी सम्मानित पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए। व्यापारियों की एक जुट रहने की अपील की ज़िलाध्यक्ष अखिलेश अवस्थी ने अपने उद्बोधन के दौरान प्रदेश मंत्री तनेज़ा को प्रदेश में पद मिलने से जिले के संगठन को मज़बूत होने की बात कहते हुए कहा कि जिले के व्यापारियों को किसी से डरने की ज़रूरत नहीं बिना डर के निर्भय होकर व्यापार करे। व्यापारियों का शोषण किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही ज़िलाध्यक्ष ने संगठन को मज़बूत करते हुए ज़िला उपाध्यक्ष विजय कुमार पांडेय व ज़िला महामंत्री निर्भय सिंह को मनोनीत करते हुए। संगठन के प्रतिनिष्ठा से कार्य करने की शपथ दिलायी और क्षेत्र से आये हुए मोहान अध्यक्ष ओम कुमार साहू, पुरवा से अध्यक्ष जय जय गुप्ता, सहजनी से सन्तोष गुप्ता ने अपने उद्बोधन में व्यापार संबंधी विचार व्यक्त किए। मंचासीन वरिष्ठ उपाध्यक्ष विग्नेश पांडेय ने अपने उद्बोधन में ज़िला स्तर पर आये हुए सभी व्यापारियों का धन्यवाद बोलते हुए कहा व्यापारी हित के लिए संगठन के साथ हरसंभव मदद के लिये खड़ा है। मुख्य अतिथि तनेज़ा ने कहा कि जिले में व्यापारियों को एक जुट होने की आवश्यकता है। व्यापारी यदि एक जुट हो जाये तो उसका कोई शोषण नहीं कर सकता। भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल एक ऐसा संगठन है। अखिलेश अवस्थी के नेतृत्व में व्यापारी हित में कार्य कर रहा है। व्यापारियों की अवाज प्रदेश स्तर पर उठाने के लिए मैं आपके साथ हूं। इन्द्रजीत सिंह, प्रदीप सिन्हा, अल्पसंख्यक अध्यक्ष मुशीर ख़ान, अबरार अहमद, पवन तनेज़ा, हर्षित वर्मा, सरदार हैप्पी, सरदार कुंवरप्रित, सिंग सनी, राजेश कुमार, राजेश भट्ट, अनुराग मोहन, पुनीत रम्भेवाल, सन्तराम यादव, अमर कुमार, प्रशान्त मिश्रा आदि रहे।


व्यापारी सम्मेलन में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

मर्माण्यस्थीनि ह्रदयं तथासून् , रुक्षा वाचो निर्दहन्तीह पुंसाम् ।
तस्माद् वाचुमुषतीमुग्ररुपां धर्मारामो नित्यशो वर्जयीत ॥

कठोर बात सीधी मर्मस्थान, हड्डियों तथा दिल पर जाकर चोट करती है और प्राणों को टीसती रहती है, इसलिए धर्मप्रिय व्यक्ति को ऐसी बातों को हमेशा के लिए छोड़ देना चाहिए।

## संपादकीय

# किसानों के लिए बड़ा फैसला

किसानों के विकास और उनके सशक्तिकरण के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है। सरकार की प्राथमिकता में वित्तीय सुरक्षा, कौशल विकास, बाजार पहुंच और टिकाऊ कृषि पद्धतियां प्रदान करके किसानों के जीवन में सुधार करना शामिल है। सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में किसानों के हित में कई नीतियां लागू की हैं, जिनका उद्देश्य कृषि उत्पादकता और निर्यात को बढ़ाना है। इस दौरान बुनियादी ढांचे में तीन लाख करोड़ रुपये का निवेश किया गया है, जिसमें कृषि क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया गया है। न्यूनतम समर्थन मूल्य 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 12.7 प्रतिशत किया गया है। बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किसानों को लाभकारी मूल्य प्रदान करने और उपभोक्ताओं के लिए आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) योजनाएं जारी रखने की मंजूरी दे दी है। किसानों की आय के संरक्षण की दिशा में भारत सरकार द्वारा उठाया गया एक असाधारण कदम है जिससे किसानों के कल्याण में काफी हद तक सहूलियत होने की आशा है।

किसानों की आय सरंक्षण के लिए पीएम-आशा में 35,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। यह अन्नदाता के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। सरकार 22 अनिवार्य फसलों के लिए एमएसपी तय करती है। पीएम अन्नदाता आय संरक्षण अभियान एमएसपी सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक योजना है। जानकारों के मुताबिक सरकार को इस बात का एहसास है कि यदि बाजार में कृषि उपज का मूल्य एमएसपी से कम है तो वैसी स्थिति में राज्य और केन्द्र सरकार को या तो इसे एमएसपी पर खरीदना चाहिए अथवा ऐसा तरीका अपनाना चाहिए, जिससे कि किसी अन्य व्यवस्था के जरिए किसानों को एमएसपी सुनिश्चित कर दी जाए। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने तीन उप-योजनाओं के साथ समग्र योजना पीएम-आशा को मंजूरी दी है। मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस), मूल्य न्यूनतम भुगतान योजना (पीडीपीएस) और निजी खरीद एवं स्टॉकिस्ट पायलट योजना (पीडीपीएस) इन उप-योजनाओं में शामिल हैं। इसके अलावा सरकार ने किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए अनेक बाजार सुधारों को लागू किया गया है। इनमें मॉडल कृषि उपज एवं पशुधन विपणन अधिनियम, 2017 और मॉडल अनुबंध खेती एवं सेवा अधिनियम, 2018 भी शामिल हैं। अनेक राज्यों ने कानून के जरिए इन्हें अपनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं। कहा जा सकता है कृषि नीतियां किसानों की समृद्धि और कल्याण को ध्यान में रखते हुए बनाई गई हैं, जिससे देश में खाद्यान्न उत्पादन और निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा।

# विचारधारा का कैदखाना



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

**विचार मनुष्य का बल है, वैभव है, लेकिन यदि वही विचार मनुष्य के लिए कैदखाना बन जाए, तब? अपरिमित बल के साथ ही मनुष्य में निर्बलता भी है कि वह विचारधाराओं को अपने लिए जेलखाना बना लेता है, कट्टर बन जाता है। विचार को लेकर लड़ने लगता है।**

**समष्टि जीवन में विचार का नियमन कब तक रहेगा? जब तक समष्टि चेतना रहेगी। जब वह व्यक्ति चेतना के रूप में बिखर जाएगी, तब वह विचार भी निष्प्रभावी हो जाएगा और तब नई परिस्थितियां होंगी, नए विचार की मांग करेंगी। इसलिए कोई भी विचार शाश्वत नहीं हो सकता। समष्टि चेतना सो जाती है, तब समष्टि की संपत्ति पर व्यष्टि स्वार्थ या वर्ग स्वार्थ डाका डालते हैं। विकास चाहे जितना हो जाए, मनुष्य चाहे चंद्रमा पर रहने लग जाए, किंतु मनुष्य की मूलप्रवृत्तियां भूख, रति, संग्रह या लालच, भय या रक्षा, प्रभुता, होड़, आराम आदि कभी समाप्त नहीं होंगी, क्योंकि यह मनुष्य है और मनुष्य ही रहेगा। जीव वैज्ञानिक तो इसे एनिमल कहते ही हैं। इसके अंदर बैठा हुआ गुफा का जानवर हमेशा रहता है और हमेशा रहेगा।**

हम अनंत अंतर्विरोधों और अंतर्द्वंद्वों के बीच रह रहे हैं। कोई एक विचारधारा नहीं है, कोई एक विचार-समूह नहीं है, कोई एक संस्कृति, दर्शन या जीवनप्रणाली नहीं है। परस्पर विरोधी विचारधाराएं हैं, बहुत विशाल देश है। असंख्य भिन्नताएं हैं। असंख्य विचारधारा हैं, असंख्य विचार समूह हैं और प्रत्येक विचारधारा अपने को ही परमसत्य मानती है। प्रश्न तो सर्वस्वीकार्यता का है। यदि वह सत्य कुछ को ही स्वीकार्य है तो वह खंडित या अधूरा सच है?

विचार मनुष्य का बल है, वैभव है, लेकिन यदि वही विचार मनुष्य के लिए कैदखाना बन जाए, तब? अपरिमित बल के साथ ही मनुष्य में निर्बलता भी है कि वह विचारधाराओं को अपने लिए जेलखाना बना लेता है, कट्टर बन जाता है। विचार को लेकर लड़ने लगता है। वह भूल जाता है कि कोई भी विचार आखिरी लकीर नहीं है। विचारधाराएं मनुष्य के लिए हैं, मनुष्य विचार धाराओं के लिए नहीं हैं। ये समस्त ज्ञान-विज्ञान विचार दर्शन कला संगीत मनुष्य जीवन रूपी वृक्ष के फल हैं। वृक्ष पर फल बार-बार आते हैं, फल तथा ऋतु का संबंध है। ऋतु बदलती हैं, नए फल आ जाते हैं। युग बदलता है, विचार बदल जाते हैं। जीवन का विस्तार बहुत व्यापक है, वह किसी एक ही विचारधारा से न कभी पहले चल सका है, न आज चल रहा है और न आगे कभी चलेगा।

यूटोपिया मन की एक अवस्था है, जिसमें मनुष्य कल्पना करता है कि संसार में सभी लोग मेरी तरह से ही सोचने लग जाएं तो संसार में सुख शांति हो सकती है। सारे लोग एक ही धर्म के अनुयायी हो जाएं, मेरा वाला धर्मग्रंथ तो ईश्वर की वाणी है। वही सच है। राजनैतिक विचारधारा वाले भी अपने-अपने परिवेश वाले विचारकों, दार्शनिकों के विचार को परम सत्य मानकर इसी प्रकार सोचते हैं। सारे लोग इस या उस दार्शनिक के कहे अनुसार चलें तो दुनिया बदल जाए या वर्गविहीन समाज बन जाए। वास्तव में यह उस विचार समूह का यूटोपिया होता है। इस यूटोपिया के लिए सेना बनाई जाती है, संगठन बनाए जाते हैं, ब्रेनवाश किया जाता है, बालमन को दीक्षित किया जाता है, आस्था की प्रतिज्ञा कराई जाती है, दिन-रात प्रचार किया जाता है। मन की यह अवस्था ममताबोध का रूप है। इसलिए विचारधाराओं से भी पहला काम मनुष्य का अध्ययन है, पहला काम मनुष्य की पहचान है। हम सोचते हैं कि मनुष्य का क्या जानना, हम मनुष्य ही तो हैं। हां, ठीक बात है, हम मनुष्य हैं, मनुष्य की विराटता में एक इकाई। मनुष्य में बुनियादी समानता है, निश्चित ही है, किंतु विचित्रता भी है। इतनी विचित्रता कि उनको हम जितना भी जानते हैं, उतनी ही विचित्रता सामने आ जाती है। दिशा और काल में मनुष्य का कितना विस्तार है? क्या इस विस्तार की कल्पना भी हम कर सकते हैं?

मानव जीवन में विचार का बहुत महत्व है। मनुष्य ही तो है, जो विचार कर सकता है, करता है, लेकिन विचार देशकाल में होता है, विचार सूक्ष्म है, इसलिए उसके मरने का प्रश्न तो है ही नहीं, प्रश्न केवल यह है कि मनुष्य की प्रवृत्तियों का समायोजन कर पाने की क्षमता विचार में है या विचार को धारण करने वाली उस समष्टि में है? "कुछ लोग कहते हैं कि अमुक विचार बहुत वैज्ञानिक है, इसलिए वह विचार मानव जीवन का नियमन करता है।" वास्तव में यह उनकी वैसी ही मान्यता या विश्वास है, जैसी कि किसी मजहबी की होती है कि "यदि सब लोग इस विचार को मान लें तो संसार का कल्याण हो जाएगा, लेकिन ऐसा कभी भी नहीं होगा। विज्ञान स्वयं ही मनुष्य की मूल प्रवृत्ति जिज्ञासा की गति है। दूसरे लोग हैं, वे कहते हैं- वेद की ओर लौट चलो। उन्हें न वेद की खबर है, न लौट की खबर है। यह धारणा धारणा ही है, इसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। विचार में ऊर्जा कहां से आती है? किताब में से नहीं आती। मानव जीवन में से आती है, केवल व्यक्ति जीवन नहीं, समष्टि जीवन में से। जब तक समष्टि जीवन किसी विचार को धारण नहीं करता, उसको आचरण का आधार नहीं बनाता, तब तक ऐसा संभव नहीं है कि वह मूल प्रवृत्तियों पर अंकुश लगा सके।

समष्टि जीवन में विचार का नियमन कब तक रहेगा? जब तक समष्टि चेतना रहेगी। जब वह व्यक्ति चेतना के रूप में बिखर जाएगी, तब वह विचार भी निष्प्रभावी हो जाएगा और तब नई परिस्थितियां होंगी, नए विचार की मांग करेंगी। इसलिए कोई भी विचार शाश्वत नहीं हो सकता। समष्टि चेतना सो जाती है, तब समष्टि की संपत्ति पर व्यष्टि स्वार्थ या वर्ग स्वार्थ डाका डालते हैं। विकास चाहे जितना हो जाए, मनुष्य चाहे चंद्रमा पर रहने लग जाए, किंतु मनुष्य की मूलप्रवृत्तियां भूख, रति, संग्रह या लालच, भय या रक्षा, प्रभुता, होड़, आराम आदि कभी समाप्त नहीं होंगी, क्योंकि यह मनुष्य है और मनुष्य ही रहेगा। जीव वैज्ञानिक तो इसे एनिमल कहते ही हैं। इसके अंदर बैठा हुआ गुफा का जानवर हमेशा रहता है और हमेशा रहेगा। समाज की चेष्टा रहती है और रहेगी कि इस जानवर को नियंत्रित करे, दंडित करके, कानून के भय से और यमराज के भय से, आत्मसंयम की शिक्षा से और समाज के नियम बनाकर। अर्थात दमन से, संयमन से, नियमन से इससे भी उदात्त एक प्रक्रिया और है उन्नयन से अर्थात उसकी वृत्तियों को संगीत, कला, दर्शन, विज्ञान की ओर प्रवृत्त करने से। इन समस्त प्रक्रियाओं को भारत के लोगों ने धर्म कहा था। अर्थात मनुष्य को सहिष्णु, उदात्त, करुण, आनंदमय, निर्भय बनाने का निरंतर प्रयास। यह प्रयास कभी समाप्त नहीं हुआ और हो भी नहीं सकता, आप चाहें तो धर्म शब्द की जगह इसका नाम कुछ और रख लें। यह भी ठीक है कि जब संयमन, नियमन, दमन और उन्नयन की ये प्रक्रिया शिथिल हो जाती है तब गुफा का जानवर गुर्राने लगता है। हमला भी करता है। युद्ध की तैयारियां करता है, बम बनाता है।

समष्टि चेतना जागृत है तो वर्गविहीन-राज्यविहीन समाज की परिकल्पना भी जागृत है, स्वतंत्रता और लोकतंत्र भी जागृत है, वरना मूलप्रवृत्तियों का खुला खेल है। महापुरुष समष्टि चेतना को जगाते हैं, बुद्ध, महावीर हों या संत हों अथवा मार्क्स हों या गांधी हों। अनुयायी तो अनुयायी ही होते हैं, अगर-मगर करते रहते हैं। अपने-अपने विचार को पूर्ण समझ लेते हैं, उस पर गर्व करते हैं कि हमने सच को पा लिया है।

ये मूलप्रवृत्तियां ही हैं, जिनको लक्ष्य करके महाकवि रामधारी सिंह दिनकर ने कहा था-
है बहुत बरसी धरित्री पर अमृत की धार/पर नहीं अब तक सुशीतल हो सका संसार।
भोग-लिप्सा आज भी लहरा रही उद्दाम/बह रही असहाय नर की भावना निष्काम।
भीष्म हों अथवा युधिष्ठिर या कि हों भगवान/बुद्ध हों कि अशोक, गांधी हों कि ईस महान।
सिर झुका सबको, सभी को श्रेष्ठ निज से मान/मात्र वाचिक ही उन्हें देता हुआ सम्मान।
दग्ध कर पर को, स्वयं भी भोगता दुख-दाह/जा रहा मानव चला अब भी पुरानी राह।

## प्रसंगवश

# कुछ याद उन्हें भी कर लें




ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

पितृपक्ष अपने पूर्वजों और दिवंगत प्रिय लोगों का स्मरण करने का अवसर है। मरने के बाद हमारा क्या होता है, यह सवाल मानवता को सदा से परेशान करता रहा है। इसका निश्चित उत्तर किसी के पास नहीं है। विज्ञान कहता है कि देह की मृत्यु के बाद सब कुछ यहीं समाप्त हो जाता है।

शरीर से अलग किसी आत्मा या सूक्ष्म देह का अस्तित्व नहीं है। धर्म, अध्यात्म कहते हैं कि मृत्यु के बाद देह मिट्टी में मिल जाती है, लेकिन आत्मा का विनाश नहीं होता, जो आत्माएं वीतरागी होती हैं वे संसार के बंधनों से मुक्त होकर ईश्वर में समाहित हो जाती हैं। राग-विराग, मोह-माया, दुख-सुख और हजारों ख्वाहिशों में जकड़े हमारे जैसे लोग प्रेत बनकर अपनी काम्य वस्तुओं, प्रिय लोगों और स्थानों के गिर्द भटकते हुए किसी पुनर्जन्म की प्रतीक्षा करते हैं। तर्क तो यह कहता है कि हमारी इच्छाओं, अतृप्तियों, विचारों और संस्कारों से निर्मित हमारी कोई सूक्ष्म देह है भी तो श्राद्ध या पितृपक्ष में अर्पित की जाने वाली संपत्ति, भोजन और कपड़ों की उसे जरूरत नहीं होगी। भौतिक देह ही नहीं तो भौतिक उपादानों की क्या आवश्यकता?

मृत्यु के बाद किए जाने वाले पितृपक्ष जैसे आयोजन व्यर्थ के कर्मकांड के सिवा कुछ नहीं, लेकिन इन कर्मकांडों का भावनात्मक सच भी है। अगर ये भी न हों तो इस व्यस्त, उलझे जीवन में भला कौन किसको याद करता है? मेरी समझ से आस्था और तर्क के बीच का रास्ता तो यह होना चाहिए कि पितृपक्ष के कर्मकांडीय पक्ष को खारिज कर परिवार के लोग इस अवधि में कुछ देर मिलकर बैठें और अपने प्रिय दिवंगतों की स्मृति में दीये जलाकर उन्हें याद करें। मृत्यु के बाद अगर हमारे पूर्वजों की कहीं उपस्थिति है तो उन्हें यह देखकर खुशी मिलेगी कि उनके अपने सम्मान के साथ उन्हें याद करते हैं। देह से अलग ऐसा कोई अभौतिक अस्तित्व नहीं भी है तब भी पितरों के प्रति हमारी यह श्रद्धा हमें भावनात्मक रूप से समृद्ध तो करती ही है।

# ब्रह्मांड के सूक्ष्मतम और महत्तम में नियमबद्धता



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

**हॉकिंग ने साफ कहा था कि जो भी है, नियमबद्ध है, किसी परम चेतना से संचालित नहीं है, जिसे निर्णय लेने और नियम बदलने की छूट हो।**

"त्वद्यात्रया व्यापकता हता ते ध्यानेन चेतः परता हता ते।/स्तुत्या मया वाक्परता हता ते क्षमस्व नित्यं त्रिविधापराधान्॥" (हे ब्रह्म! तुम्हारी प्राप्ति के लिए तीर्थयात्रा करके मैंने तुम्हारी सर्वव्यापकता खंडित कर दी। चित्त में तुम्हारा ध्यान लगाकर तुम्हारी निराकार छवि खंडित कर दी। तुम्हारी स्तुति करके तुम्हारी अवर्णनीयता खंडित कर दी। तीनों अपराधों के लिए मुझे नित्य क्षमा करो।) दत्तात्रेय (अवधूत गीता)- 8:1

अंतरिक्ष विज्ञान और भौतिकी की अद्यतन खोजों के अनुसार ब्रह्मांड के सूक्ष्मतम और महत्तम में नियमबद्धता है। क्वांटम भौतिकी परमाणु में इलेक्ट्रॉन की तरंग नुमा गतिशीलता तक पहुंच कर रुक गई है। यह वह बिंदु है, जहां निरीक्षक इलेक्ट्रॉन को जिस स्थिर स्थिति में देखता वह निरीक्षण का क्षण बीतते-बीतते बदल जाती है तो एक साथ उसका आकार और उसकी गति का बोध नहीं हो सकता।

ब्रह्मांड की विशालता से रूबरू सापेक्षता के सिद्धांत ने समय और स्थान के आयामों को गड्डमड्ड कर दिया है, क्योंकि दूरियां इतनी हैं कि प्रकाश की गति से तेज यात्रा से हम प्रस्थान के समय से पहले गंतव्य पर पहुंच सकते हैं। स्टीफन हॉकिंग ने ब्रह्मांड और उसी के साथ समय तथा स्थान की शुरुआत बिग बैंग से प्रतिपादित कर, जो निश्चितता लाने की कोशिश की थी वह अब तक बहु-ब्रह्मांड और अनेक बिग बैंग की संभावना से टकराकर संदेहास्पद हो गई है।

हॉकिंग ने साफ कहा था कि जो भी है, नियमबद्ध है, किसी परम चेतना से संचालित नहीं है, जिसे निर्णय लेने और नियम बदलने की छूट हो। इस नियमबद्धता को ही कोई ईश्वर का नाम देना चाहे तो कोई दिक्कत नहीं। आइंस्टीन तो इस नियमबद्धता को ही ईश्वर का पर्याय तक बताने लगे। वे काफी हद तक ईश्वर संबंधी स्पीनोजा के विचारों से सहमत थे, जिनके अनुसार ईश्वर समस्त प्राकृतिक और भौतिक नियमों का कुल योग है, जिसमें भौतिक पदार्थ और विचार दोनों समाहित हैं। इधर पदार्थ के ऊपर चेतना की वरीयता मानने वाले कुछ 'अध्यात्मवादी वैज्ञानिक' मैदान में उतर पड़े हैं। उन्होंने यह संभावना व्यक्त कर दी कि ब्रह्मांड वही है, जो चेतना को भासित होता है। निरंतर गतिशील इलेक्ट्रॉन के एक जैसे सूक्ष्मतम ज्ञात कण के सर्वत्र व्याप्त होने से मात्र भौतिकी के सहारे ब्रह्मांड को ठीक-ठीक नहीं समझा जा सकता।

जो भी हो, एक ऐसे मानवीय ईश्वर के लिए फिलहाल कोई गुंजाइश नहीं, जो स्वायत्त निर्णय लेकर ब्रह्मांड के नियमों को बदल सके और जो किसी से खुश होकर उसे पुरस्कृत और किसी से नाखुश होकर उसे दंडित कर सके। भारतीय दर्शन में कपिल का निरीश्वर सांख्य उपर्युक्त के बहुत निकट है। ईश्वर की सत्ता को विस्तृत तर्कों से नकारते हुए उन्होंने कहा कि ईश्वर की सत्ता मान लेने पर तो मनुष्य के संकल्प और प्रयास के लिए कोई स्थान ही नहीं रह जाता। उन्होंने सृष्टि को स्वयंभू बताया जो त्रिगुणमयी, किंतु जड़ प्रकृति और चेतन पुरुष के संयोग से और कार्य-कारण के नियम (सत्कार्यवाद) से बनती है।

शंकर ने अपने अद्वैत वेदांत में कपिल के सत्कार्यवाद को स्वीकार कर लिया, किंतु उनके अनुसार प्रत्येक कार्य में कारण (घड़े में मिट्टी) मौजूद रहता है, इसलिए समस्त सृष्टि आदिकारण से आप्यायित है, आदिकारण परम चेतन है, वही सत्य है, शेष सब उसके विवर्त हैं, जो नाशवान हैं। मनुष्य की उन्नत चेतना को जब उस आदि और एकमात्र कारण परम चेतना का साक्षात्कार हो जाता है, तब वह उससे एकाकार हो जाती है। उस अवस्था में नानात्व का भ्रम लुप्त हो जाता है और ज्ञाता, ज्ञेय, ज्ञान का एकत्व स्थापित हो जाता है। वही अद्वैत का ज्ञान है, वही आत्मज्ञान है, वही ब्रह्मज्ञान है। दत्तात्रेय अवधूत गीता में उसी स्थिति का संदर्भ दे रहे हैं।

अद्वैत वेदांत स्पिनोजा और आइंस्टीन के विचारों से बहुत दूर नहीं है। खैर, आत्मज्ञान बहुत ऊंची चीज है, जिसे प्राप्त हो जाए वही उसका विवेचन करने का अधिकारी है। किंतु पुरस्कार और दंड देने वाला मानवीय ईश्वर और कयामत, आखिरी फैसला, स्वर्ग, नर्क, पुनर्जन्म की कल्पना तथा ऊंच-नीच की व्याख्या का दम भरने वाले, भय तथा लोभ का व्यापार करने वाले, नफरत और द्वेष फैलाने वाले 'धर्म', उनके एजेंट बाबा लोग, मुल्ला-मौलवी, पोप-बिशप दुनिया की अनेक परिहार्य समस्याओं की जड़ में हैं। विज्ञान और दर्शन दोनों ने इतना तो सिद्ध ही कर दिया है।

## सोशल फोरम


# पिंजरे का तोता



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

पिंजरे में बंद तोता अपने स्वामी की सभी बात मानता है और पिंजरे से बाहर आते ही मौका पाकर सभी प्यार दुलार भुलाकर उड़ जाता है। उसकी इसी विशेषता के कारण उसे तोता -चश्म, निर्मोही कहा गया है। विडंबना यह है कि पिंजरे का तोता जब अपने समाज में जाता है तो अन्य सभी तोते मिलकर उसको या तो भगा देते हैं या मार डालते हैं। सामाजिक मान्यताओं एवं परंपराओं का एक स्वस्थ इतिहास होता है, जो समय के उतार-चढ़ाव को आत्मसात करके अपने मूल्य स्थापित करता है। ये स्वस्थ परंपराएं सदियों में बनती हैं और पल भर में नष्ट की जा सकती हैं। संवैधानिक परंपराएं भी इसी श्रेणी में आती हैं। उनका पालन पदासीन व्यक्ति के चरित्र की कसौटी को परखता है। व्यवस्थापिका में संवैधानिक पदों पर नियुक्तियां तो हमेशा सत्ताधारी पार्टी द्वारा अपने स्वामिभक्त कार्यकर्ता की उपयोगिता देखकर ही की जाती रही है, लेकिन जनसामान्य की यह अपेक्षा रहती है कि संवैधानिक पद ग्रहण करने के पश्चात पदासीन व्यक्ति सार्वजनिक जीवन में अपने पद की मर्यादा के अनुरूप आचरण करेंगे। ऐसा नहीं है कि इस प्रकार के संवैधानिक पदों पर बैठे सभी लोग पहले बिल्कुल निष्पक्ष एवं पद की मर्यादा के प्रति निष्ठावान ही रहे हों, लेकिन वर्तमान समय में कुछ ऐसा हो रहा है कि किसी भी संवैधानिक पद की मर्यादा उघार होने से नहीं बची है। चाहे मजबूरी में या अपनी स्वामिभक्ति प्रदर्शित करने हेतु संवैधानिक पदों पर बैठे लोग अपनी मर्यादा को भूल रहे हैं। उल्लेखनीय है कि लगभग 12-14 वर्ष पूर्व भी माननीय उच्चतम न्यायालय ने सीबीआई को 'पिंजरे का तोता' कहा था, लेकिन किसी भी जिम्मेदार पद पर आसीन व्यक्ति ने उस पर कोई टीका टिप्पणी नहीं की थी। इस पृष्ठभूमि में जनमानस की विवशता को प्रतिबिंबित करता एक 'शेर' याद आता है-चोर आए, चोरी की, सामान बांधा ले चले।/ मैं भला करता भी क्या खांसकर चुप रह गया।। विवशता यह थी कि अपनी लाचारी जताने के अलावा कोई चारा नहीं था। लगता है कि अब लाचारी का इजहार भी सोच समझकर ही करना है। **-फेसबुक वॉल से**

# मार्क्सवादी आलोचना



रामचंद्र ओझा
रांची, झारखंड

**सौंदर्य की कसौटी मार्क्स ने क्या दी, उसका संकेत किए बगैर इस पर क्या चर्चा करना। पहले उसे पढ़ें और समझें। मात्र तीन ही पन्ने का है। कोई मार्क्सवादी पढ़ने की जुर्रत तो करे, आगे आए और बताए तो कि कला सौंदर्य का मार्क्स ने क्या प्रतिमान दिया है। यदि किसी ने पहले पढ़ा हो तो वही बता दे। इतनी बड़ी जमात में कोई तो होगा, जो कह सके कि अमुक किताब के अमुक पृष्ठ पर सौंदर्य की परिभाषा मार्क्स ने अमुक रूप से दी है। पहले वहीं जोर आजमाइश करें। हवा-हवाई बातें न करें तो बेहतर है।**

हिंदी जगत में मार्क्सवादी आलोचना के नाम पर चलाई गई मुहिम को प्रो. हरे राम पाठक ने व्यर्थ बताया है। कहा है कि मार्क्सवादी आलोचना की कोई किताब तक नहीं है, जिससे मार्क्सवादी आलोचना की कसौटी तय हो सके। उन्होंने ठीक ही कहा है। मार्क्सवादी आलोचना पर कुछ भी कहने के पहले, सौंदर्य शास्त्र पर मार्क्स ने क्या लिखा है, पहले उसे देखना चाहिए।

सौंदर्य की कसौटी मार्क्स ने क्या दी, उसका संकेत किए बगैर इस पर क्या चर्चा करना। पहले उसे पढ़ें और समझें। मात्र तीन ही पन्ने का है। कोई मार्क्सवादी पढ़ने की जुर्रत तो करे, आगे आए और बताए तो कि कला सौंदर्य का मार्क्स ने क्या प्रतिमान दिया है। यदि किसी ने पहले पढ़ा हो तो वही बता दे। इतनी बड़ी जमात में कोई तो होगा, जो कह सके कि अमुक किताब के अमुक पृष्ठ पर सौंदर्य की परिभाषा मार्क्स ने अमुक रूप से दी है। पहले वहीं जोर आजमाइश करें। हवा-हवाई बातें न करें तो बेहतर है। कहते हैं कि नामवर ने जो लिखा है, वही मार्क्सवादी आलोचना का प्रतिमान है। सबूत के तौर पर 'कविता के नए प्रतिमान' का उल्लेख किया जाता है। बताते चलें कि इस पुस्तक में नामवर ने ऐसा कोई प्रतिमान नहीं दिया है, जिसे नया और नामवर का प्रतिमान कहा जा सके। केवल कुछ नामों का उद्धरण भर (नेम ड्रोपिंग) है। इसके बावजूद यदि लगता है कि नामवर जी ने सचमुच नए प्रतिमान दिए हैं तो सवाल है कि वह प्रतिमान नामवर का कहलाएगा, वह नामवरी आलोचना होगी या वह मार्क्सवादी कसौटी और मार्क्सवादी आलोचना कही जाएगी।

मुझे नहीं पता कि अपने सौंदर्य शास्त्रीय ज्ञान की कमान नामवर जी को सौंपकर, मार्क्स के प्राण पखेरू उड़े थे कि जो नामवर जी कहेंगे, वही मार्क्सवादी आलोचना कहलाएगी और वही हिंदी आलोचना की आधार भूमि भी होगी। क्या साहित्य में भी खलीफागिरी ही चलेगी? मार्क्स की कविताओं के दो संग्रह हैं, यानी दो पुस्तकें मार्क्स ने लिखी हैं। एक प्रेमिका जेनी (जो बाद में पत्नी बनी) को समर्पित किया और दूसरा अपने ससुर को। मार्क्सवादियों के अनुसार उसे आदर्श कविता होनी चाहिए। पहले मार्क्सवादी उसी की आलोचना करें और बताएं कि उसमें क्या प्रतिमान लगेगा? उन कविताओं में जनवाद कहां-कहां है? है भी या नहीं?

सौंदर्य की अनुभूति वस्तुपरक नहीं होती। यह सहृदयता सापेक्ष होती है। यह पाठक की अभिरूचियों पर निर्भर है कि उसे क्या पसंद आएगा। आवश्यक नहीं कि मुक्तिबोध या किसी कवि की रचना, सबको एक रूप अच्छी ही लगे। हजारों-हजार सुधी पाठकों को मुक्तिबोध बिल्कुल ही पसंद नहीं। इसमें बहुत से मार्क्सवादी कवि भी हैं। तो क्या हम मुक्तिबोध को कवि कहना बंद कर दें! कितने बड़े-बड़े आलोचकों ने मुक्तिबोध की प्रशंसा में साहित्य रचे हैं, फिर भी मुक्तिबोध की ग्राह्यता इतने वर्षों में एक इंच भी आगे नहीं सरक सकी है। इसके कुछ तो कारण होंगे। निष्कर्ष यह निकलता है कि सौंदर्य की कोई वस्तुनिष्ठ कसौटी नहीं होती है। जब किसी कला और इसके सौंदर्य की कोई कसौटी नहीं तो आलोचना की कसौटी क्या होगी। दोनों स्वायत्त और रचनात्मक कर्म हैं। इस पर चिंतन करने का समय है।

# आतिशी के लिए नई जिम्मेदारी चुनौतीपूर्ण रहेगी



रमा शंकर सिंह
दिल्ली

**फिलहाल दिल्ली का आसन्न चुनाव दिलचस्प जरूर हो गया है क्योंकि भाजपा को कोर वोटर पंजाबी और बनिया पहले से ज्यादा टूटता दिखेगा ऊपर से मोदी-शाह के प्रति अब उदासीनता व उभरती निराशा।**

आतिशी मार्लेना दिल्ली विश्वविद्यालय के श्रेष्ठतम कॉलेज सेंट स्टीफन की टॉपर हैं। आगे की उच्च शिक्षा दुनिया के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों जैसे आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से पूरी छात्रवृत्ति पाकर हुई और विश्व के विरले छात्रों को मिलने वाली सुविख्यात रोड्स स्कॉलरशिप भी मिली। आतिशी के पंजाबी सिख पिता साम्यवादी विचार से प्रभावित थे। इसलिए उन्होंने अपनी पुत्री का नाम मार्क्स और लेनिन के शब्दों को जोड़कर मार्लेना बनाया! आतिशी का भावार्थ आप जानते ही हैं- क्रांतिकारी।

जब अन्ना हजारे का कथित भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन शुरू हुआ था तो बड़े पैमाने पर सैंकड़ों, बल्कि हजारों की तादाद में भारत के प्रतिभाशाली युवा दुनियाभर में अपना बड़ा काम-धंधा, नौकरी छोड़कर आंदोलन में जुड़े थे यह सोचकर कि अब देश में क्रांति होने वाली है और वांछित मूलभूत परिवर्तन आने वाला है। आतिशी भी उसी समय केजरीवाल की टीम का हिस्सा बनी। कालांतर में केजरीवाल ने समूचे आंदोलन व हजारों सच्चे परिवर्तन आकांक्षी युवाओं को एक-एक कर निकाल कर फैंक दिया और एक राजनीतिक पार्टी बनाकर खुदमुख्तार व मुख्यमंत्री बन गए। इसके बाद भी बचे खुचे लोग भी उनसे सहन नहीं हुए और प्रो. आनंद कुमार, योगेन्द्र यादव, अजित झा, प्रशांत भूषण, कुमार विश्वास, खेतान, आशुतोष आदि को धकिया कर बाहर कर अपने निजी नियंत्रण की पार्टी में तब्दील कर दिया। मनीष सिसोदिया, गोपाल रॉय, संजय सिंह और



आतिशी जैसे ही चंद कुछ बचे जो केजरीवाल की मनमर्जी मुताबिक सोचते व चलते हैं। आतिशी को दिल्ली में शिक्षा की संरचना को सुधारने का श्रेय जाता है, जिसकी वाहवाही मनीष सिसोदिया लूटते रहे हैं।

आतिशी जैसे ही पिछला चुनाव दिल्ली के सिख बहुल कालकाजी क्षेत्र से लड़ी उन्होंने अपना उपनाम बदलकर सिंह कर लिया आतिशी सिंह। एक नई राजनीतिक संस्कृति का वायदा और नए किस्म का नेतृत्व देने की संभावना के आंदोलन का हश्र यह हुआ कि वह भी दूसरों जैसा सामान्य राजनीतिक दल बन गया। जैसे सब वैसे ही ये। कोई फर्क नहीं बचा सिवाय इसके कि पढ़े-लिखे होने के नाते वे यह हिसाब लगाने में समर्थ हुए कि राज्य की कुल आय व्यय में से कितना खर्च कर बिजली पानी व मोहल्ला क्लीनिक मुफ्त दिया जा सकता है। गरीब जनता के लिए बिजली पानी के बिल माफ कर देने और दिल्ली के बहुत महंगा स्वास्थ्य जांच बिलों से उनके मासिक पारिवारिक बजट में बड़ी राहत मिली और यही बात केजरीवाल को तीन चुनाव लगातार जितवाती रही है।

आतिशी सोचने-समझने में समर्थ महिला हैं और उनका उर्वर दिमाग कुछ नए विचार क्रियान्वित कर सकता है, लेकिन उनकी पार्टी का नेता इतना घाघ और स्वकेंद्रित है कि आतिशी को कठपुतली बनाकर रखना चाहेगा। खैर भविष्य की राजनीति क्या होगी इसका निर्णय आजकल मतदाताओं के साथ-साथ संगठन व धनशक्ति भी करती है। देखते हैं कि आतिशी कुछ ठोस डिलीवर कर पाती हैं या अस्थायी कामचलाऊ व्यवस्था ही बनी रहती है। एक तेजतर्रार सुशिक्षित खुले दिमाग का व्यक्ति कभी भी ऐसा कुछ कर सकता है, जिससे समूचा परिदृश्य बदल जाए, लेकिन यह बात अन्य पक्षों पर भी लागू होती है। उधर संगठन व धनबल तो है, पर जमे जमाए नेता सब रचनाशील दिमाग से खल्लास हैं। फिलहाल दिल्ली का आसन्न चुनाव दिलचस्प जरूर हो गया है क्यों भाजपा को कोर वोटर पंजाबी और बनिया पहले से ज्यादा टूटता दिखेगा ऊपर से मोदीशाह के प्रति अब उदासीनता व उभरती निराशा।

# सिपाही ने 2 लोगों के साथ मिल कर लूटा था भाजपा नेता को

## सड़क दुर्घटना में घायल भाजपा नेता के साथ लूट का हुआ खुलासा

कार्यालय संवाददाता महोबा



पुलिस हिरासत में बैठे आरोपी। अमृत विचार

- अस्पताल ले जाते समय की लूट
- चेन और अंगूठियां हुईं बरामद

**अमृत विचार।** दो दिन पहले चरखारी मार्ग पर भाजपा नेता की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत और लूटपाट की घटना का पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने दो दिन के अंदर खुलासा कर दिया है। खुलासे में घायल भाजपा नेता को अस्पताल ले जाते समय डायल 112 के सिपाही ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर लूटपाट की थी। पुलिस ने सिपाही सहित दो अन्य साथियों के खिलाफ कोतवाली चरखारी में मामला दर्ज कर लिया है।

रक्षक ही जब भक्षक बन जाए तो खाकी पर लोग कैसे भरोसा करेंगे। भाजपा नेता सचिन पाठक के सड़क दुर्घटना में घायल होने की सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंची और घायल को अपनी गाड़ी में रखकर अस्पताल ले जाते समय कांस्टेबल नीलकमल अपने साथी उमेशचंद्र और जवाहर के साथ रास्ते में भाजपा नेता की सोने की चेन, चार अंगूठी और दो मोबाइल लूट लिए। घटना के बाद मृतक के परिजनों ने भाजपा नेता के साथ लूटपाट किए जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को तहरीर दी थी। इतना ही नहीं भाजपा नेता की मौत की खबर पाकर प्रदेश सरकार राज्यमंत्री राकेश कुमार राठौर ने भाजपा नेता के घर पहुंचकर परिजनों के साथ सहानुभूति जताई और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। पुलिस अधिकारियों से वार्ता कर जल्द से जल्द घटना का खुलासा करने के निर्देश दिए थे। राज्यमंत्री की सक्रियता के चलते पुलिस ने भाजपा नेता के लूटपाट प्रकरण का खुलासा कर दिया है।

### एसपी बोले, विभागीय कार्रवाई भी होगी

पुलिस अधीक्षक पलाश बसंल ने बताया कि मामले का खुलासा हो गया है। सिपाही नीलकमल और उसके दो साथी उमेशचंद्र और जवाहर को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ करने पर आरोपियों ने घटना को स्वीकार किया और लूटा सामान भी बरामद कर लिया है। पुलिस अधीक्षक का कहना है कि घटना में शामिल पुलिस कर्मचारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि सिपाही ने घायल को उपचार के लिए ले जाते समय सोने की अंगूठी, चेन उतारने की बात भी बताई है।

# नवाब, नीलू के साथ बुआ पर भी लगेगा गैंगस्टर

**कन्नौज।** किशोरी से दुष्कर्म प्रकरण में नवाब सिंह यादव, नीलू यादव संग किशोरी की बुआ पर भी पुलिस गैंगस्टर की कार्रवाई करेगी। वहीं शुक्रवार को पुलिस मामले में चार्ज शीट लगा सकती है। दुष्कर्म में सहयोग करने वाली उसकी बुआ के खिलाफ पुलिस गैंगस्टर की कार्रवाई करेगी। इससे पहले सीओ सदर कमलेश कुमार ने कोतवाली पुलिस के साथ मंथन किया है। इसमें नवाब सिंह, नीलू यादव पर लगे करीव 15-14 मुकदमों की छटनी की गई है। बुआ पर एक ही मामला दर्ज है लेकिन किशोरी की अभिभावक की भूमिका में होने के बाद उसे लेकर जाना व उसके साथ दुष्कर्म में सहयोग करना ज्यादा बड़ा अपराध माना गया है। दुष्कर्म के बाद किशोरी के मेडिकल परीक्षण में उसने बाधा उत्पन्न की थी। इस तरह बुआ पर ज्यादा संगीन मामला बनता है। इसी को आधार मान कर पुलिस उस पर भी गैंगस्टर की कार्रवाई करेगी। मामले में चार्ज शीट लगने के बाद कोतवाली पुलिस गैंगस्टर की कार्रवाई शुरू कर देगी। सीअओ सदर ने बताया कि तीन दिन पुलिस त्योहारों में व्यस्त रही। इसके चलते कार्रवाई आगे नहीं बढ़ सकी।

# औरैया में बारिश के दौरान दीवार गिरने से युवक व किसान की मौत

संवाददाता अयाना,औरैया



घटनास्थल पर जांच पड़ताल करते थानाध्यक्ष विनोद कुमार।

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम से हो रही मूसलाधार बारिश जानलेवा होने लगी है। बुधवार को अयाना में बारिश से कच्चे मकान की दीवार ढह गई। इससे दबकर एक युवक व एक बकरी की मौत हो गई। वहीं फंफूद क्षेत्र में दीवार गिरने से किसान की मौत हो गई।

मैनपुरी के घिरोर थाना क्षेत्र के नायक कुंड निवासी विजय 20 सात साल से अपने मामा नवाब सिंह के घर पर रह रहा था। मंगलवार रात को वह घर में सो रहा था। बुधवार तड़के तीन बजे अचानक मकान की दीवार गिरने से विजय व पास में बंधी बकरी दब गई। जब तक लोग उसे बाहर निकाल पाते तब तक उसकी मौत हो गई। नवाब ने बताया कि उसका परिवार कच्चे मकान में रहता है। घटना की जानकारी पर तहसीलदार अजीतमल जीतेश वर्मा, थानाध्यक्ष विनोद कुमार मौके पर पहुंचे और परिजनों से जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। तहसीलदार ने बताया कि रिपोर्ट मंगवाई गई है। मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी।

- ग्राम प्रधान ने दुःखी परिवार को ढांढस बंधा कर हर संभव मदद का भरोसा दिया

फफूंद थाना क्षेत्र के गांव अटा निवासी 58 वर्षीय श्रीप्रकाश मिश्रा किसान है। मंगलवार रात वह गांव के हनुमान मंदिर पर हुए कार्यक्रम में शामिल होने के बाद अपने पड़ोसी रामनाथ मिश्रा के घर के बाहर पड़े टीन शेड में आकर सो गया। बुधवार सुबह लगभग 6 बजे तेज़ बारिश और हवाओं से दीवार टीन शेड सहित नीचे गिर गई। श्रीप्रकाश मलबे में दब गया। ग्रामीणों ने उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम व ग्राम प्रधान लायक सिंह यादव भी घटना स्थल पर पहुंचे।

### झमाझम बारिश से आफत,दीवार गिरने से वृद्धा की मौत

**राठ/सरीला।** तेज हवा के साथ शुरू हुई झमाझम बारिश से इटैलिया बाजा गांव में एक कच्चा घर भरभराकर गिर गया। जिससे घर में मौजूद 60 वर्षीय वृद्धा की मलबे में दबकर मौत हो गई। वहीं उसका पति व पौत्र बाल बाल बच गए। मंगलवार रात करीब ढाई बजे जरिया थाना क्षेत्र के इटैलियाबाजा गांव निवासी वीरपाल व उसकी पत्नी रामकुंवर (60) अपने दो पौत्रों के साथ कच्चे घर में सो रहे थे। तभी झमाझम बारिश से पड़ोसी जगदीश की दीवार वीरपाल के कच्चे घर के ऊपर भरभराकर गिर गई। जिसमें रामकुंवर व दोनों पौत्र मलबे में दब गए। घर गिरने से चीख पुकार मच गई। आसपास के लोग दौड़ पड़े। सूचना पर पुलिस भी पहुंची। थानाध्यक्ष भरत कुमार ने बताया कि वीरपाल व दोनों पौत्र को मकान के बाहर निकाल लिया गया, लेकिन वीरपाल की पत्नी रामकुंवर नहीं निकल सकी। जिससे उनकी मलबे में दबने से मौत हो गई। ग्रामीणों की मदद से शव को मलबा से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतका के दो पुत्र मानसिंह व प्रमोद एवं एक पुत्री सुखवती है जिनकी शादी हो गई है। उधर बरहरा के ग्रामीणों ने एसडीएम व बीडीओ को दिए ज्ञापन में बताया कि गांव का छोटी मातन तालाब पहले से भरा था। रात में झमाझम बारिश से तालाब में पानी ओवरफ्लो हो गया। जिससे तालाब किनारे बने राम सिंह कुशवाहा, प्रमोद यादव, विश्वनाथ कुशवाहा, नवल किशोर कुशवाहा, मनोरी के कच्चे घर भरभराकर गिर गए। जिसमें मनोरी की तीन बकरियों की दब कर मौत हो गई।

# आसमान से बरसी 'आफत', 50 से अधिक पशु मरे

**उरई।** जिले में मंगलवार की रात बारिश आफत बनकर आई। रातभर बारिश होने से अलग-अलग इलाकों में कई कच्चे घर गिर गए। इससे 50 से अधिक पशुओं के दबकर मरने की जानकारी है। पीड़ित पशुपालकों ने मुआवजा दिलाने की गुहार एसडीएम से लगाई है। तहसील क्षेत्र के ग्राम गधेला में बेबा महिला सरोज बाथम पत्नी महेश बाथम का घर कच्चा बना हुआ है। कच्चे घर में आधा दर्जन भेड़ भी बंधी हुई थी। मंगलवार रातभर मूसलाधार बारिश होती रही। रात भर हुई बारिश के चलते कच्चे मकान में सीलन आ गई और मकान भरभराकर गिर गए। घर के अंदर सरोज अपने बच्चानिखिल, शिखा व राज के साथ थी। किसी तरह उन्होंने समय रहते स्वयं के साथ बच्चों को तो बाहर निकाल लिया। लेकिन घर के अंदर बंधी छह भेड़ों को वह बाहर नहीं निकाल सकी। मकान ढहने से उसके अंदर बंधी सभी छह भेड़ों की दबकर मौत हो गई। उधर, औरेखी गांव में गरीब मजदूर रईस पुत्र फुंदन अपने परिवार का भरण पोषण बकरियों को पालकर करता था। वह भी कच्चे मकान में रहकर अपना और बच्चों का भरण पोषण कर रहा था। मंगलवार की रात हुई बारिश के चलते कच्चे मकान में नमी आ गई और बुधवार की सुबह मकान भरभराकर गिर गया। मकान के गिरने से उसमें बंधी पांच बकरी व एक बकरे की दबकर मौत हो गई। घर गृहस्थी का सामान भी गिरकर नष्ट हो गया।

## सार-संक्षेप

### अकेलेपन से ऊबी युवती ने फांसी लगाकर दी जान

**इटावा।** शहर में फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र में श्याम नगर मोहल्ला में रहने वाले भारत सिंह की 20 वर्षीय बेटी तुलसी ने मंगलवार देर शाम घर के बरामदे में फांसी के फंदे पर लटककर खुदकुशी कर ली। जब पिता घर पहुंचा तो बेटी को फंदे पर लटका देखा, जिससे उसकी चीख निकल गई। आसपास के लोग घर में आ गए जिससे कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जांच करके नमूने एकत्रित किए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। युवती के पिता ने बताया कि 10 साल पहले मां की मौत हो गई थी, उससे पहले उसके भाई की भी मौत हो गई थी। जिसकी वजह से वह खुद को अकेला महसूस करती थी। थाना प्रभारी बलराम मिश्र ने बताया कि मामला खुदकुशी का है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कारण स्पष्ट हो जाएगा।

### प्रदेश सरकार का पुतला दहन करने वाले सपा नेताओं पर मुकदमा

**इटावा।** सदर कोतवाली क्षेत्र के पक्का तालाब और शास्त्री चौराहे पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार का पुतला रविवार को जलाया गया था इसके बाद पुलिस द्वारा सदर कोतवाली मैं समाजवादी कार्यकर्ताओं पर भीड़ इकट्ठी कर प्रदेश सरकार का पुतला फुकने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है जिसमें नोरंगाबाद चौकी प्रभारी संजय दुबे ने 10 से 12 लोग अज्ञात और चार नाम दर्ज मुकदमा लिखा गया है इसी थाना क्षेत्र के शास्त्री चौराहे पर जलाए गए पुतले के मामले में भी 15 अज्ञात और सात नाम दर्ज लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है जिसमे लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष किशन यादव और उनके पदाधिकारी रेशु चौधरी, रीना यादव, अतुल यादव, सिंकल यादव, नितिन यादव और ब्रजेन्द्र यादव के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वहीं दूसरी तरफ जहां पक्के तालाब पर उत्तर प्रदेश सरकार का पुतला फूंका गया था उसे मामले में मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष नरेंद्र पाल कार्यकर्ता के के यादव अंकुर यादव ब्लॉक अध्यक्ष बसरेहर सपा नितिन यादव ब्लॉक अध्यक्ष बसरेहर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### पति पत्नी के झगड़े में जमीन पर गिरी बच्ची की मौत


**भरथना, इटावा।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चन्दपुरा सिहुंआ में पति पत्नी के झगड़े के दौरान हाथ से पक्की जमीन पर गिरी एक माह की नवजात बच्ची की इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम कराया है। जानकारी के अनुसार बीते तीन दिन पहले देर शाम करीब सात बजे ग्रीस दिवाकर के घर उनके पुत्र बब्लू और उसकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर वाद विवाद हो गया। इसके बाद दोनों के मध्य मारपीट होने लगी। इस बीच बब्लू की पत्नी की गोद में एक माह की बच्ची तान्या अचानक हाथ से फिसलकर जमीन पर जा गिरी। बच्ची के पक्की जमीन पर गिरने से उसके गंभीर चोटें आई और वह बेहोश हो गई। परिजन नवजात बच्ची को सैंफई पीजीआई लेकर पहुंचे। जहां घटना के तीसरे दिन नवजात बच्ची की इलाज के दौरान मौत हो गई।

### गणेश की प्रतिमा विसर्जन करना सरासर गलत

**फर्रुखाबाद।** गणेश प्रतिमा विसर्जन को लेकर फतेहगढ़ कोतवाली के मोहल्ला भोलेपुर स्थित हनुमान मंदिर में आए सत्यगिरी महाराज ने कहा कि उत्तर भारत में गणेश की प्रतिमा विसर्जन करना सरासर गलत है। इससे सनातन धर्म को हानि पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि यह पर्व दक्षिण भारत के लोग मनाते हैं क्योंकि वर्ष में 10 दिन ही गणेश की पूजा करने को मिलती है, बाकी समय वहां पर कार्तिक की पूजा होती है। साल के 355 दिन श्री गणेश उत्तर भारत में रहते हैं और किसी भी शुभ कार्य में सबसे पहले अपने यहां पर श्री गणेश की ही पूजा होती है। हिंदू रीति रिवाज के अनुसार गणेश जब 10 दिन के लिए वहां जाते हैं और 355 दिन यहां पर रहते हैं तो हमें उन 10 दिनो में गणेश का भाव पूजन करना चाहिए। अब यहां पर भी नियम सा हो गया है कि गणेश की 10 दिन पूजा करने के बाद उनका विसर्जन करते हैं, जो सरासर गलत है। सनातन के विरुद्ध है। सभी लोग गणेश महोत्सव मनाने के साथ पूजा अर्चना करें बहुत सुंदर बात है, लेकिन गणेश प्रतिमा का विसर्जन गलत बात है। उन्होंने सनातन धर्मावलंबियों से अपील की कि लोगों को बताएं कि गणेश की मूर्ति का विसर्जन बंद करें। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि प्रतिमा विसर्जन करना गलत है। क्योंकि खंडित प्रतिमा का विसर्जन किया जाता है।

# प्रो. अनुराग अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिकों की सूची में

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज



प्रोफेसर अनुराग शुक्ला।

- दुनिया के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों में नाम आने से इंजीनियरिंग कॉलेज में खुशी का माहौल

**अमृत विचार।** दुनिया के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज कन्नौज के प्रो. अनुराग का नाम शामिल हो गया है। इस उपलब्धि से कॉलेज समेत क्षेत्र में ख़ुशी की लहर दौड़ गई। लोग बधाई देने में जुट गए।

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के एप्लाइड साइंस विभाग के मैथमेटिक्स विषय के असिस्टेंट प्रो. डॉ. अनुराग शुक्ला का नाम अमेरिका की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा जारी रैंकिंग में दुनिया के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल हुआ है। 2024 के लिए जारी विश्व स्तर के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों में जगह बनाने पर कॉलेज समेत लोगों द्वारा उनको बधाई दी जा रही है। रैंकिंग के दौरान हुए सर्वेक्षण में डॉ. शुक्ला की टीम के किए गए शोध को प्रकाशित किया गया है। वैज्ञानिकों का चयन उनके प्रकाशित शोधों के आधार पर किया गया है। संस्थान की निदेशक प्रो. रचना अस्थाना ने बताया कि यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो भारतीय शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के उत्कृष्ट योगदान को प्रदर्शित करती है। दुनिया के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की श्रेणी में आने से डॉ. शुक्ला के साथ कॉलेज का मान-सम्मान एवं गौरव बढ़ गया। इंजीनियरिंग कॉलेज के कुलसचिव डॉ बीडीके पात्रो ने प्रोफेसर की टीम को शुभकामनाएं दी हैं।

### ये हैं विगत वर्षों की उपलब्धियां

- आईआईटी रुड़की इस बेस्ट हेरिटेज फाउंडेशन अल्युमिनियम अवार्ड 2010
- यात्रा पुरस्कार 2015 पेरिस (फ्रांस) अंतरराष्ट्रीय कान्फ्रेंस हेतु।
- डा0 एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय से सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार-2021।

### राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता के लिए सात छात्र चयनित

**कन्नौज।** अयोध्या जनपद के स्टेडियम में आयोजित हुई राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता में जिले के सात छात्रों ने बाजी मार दी है। सात छात्र का का चयन राष्ट्रीय स्तर पर भी हो गया है। शहर के सेठ बासुदेव सहाय इंटर कालेज के प्रधानाचार्य एसएल सिंह ने बताया कि 12 सितंबर को अयोध्या जिले के मकवरा स्टेडियम में राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था। सात छात्रों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हो गया है। इसमें अंडर 19 में सुभाष इंटर कालेज नेरा के छह छात्र है। इसमें शिवम सिंह, अविराज सिंह व छात्राओं में अंशिका, पारुल, काजल, वानों अंशिका और राजकीय अभिनव विद्यालय गंगधरापुर के रिषल कुमार राष्ट्रीय स्तर पर चयनित किए गए।

**खेलकूद** | अवधेश्वर विद्यालय परिसर में अंतरप्रांतीय दंगल प्रतियोगिता का आयोजन, दिल्ली के शिवम को हराया

# कानपुर के रवि ने जीता दंगल केसरी का खिताब

संवाददाता, सतांव, रायबरेली



विजेता पहलवान को शील्ड देकर पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार :** अनन्त चर्तुदशी के अवसर पर क्षेत्र के गुरुबक्शगंज स्थित अवधेश्वर विद्यालय प्रांगण में मंगलवार को अंतरप्रांतीय दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के साथ ही पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और पड़ोसी देश नेपाल के पुरुष व महिला पहलवानों ने अपना दम दिखाया। कानपुर के रवि ने दिल्ली के शिवम पहलवान को हराकर दंगल केसरी का खिताब अपने नाम किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह और विशिष्ट अतिथि सीनियर स्पाइन सर्जन डॉ. धर्मेन्द्र सिंह डॉयरेक्टर आर्थोपैडिक सर्जरी मेदान्ता हॉस्पिटल लखनऊ, पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष उदयभान सिंह, ओनई पहाड़पुर ग्राम प्रधान डॉ. राम किशोर गुप्ता, गढ़ी दूलारॉय प्रधान राकेश सिंह, समाजसेवी जेडी सिंह ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर दंगल की शुरुआत करायी। लोहा सिंह बहराइच ने शिवबरन गोरखपुर को हराया। वहीं गुड्डू गोरखपुर ने विवेक कानपुर को शिकस्त दी। मुन्ना टाइगर कानपुर ने राजेश पहलवान लखनऊ, गुड्डू गोरखपुर ने मुन्ना बहराइच, कालू पहलवान लखनऊ ने सोनू हरियाणा को हराया। वहीं लकी थापा नेपाल और कालू पहलवान लखनऊ की रोमांचक कुश्ती बराबर पर छूटी। दंगल की अंतिम कुश्ती में रवि कानपुर ने शिवम पहलवान दिल्ली को हराकर दंगल केसरी के खिताब के साथ 21 हजार रुपये का इनाम जीता। वैसे तो मंगलवार की सुबह से हो रही बरसात ने दंगल के आयोजन में बाधा उत्पन्न की, लेकिन आयोजकों और दर्शकों के उत्साह से आयोजन शानदार तरीके से सम्पन्न हुआ। दंगल का संचालन हरीश पहलवान बहराइच ने किया। दंगल रेफरी का दायित्व क्षेत्र के वरिष्ठ पहलवान राजाराम यादव और मो. सिद्दीक ने निभाया। अवधेश्वर दंगल कमेटी के सदस्यों राजू सहारा, आशीष सिंह, रामू सिंह, विनोद गुप्ता, लाले शर्मा, सुशील सिंह आदि ने सभी अतिथियों और पहलवानों के प्रति आभार प्रकट किया।


# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, इटावा

पत्रांक :— एस0एस0ए0/के0जी0बी0वी0/स्टाफ चयन/5362—63/2024—25 दिनांक :— 17.09.2024

**संसोधित विज्ञप्ति**

महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक— के0जी0बी0वी0/3715/2022—23 दिनांक 25.08.2022 तथा पत्रांक— के0जी0बी0पी0/11308/2022—23 दिनांक 14.02.2023, शासनादेश संख्या— 2805/68—5—2023—5/2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग—5 दिनांक 01.02.2023, शासनादेश संख्या— 68—5099/37/2023—5 बेसिक शिक्षा अनुभाग—5, लखनऊ दिनांक 20.04.2023 तथा राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय, लखनऊ के पत्रांक— के0जी0बी0वी0/1121/2023—24 दिनांक 25.04.2023 एवं शासनादेश संख्या— 1553/68—5—2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग—05 लखनऊ दिनांक 11.012.2020 के अनुक्रम में सक्षम अधिकारी के अनुमोदन दिनांक 14.09.2024 के अनुपालन में क्रमशः कार्यालय पत्र संख्या एस0एस0ए0/के0जी0बी0वी0 /स्टाफ चयन/5251—52/2024—25 दिनांक 14.09.2024 तथा एस0एस0ए0/के0जी0बी0वी0/स्टाफ चयन/5253—54/2024—25 दिनांक 14.09.2024 जनपद इटावा में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नगर क्षेत्र एवं ताखा, इटावा में शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों के रिक्त पदों पर सेवा अनुबन्ध के आधार पर निर्धारित मानदेय पर कार्य करने की इच्छुक अर्ह महिला अभ्यर्थियों से पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, माल गोदाम रोड, इटावा में निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 03.10.2024 सांय 05:00 बजे तक आवेदन पत्र आंमत्रित किए जाते हैं। इसी क्रम विज्ञप्ति में प्रदर्शित सारणी में विद्यालयवार पदों का विवरण निम्नवत है:—

| क्र0 सं0 | पदनाम | विषय | शैक्षिक योग्यता | मानदेय | रिक्त पदों की संख्या | वर्गवार रिक्त पदों का विवरण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | अनारक्षित | अनु0 जाति | अनु0 जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | योग |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका के0जी0बी0वी0 उसराहार ताखा, इटावा | हिन्दी, संस्कृत | भाषा (हिन्दी एवं संस्कृत से स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 | 24,200/— | 01 | 01 | — | — | — | 01 |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षिका के0जी0बी0वी0 उसराहार ताखा, इटावा | गणित | (पी0सी0एम0 वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 | 24,200/— | 01 | 01 | — | — | — | 01 |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षिका के0जी0बी0वी0 नगर क्षेत्र इटावा। | अंग्रेजी | अंग्रेजी (अंग्रेजी से स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0) | 24,200/— | 01 | — | — | — | 01 | 01 |
| 4 | अंशकालिक शिक्षिका के0जी0बी0वी0 उसराहार ताखा, इटावा। | स्काउट गाइड एवं | शारीरिक शिक्षा— बी0पी0एड0, सी0पी0एड0, एवं डी0पी0एड0 आदि की उपाधि | 10780/— | 01 | — | — | — | 01 | 01 |
| 5 | चपरासी के0जी0बी0वी0 उसराहार ताखा, इटावा। | कक्षा — 8 उत्तीर्ण | | 6325/— | 01 | — | 01 | — | — | 01 |
| 6 | सहायक रसोइया के0जी0बी0वी0 नगर क्षेत्र इटावा। | कक्षा — 8 उत्तीर्ण | | 5693/— | 01 | — | 01 | — | — | 01 |

अर्हता एवं शर्त :— http://etawah.nic.in/ पर देखी जा सकती हैं। साथ ही पूर्व कार्यालय पत्र संख्या एस0एस0ए0/के0जी0बी0वी0/स्टाफ चयन/5251—52/2024—25 दिनांक 14.09.2024 तथा एस0एस0ए0/के0जी0बी0वी0 स्टाफ चयन / 5253—54/ 2024—25 दिनांक 14.09.2024 के अनुसार नियम व शर्ते यथावत रहेगी।

(विकास सक्सेना)
जिला समन्वयक (बा0शि0)
समग्र शिक्षा, इटावा

(डा0 राजेश कुमार)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
इटावा

## एक नजर

### होइन मलसन इंटरप्राइजेज लिमिटेड कंपनी में छापेमारी

**रायबरेली।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के इंडस्ट्रियल एरिया में शिकायत मिलने पर एसआइबी और जीएसटी टीम ने होइन मलसन इंटरप्राइजेज लिमिटेड कंपनी में छापेमारी की है। लगभग चार से पांच घंटे तक टीम सारे दस्तावेजों को खंगालने में जुटी रही। इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित होइन मलसन इंटरप्राइजेज लिमिटेड कंपनी में खरीद बिक्री में हो रही अनियमितता को लेकर एसआईबी के डिप्टी कमिश्नर अजीत सिंह व जीएसटी टीम ने लगभग चार से पांच घंटे तक दस्तावेजों की जांच की। डिप्टी कमिश्नर अजीत सिंह ने बताया कि खरीद-बिक्री के कागजातों में में भारी अनियमितता मिली है। सभी दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

### एनटीपीसी की 210 मेगावाट की यूनिट बंद

**ऊंचाहार, रायबरेली।** काफी अरसे बाद एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना में बरसात के कारण विद्युत उत्पादन प्रभावित हुआ है। बरसात से भीगा हुआ कोयला संयंत्र के ब्वायलर में जाने से फ्लेम फेलियर हुआ और 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट संख्या एक को बंद करना पड़ा है। इस समय उत्तर भारत में बरसात हो रही है, जिसका असर हर क्षेत्र में पड़ रहा है। बरसात से झारखंड प्रांत के कोयला खदानों से एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना को आने वाला कोयला भीगा हुआ आ रहा है। इसका असर विद्युत उत्पादन पर पड़ा है। भीगा हुआ कोयला परियोजना के ब्वायलर में पहुंचने के बाद उसे जलने में दिक्कत हुई। ब्वायलर को अपेक्षित तापमान न मिलने के कारण यूनिट में विद्युत उत्पादन घटने बढ़ने लगा। इसका प्रभाव यूनिट के अन्य संयंत्र पर न पड़े, इसलिए बुधवार को यूनिट बंद कर दिया गया।

## भाजपा के लिए प्रचार में भारी पड़ रहा किसान, जवान और पहलवान के सवालों पर जवाब देना


# 3 मुद्दों और 3 चुनौतियों के बीच बागी भी बने बड़ा सवाल

- इनेलो-बसपा, जेजेपी-आजाद पार्टी गठबंधन तथा आम आदमी पार्टी कई सीटों पर बिगाड़ सकती खेल
- दो-तिहाई सीटों पर भाजपा और कांग्रेस के सीधे मुकाबले में बागी और निर्दलीय बदल सकते हैं तस्वीर

हरियाणा सत्ता संग्राम

मनोज त्रिपाठी, चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए 90 सीटों पर 5 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे। नाम वापसी के बाद उभरे परिदृश्य में दो तिहाई सीटों पर कांग्रेस व भाजपा में सीधी टक्कर का माहौल नजर आ रहा है, लेकिन करीब एक तिहाई सीटों पर क्षेत्रीय दलों का गठबंधन और भितरघाती इतनी मजबूती से ताल ठोंक रहे हैं कि राज्य में सत्ता की दावेदार भाजपा और कांग्रेस में किसी का भी खेल बिगाड़ सकते हैं। इनेलो-बसपा तथा जेजेपी-आजाद पार्टी का गठबंधन और आम आदमी पार्टी के अलावा बागी और निर्दलीय बड़ी संख्या में सीटें भले न जीत पाएं लेकिन कई क्षेत्रों में समीकरण बदलने का सामर्थ्य दिखा रहे हैं। इससे भाजपा विरोधी वोट बंटने पर सरकार बनाने को आतुर कांग्रेस की संभावनाओं और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के अरमानों को नुकसान पहुंच सकता है।


किसानों ने एक कार्यक्रम में कांग्रेस प्रत्याशी विनेश फोगाट को पगड़ी पहनाई।

हरियाणा में चुनाव प्रचार के दौरान 4 बड़े मुद्दे किसान, जवान, पहलवान और भितरघाती या बागी हर कहीं चर्चा में हैं। माना जा रहा है कि भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी लड़ाई वाली सीटों पर ये मुद्दे जीत की कुंजी साबित हो सकते हैं। हालांकि विपक्षी पार्टियों के अलग-अलग चुनाव लड़ने से भाजपा थोड़ी राहत महसूस कर रही है, लेकिन जिस तरह कांग्रेस ने किसान, पहलवान और युवाओं की बेरोजगारी के मुद्दे को धार देने के साथ बदलाव का नारा बुलंद कर रखा है, उससे अंतिम दौर में लोगों का बड़ा समर्थन उसकी तरफ मुड़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा रहा है। इस माहौल में भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती इस चक्रव्यूह से बाहर निकलने की है। पार्टी अगर ऐसा नहीं कर पाती है, तो जीत की हैट्रिक का उसका सपना चकनाचूर हो सकता है। दरअसल, भाजपा के सामने चिंता है कि पहलवानों के शोषण और किसानों के मुद्दे पर अगर कांग्रेस जाट मतदाताओं को पूरी तरह लामबंद कर लेती है और युवाओं में बेरोजगारी और अग्निवीर योजना के विरुद्ध गुस्सा तेज करने में सफल रहती है, तो उसकी 10 साल की सरकार के खिलाफ 'एंटी इनकबेंसी' लहर जैसी बन सकती है। भाजपा ने राज्य में अपनी सत्ता के दौरान किसानों को सिंधू बॉर्डर पार नहीं करने दिया, जो हरियाणा और दिल्ली के बीच किसानों के विरोध का केंद्र था। मनोहरलाल खट्टर की सरकार के निर्देश पर राज्य की पुलिस ने हर वह उपाय किए जिससे किसानों का प्रदर्शन दिल्ली न पहुंच पाए, ताकि राजधानी में अशांति न फैले और केंद्र की मोदी सरकार कठिनाई में न पड़े। उधर, पहलवानों के यौन शोषण मुद्दे पर आंदोलन का नेतृत्व करने वाली विनेश फोगट और बजरंग पूनिया अब कांग्रेस में हैं। विनेश चुनाव लड़ रही हैं और बजरंग भाजपा के खिलाफ वोट मांग रहे हैं। हरियाणा में कुश्ती का आलम यह है कि शायद ही कोई गांव हो, जहां अखाड़ा न हो।

ऐसे में विनेश फोगाट और बजरंग जैसा बनने की चाहत रखने वाले पहलवानों को अपनी तरफ मोड़ना भाजपा के लिए भारी पड़ता नजर आ रहा है। हालांकि उसने किसानों और पहलवानों के मुद्दे पर बबिता फोगाट, ओमप्रकाश धनखड़, कैप्टन अभिमन्यु जैसे नेताओं को आगे कर रखा है। इसी तरह बेरोजगारी और अग्निवीर योजना युवाओं के बीच बड़ा मुद्दा है। कांग्रेस इसे लगातार हवा दे रही है। जवाब में भाजपा इसे कांग्रेस का गुमराह करने वाला प्रचार साबित करने के साथ नौकरियों में चलने वाली भ्रष्टाचार की पर्ची व्यवस्था खत्म करने को अपनी सरकार की उपलब्धि के रूप में पेश कर रही है।


पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व अभय चौटाला।

### कांटे की लड़ाई में त्रिशंकु परिणाम की संभावना भी जता रहे बड़ी संख्या में मतदाता

- राज्य में इस बार चुनाव में एंटी इंकबेंसी के चलते कांग्रेस स्वभाविक रूप से कई इलाकों में बढ़त पर दिखाई दे रही है, लेकिन कई कारण और समीकरण गिनाकर मतदाता 2019 जैसे चुनाव परिणाम की संभावना भी जता रहे हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव में त्रिशंकु विधानसभा का स्वरूप सामने आया था। 90 सीटों में भाजपा को 40 सीटें मिली थीं। कांग्रेस 31 सीटें पाकर सत्ता की दौड़ में पिछड़ गई थी। जेजेपी ने 10 सीटों पर जीत दर्ज की थी, जबकि इनेलो को 1, गोपाल कांडा की पार्टी को 1 सीट मिली थी। 7 सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशी जीते थे। इस बार यह राय जताने वालों की कमी नहीं है कि कांग्रेस सबसे पार्टी के रूप में उभर सकती है। सत्ता में उसका साझीदार कौन बनेगा, इसे लेकर सबके अपने-अपने कयास हैं।

### दो गठबंधनों के बीच प्रचार के मैदान में केजरीवाल की एंट्री पर टिकी सबकी निगाह

- भाजपा और कांग्रेस के बीच छिड़े सत्ता संग्राम में 3 और धुरी भी हैं, जिनके प्रदर्शन पर सबकी निगाहें टिकी हैं। इनमें दुष्यंत चौटाला की जेजेपी है, जो भाजपा सरकार में सहयोगी थी और अब चंद्रशेखर आजाद की आजाद पार्टी के साथ चुनावी मैदान में है। अभय चौटाला की इनेलो ने बसपा के साथ गठजोड़ बना रखा है, तो आम आदमी पार्टी केजरीवाल की जमानत और दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद उनके धुआंधार प्रचार की बदौलत कई सीटों पर सफलता मिलने की उम्मीद लगा रही है। पार्टी ने भाजपा और कांग्रेस के करीब एक दर्जन बागियों को इसी कोशिश में टिकट भी दिए हैं। इसके बावजूद भाजपा और कांग्रेस दोनों को अपने उन बागियों से जूझना पड़ रहा है, जो निर्दलीय उतरकर ताल ठोंक रहे हैं। बड़े नेताओं से लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह की मान मनौव्वल और पर्चे वापस कराने के बाद भी 15 सीटों पर भाजपा के 19 और 20 सीटों पर कांग्रेस के 29 बागी चुनाव लड़ रहे हैं।

## विस. उप चुनाव के लिए कांग्रेस के पर्यवेक्षक व प्रभारी नियुक्त

**लखनऊ।** विस की 10 सीटों पर होने वाले उप चुनाव के लिए प्रदेश कांग्रेस की ओर से पर्यवेक्षक व प्रभारी नियुक्त हो गए। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय की उपस्थित में बुधवार को प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में पर्यवेक्षकों व प्रभारियों के नामों पर मुहर लगी। मिर्जापुर के मझवा सीट के लिए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को प्रभारी व सदल प्रसाद पर्यवेक्षक बनाए गए हैं। इसी तरह, प्रयागराज की फूलपुर सीट के लिए प्रभारी राजेश तिवारी, पर्यवेक्षक उज्जवल रमण सिंह, मुजफ्फरपुर की मीरापुर सीट के लिए प्रभारी वीरेंद्र चौधरी, पर्यवेक्षक इमरान मसूद, कानपुर की सीसामऊ सीट के लिए प्रभारी नीलांशु चतुर्वेदी, पर्यवेक्षक केएल शर्मा, अलीगढ़ की खैर सुरक्षित सीट के लिए प्रभारी नसीमुद्दीन सिद्दीकी, पर्यवेक्षक राजकुमार रावत, मैनपुरी की करहल सीट के लिए प्रभारी तौकीर आलम, पर्यवेक्षक रामनाथ सिकरवार, मुरादाबाद की कुंदरकी सीट के लिए प्रभारी धीरज गुर्जर, पर्यवेक्षक राकेश राठौर, अयोध्या की मिल्कीपुर सुरक्षित सीट के लिए प्रभारी पीएल पुनिया, पर्यवेक्षक अखिलेश प्रताप सिंह, अंबेडकरनगर की कटहरी के लिए प्रभारी सत्य नारायण पटेल, पर्यवेक्षक केशव चन्द्र यादव और गाजियाबाद सीट के लिए प्रभारी आराधना मिश्रा मोना व पर्यवेक्षक तनुज पुनिया को बनाया।

## स्वस्थ जान है तो जहान है: डॉ. केशव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** इंसान के लिए शिक्षा का जितना महत्व है, उतना ही खेल भी जरूरी है, अगर स्वस्थ जान है तो फिर जहान है। ये बातें बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल ने बुधवार को रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में आयोजित वार्षिक खेल उत्सव आक्रेडिया में कहीं।

मुख्य अतिथि कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल, प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक अग्रवाल, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्रधानाचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह और वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्य अतिथि ने आयोजन समिति की सराहना की। डॉ. अशोक अग्रवाल ने कहा कि खेल से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य ठीक रहता है। साथ ही आपसी समन्वय की भावना का भी विकास होता है। इसलिए हर माह कॉलेज में खेल प्रतियोगिताएं आरंभ होती रहनी चाहिए। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रजनीश पठानिया, डॉ शालिनी चंद्रा, डॉ. शशिकांत वर्मा, डॉ. आशुतोष कुमार, डॉ. मदन मोहन नागर, डॉ. कर्नल सिद्धार्थ दीक्षित, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम आदि ने मौजूद थे।

### मां तुझे सलाम...

कार्यक्रम के आरंभ के बाद गौरव की भावना का संदेश देते हुए मशाल दौड़ हुई, जिसमें मैदान का चक्कर लगाकर छात्र-छात्रों ने एकता का संदेश दिया। वहीं, मार्च पास्ट भी किया गया। अतिथियों ने सलामी ली। इसके बाद देश भक्ति गीत मां तुझे सलाम पर छात्रों ने कत्थक नृत्य की प्रस्तुति दी तो मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

### आयोजन समिति को सराहा

खेल उत्सव के शानदार आयोजन के लिए अतिथियों ने आयोजन समिति के प्रेसिडेंट डॉ. सुपर्व गंगवार, वाइस प्रेसिडेंट आयुष आजाद ओझा, सूर्या सिंह, स्पोर्ट्स सेक्रेटरी शुभम फौजदार, राहुल चौहान, जहान्वी राय और अनुप्रिया की सराहना की।

## घोटाला करने वाले अफसरों के नाम पर मंथन जारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** सितारगंज हाईवे को फोरलेन बनाने के लिए पीलीभीत में हुए घोटाले में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में शामिल रहे अधिकारियों और कर्मचारियों के नाम खोलने के लिए बुधवार को मंडलीय कमेटी ने मंथन किया लेकिन सभी नामों के बारे में जानकारियां जुटाई नहीं जा सकी हैं। अब तक अधिकारी उलझन में हैं, जबकि नाम की सूची तैयार होते ही शासन को भेजी जाएगी।

पीलीभीत में सदर तहसील और अमरिया में भूमि अधिग्रहण में 58.91 करोड़ का घोटाला पकड़ा गया है। बाहरी व्यक्तियों ने किसानों की जमीनों को कौड़ियों के भाव खरीदा और भूमि अधिग्रहण में करोड़ों का मुआवजा ले लिया। इसी तरह से परिसंपत्ति के मूल्यांकन में गड़बड़ी कराकर कई गुना मुआवजा लिया। कमिश्नर की ओर से अपर आयुक्त प्रशासन प्रीती जायसवाल की अध्यक्षता में गठित पांच सदस्यीय टीम ने 10 दिन में जांच कर घोटाला का राजफाश किया। इसमें 19 बाहरी लोगों के नाम सामने आए हैं, जिन्होंने एनएचएआई, नोडल एजेंसी, राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की साठगांठ से गड़बड़ी की।

## यूपी में नई पहचान बनाएगी लोक जनशक्ति

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के 2027 के विधानसभा चुनाव में लोक जनशक्ति पार्टी भी अपनी नई पहचान के साथ चुनाव लड़ेगी। पार्टी नए सिरे से कार्यकर्ताओं को तैयार कर रही है। यह बातें बुधवार को अयोध्या पहुंचीं बिहार के समस्तीपुर की लोकसभा सांसद और उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी शांभवी चौधरी ने कहीं। वह रामलला के दर्शन के बाद निकट स्थित अमावा मंदिर में पत्रकारों से वार्ता कर रहीं थीं।

उत्तर प्रदेश की सह प्रभारी बनने के बाद सांसद शांभवी चौधरी पहली बार अयोध्या पहुंची हैं। उन्होंने कहा कि हम प्रदेश में संगठन को मजबूत करेंगे। सदस्यता अभियान चलाकर युवाओं को जोड़ने का काम करेंगे।


पत्रकारों से बातचीत के दौरान शांभवी चौधरी। अमृत विचार

कहा कि हम अभी प्रदेश में पार्टी को नई पहचान देने के लिए काम करेंगे। हम किसी भी पार्टी तोड़ने नहीं बल्कि अपनी पहचान बनाने और लोगों को जोड़ने के लिए आए हैं, जबकि रामविलास पासवान 1985 में उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में लड़े थे और उनका जो सपना अधूरा रह गया है। उसे पूरा करने के लिए हम लोग आए हैं। उन्होंने कहा कि 26 सितंबर को कौशांबी में राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान की जनसभा भी होगी।

## एक किलो चरस के साथ नेपाली महिला गिरफ्तार

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** भारत नेपाल सीमा पर एसएसबी और रूपईडीहा थाने की पुलिस ने एक नेपाली महिला को एक किलो चरस के साथ पकड़ा है। महिला के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। बरामद चरस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 30 लाख रूपये बताई जा रही है।

भारत नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत के निर्देशन में जवान पेट्रोलिंग कर रहे थे। जवानों के साथ प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह द्वारा गठित पुलिस टीम के उप निरीक्षक विजय कुमार, महिला उप निरीक्षक रोशनी वर्मा, हेड कांस्टेबल मुलायम सिंह और धीरेन्द्र प्रताप सिंह गश्त करते हुए पहुंचे। दोनों टीम सीमा पर जांच कर रहे थे। तभी शाम को नेपाल की ओर से एक महिला आई। जिसे महिला जवानों ने रोक कर तलाशी ली तो उसके पास एक किलो चरस बरामद हुई। इस पर महिला को हिरासत में ले लिया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि महिला तस्कर की पहचान फर्की रोका मगर पुत्री बुद्धु रोका निवासी थवांग वार्ड न0 9 जिला रोल्पा राष्ट्र नेपाल के रूप में हुई है। उसके विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। बरामद चरस को सीज कर दिया गया है।

## 48 भूखंडों से होगा 500 करोड़ का निवेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने ई ऑक्शन के माध्यम से बड़ी धनराशि की बिड हासिल की है। कुल 48 भूखंडों के जरिए 500 करोड़ निवेश संभव हो सकेगा। परियोजनाओं में 5 हजार से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

यीडा ने संस्थागत भूखंडों की योजना के तहत ई ऑक्शन में कॉर्पोरेट ऑफिस के लिए 1000-1000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के कुल 45 भूखंडों को रिजर्व प्राइज 2.50 करोड़ रुपये तय की थी। मगर, उद्योग समूहों के उत्साह का नतीजा रहा कि ई ऑक्शन के दौरान 112.50 करोड़ की बिड प्राइज के सापेक्ष 135 फीसदी अधिक 265.14 करोड़ की धनराशि प्राप्त होगी।

### 3 भूखंडों से हुई 80.76 करोड़ रुपये की कमाई

कॉर्पोरेट ऑफिस के तीन भूखंड ऐसे रहे, जिसकी बिड प्राइज से लगभग 12 गुना ज्यादा रही। इनमें प्लॉट नंबर 64 के लिए चैलेंजर कंप्यूटर लि. ने 28.28 करोड़ की बिड लगाई तो वहीं, एलेक्सिस ग्लोबल प्रा. लि. ने प्लॉट नंबर 69 के लिए 26.64 करोड़ रुपये की बिड प्राइज ऑफर की। इसी तरह, सानाश इंपेक्स प्रा. लि. ने प्लॉट नंबर 59 के लिए 25.84 करोड़ रुपये की बिड लगाई है। ई ऑक्शन के दौरान सिर्फ इन तीन भूखंडों के माध्यम से ही यीडा को 80.76 करोड़ प्राप्त हो रहे हैं।

### 120 और इलेक्ट्रिक बसें खरीदेगी राज्य सरकार

- **लखनऊ।** राज्य सड़क परिवहन निगम के बेड़े में पहले से घोषित 100 बसों के अलावा 120 इलेक्ट्रिक अन्य बसों के शामिल करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के अनुसार इलेक्ट्रिक बसें सुविधायुक्त व अत्याधुनिक उपकरणों से लैस होंगी। अलीगढ़-मुरादाबाद क्षेत्र में 30-30 इलेक्ट्रिक बसें, लखनऊ, अयोध्या एवं गोरखपुर क्षेत्र में 20-20 इलेक्ट्रिक बसें संचालित की जायेंगी। अलीगढ़ क्षेत्र में अलीगढ़- नोएडा वाया जेवर 10 बसें, अलीगढ़-बालाबागड़-फरीदाबाद 4, अलीगढ़-मथुरा 4, अलीगढ़-कौशाम्बी वाया खुर्जा 8 और अलीगढ़-डिबाई-अनूपशहर-संभल-मुरादाबाद रूट पर 4 बसें संचालित होंगी। मुरादाबाद क्षेत्र में कुल 30 इलेक्ट्रिक बसें संचालित की जायेंगी। मुरादाबाद-कौशाम्बी रूट पर 10, मुरादाबाद-मेरठ रूट पर 6, मुरादाबाद-नजीबाबाद कोटवार रूट पर 4, कटघर-बरेली रूट पर 2, कटघर-हल्द्वानी रूट पर 4, कटघर-अलीगढ़ रूट पर 2 एवं कटघर-रामनगर रूट पर 2 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जायेगा। लखनऊ क्षेत्र में न्यू बाराबंकी स्टेशन-अवध बस स्टेशन रूट पर 20 इलेक्ट्रिक बसें संचालित की जायेगी। इसी प्रकार अयोध्या क्षेत्र में अयोध्या-लखनऊ रूट पर 4, अयोध्या-गोरखपुर रूट पर 4, अयोध्या-प्रयागराज-गोण्डा रूट पर 6 एवं अयोध्या-सुलतानपुर-वाराणसी रूट पर 6 बसों का संचालन किया जायेगा। अयोध्या क्षेत्र में भी 20 इलेक्ट्रिक बसें संचालित की जायेंगी।

## सियार ने कई लोगों को काटकर किया जख्मी

संवाददाता, लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मीठापुर गांव व उसके आसपास जंगली सियारो का आतंक है। बुधवार को तीन जंगली सियार गांव के अंदर घुस आए। एक सियार ने तो घर के अंदर घुसकर 10 वर्षीय राज पुत्र दुर्गेश को काट लिया। इसके अलावा अमर बहादुर को भी काटकर घायल कर दिया। एक गाय, एक भैंस भी जंगली सियार के हमले से जख्मी हुए हैं। जब गांव के लोगों और कुत्तों ने सियारो को दौड़ाया तो दो सियार तो जंगल की ओर भाग गए, लेकिन एक सियार को गांव वालों ने मार डाला। हालांकि इस बीच एक कुत्ता भी सियार के हमले से घायल हो गया। क्षेत्रीय वन अधिकारी एके सिंह ने बताया सियार के हमले से दो लोग घायल हुए है। कोई क्षति नही पहुंची स्थिति सामान्य है।

### हमले से किशोरी घायल

**भगवानपुर, बहराइच।** तहसील महसी क्षेत्र के कटान पीड़ित एक लड़की पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमला करने वाले वन्य जीव की पहचान नहीं हो सकी है। महसी तहसील क्षेत्र के तिकुरी गांव निवासी रीता देवी (13) पुत्री सीताराम ग्राम पंचायत तिकुरी की निवासी है। पिछले वर्ष इनका मकान घाघरा नदी के कटान से नदी में समाहित हो गया था।

**राज्य स्तरीय कबड्डी स्पर्द्धा** | सीबीएसई की तरफ से बांदा में आयोजित हुई राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता

## बांदा को हराकर गोंडा ने जीता स्वर्ण पदक

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की तरफ से बांदा में आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में गोंडा की अंडर 14 टीम ने मेजबान बांदा की टीम को हराकर प्रतियोगिता का स्वर्ण पदक जीत लिया। एम्स इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए बांदा जिले की टीम को 10 के मुकाबले 32 प्वाइंट से शिकस्त देकर प्रतियोगिता का गोल्ड मेडल जीता। अंडर 14 से प्रेरणा लेते हुए इसी स्कूल की अंडर 17 टीम ने भी रायबरेली की टीम को 8 प्वाइंट से हराकर प्रतियोगिता का कांस्य पदक अपने नाम किया।

स्कूल के प्रबंधक मतलब खान ने बताया कि गत दिवस सीबीएसई की तरफ से राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में एम्स इंटरनेशनल स्कूल के अंडर 14 व 17 की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रदेश के बांदा जिले में आयोजित इस प्रतियोगिता में स्कूल की अंडर 14 व अंडर 17 की टीमों ने हिस्सा लिया था। इसमें प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में एम्स इंटरनेशनल स्कूल के अंडर 14 की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मेजबान बांदा जिले की तथा ज्ञान स्थली सीनियर सेकेंडरी स्कूल को हराकर स्वर्ण पदक जीता। वही अंडर 17 की टीम ने रायबरेली की टीम को हराकर कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने वाली अंडर 14 टीम को नेशनल के लिए चुना गया। इस जीत पर स्कूल के प्रबंधक ने कहा कि टीम की जीत उनके समर्पण, कड़ी मेहनत और कठोर प्रशिक्षण का प्रमाण है। स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद भट्ट और रीना मिश्रा ने छात्रों की उपलब्धि को गौरवपूर्ण बताते हुए कहा कि उनकी सफलता खेल में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। रवि प्रताप गंगवार, अरमान अली और लकी यादव विजेता टीम के कोच व शिवम उपाध्याय टीम मैनेजर रहे। विजेता टीम में सौरभ पांडेय, मो.आतिफ, मो अरमान, अश्वनी, मो अमान, अभय उपाध्याय, अंश मिश्रा, कामिल खान, मो.रेहान खान, अर्सलान, दुर्गेश, आनंद, आयुष्मान, गौरव, अंशु तिवारी, अरमान, फैजान, सौरभ, असरफ, उत्कर्ष, हर्षित शामिल रहे।


स्कूल के प्रबंधक व शिक्षकों के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

## लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा के केस में हुई गवाही

**सुलतानपुरः** बीते विधानसभा चुनाव के दौरान बिना अनुमति जनसभा कर प्रचार आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोपों में एमपी-एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में बुधवार को एफआईआर लेखक अशोक त्रिपाठी की गवाही दर्ज की गई। मामला विधायक सीताराम वर्मा के विरुद्ध दर्ज है। सुनवाई के लिए 30 सितंबर की तारीख नियत की गई है। विशेष लोक अभियोजक वैभव पांडेय के मुताबिक 23 फरवरी 2022 को चुनाव प्रचारके दौरान सीताराम वर्मा ने लंभुआ क्षेत्र केशवपुर महात्मा गांधी मनरेगा खेलकूद मैदान ग्राम खड़ुआन में बिना प्रशासन की अनुमति के चुनावी सभा की थी। जिस पर उड़न दस्ता प्रभारी विपुल कुमार उपाध्याय ने किस दर्ज कराया था।

## आवास विकास की नई जेल रोड योजना दीवाली से, 5 हजार को मिलेगा भूखंड

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** दीपावली पर आवास विकास मोहनलालगंज स्थित नई जेल रोड योजना लांच करने जा रहा है। अरसे बाद लोगों को भूखंड खरीद का यह तोहफा मिलेगा। परिषद दीपावली पर पंजीकरण खोलने की तैयारी कर रहा है।

लगभग 250 एकड़ की योजना में 70 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण का काम पूरा हो गया है। योजना में परिषद ने विकास कार्य भी शुरू करा दिया है। लगभग 5,000 लोगों को योजना में भूखंड मिलेगा। यह भूखंड करीब 2,200 से 2,500 रुपये प्रति वर्ग फिट की दर से मिलने की संभावना है। परिषद इसी धनराशि पर नए आवंटन खोलेगा। आवास विकास की बुधवार को आयोजित बोर्ड बैठक के बाद प्रेस कांफ्रेंस में अपर आवास आयुक्त एवं सचिव डॉ. नीरज शुक्ला ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजना की दीपावली तक लांचिंग करने की तैयारी है। योजना में आवासीय और व्यावसायिक भूखंड, अस्पताल, स्कूल के अलावा ग्रुप हाउसिंग मकान और फ्लैट भी मिलेंगे।

### मोहनलालगंज में 4,500 एकड़ में तैयार होगा नया शहर

- आवास विकास नई प्रस्तावित भूमि विकास एवं गृहस्थान योजना मोहनलालगंज में प्रस्तावित चार योजनाओं में से दो को परिषद ने ड्राप कर दिया है। पहले परिषद मोहनलालगंज में योजना 1, 2, 3 और 4 की लगभग 10,000 एकड़ योजना के लिए भूमि अधिग्रहण पर काम कर रहा था। लेकिन अब योजना 1 और 3 में लगभग 4,500 एकड़ जमीन अधिग्रहित करेगा। अपर आवास आयुक्त एवं सचिव ने बताया कि बोर्ड ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

### बढ़ी दर से किसानों को मिलेगा मुआवजा, 1 लाख को होगा फायदा

- अपर आवास आयुक्त एवं सचिव डा. नीरज शुक्ला ने प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों को बताया कि आवास विकास की प्रदेश में कुल 42 योजनाएं हैं। इनमें से लगभग 25 जिलों के किसान पुरानी दर की जगह नए भू-अधिग्रहण अधिनियम 2014 के तहत मुआवजे की मांग कर रहे हैं। जिससे योजनाओं में किसानों से मुआवजे को लेकर विवाद की स्थिति है। इसे देखते हुए परिषद ने किसानों को नए कानून के तहत डीएम सर्किल रेट का शहरी क्षेत्र में 2 गुना और ग्रामीण क्षेत्र में 4 गुना मुआवजा देने का निर्णय लिया है। इससे लगभग 1 लाख किसानों को फायदा होगा। इस प्रस्ताव को बोर्ड ने मंजूरी दे दी।

## एक नजर

### वात्सल्य योजना की विभिन्न जिलों में हुई शुरुआत

**अमृत विचार , लखनऊ :** केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित किये गये एनपीएस वात्सल्य योजना के उद्घाटन समारोह का उत्तर प्रदेश में भी सजीव प्रसारण देखा गया। बुधवार को इस कार्यक्रम में लखनऊ, अयोध्या, सहारनपुर, लखीमपुर खीरी, संभल और देवरिया जिलों से छात्रों, अभिवावकों समेत बड़ी संख्या में लोगों ने ऑनलाइन प्रतिभाग किया।

### उप्र. में थमेगा बारिश का सिलसिला

**अमृत विचार, लखनऊ :** मौसम विभाग ने राज्य में कुछ दिनों से हो रही बारिश के फिलहाल थमने की संभावना जताई है। हालांकि आने वाले 24 घंटे में पश्चिमी उप्र. और अन्य इलाकों में छिटपुट बूंदाबांदी की संभावना बनी हुई है। दरअसल, कम दबाव क्षेत्र के पश्चिमी उप्र. की ओर जाने से बुधवार को दिल्ली से सटे लगभग 15 इलाकों गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, बुलंदशहर व फिरोजाबाद के अलावा आगरा, अलीगढ़, इटावा, कानपुर आदि में भी भारी बारिश देखने को मिली।

### प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर 4575 यूनिट हुआ रक्तदान

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर शुरू होने वाले सेवा पखवाड़ा अंतर्गत 01 अक्टूबर तक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएगे। मंगलवार को पहले दिन आयोजित 370 शिविरों में कुल 4575 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। शिविरों में 5709 रक्तदाताओं ने पंजीकरण कराया। यह संख्या पिछले साल की तुलना में लगभग 50 फीसदी अधिक है।

# गंगा एक्सप्रेस-वे का बलिया तक होगा विस्तार

## बारिश बाधा न बनी तो महाकुंभ से पहले हो जाएगा तैयार , पहले चरण में 12, दूसरे में जुड़ेंगे 5 और जिले, आठ लेन की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 12 जिलों में मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज शामिल
- बाद में मिर्जापुर, भदोही, वाराणसी व गाजीपुर होते हुए यह बलिया पहुंचेगा एक्सप्रेसवे

**56** हजार करोड़ है निर्माण का बजट

**अमृत विचार:** वह दिन दूर नहीं जब गंगा के नाम पर बन रहे एक्सप्रेस-वे पर 120 की रफ्तार से गाड़ियां मंजिल तय करेंगी। राज्य सरकार का जोर गंगा एक्सप्रेस-वे को महाकुंभ 2025 से पहले पूरा करने पर है, जिसकी लंबाई 594 किलोमीटर होगी। बारिश अगर बाधा न बनी तो पहले चरण को तयशुदा समय में पूरा भी कर लिया जाएगा। जबकि दूसरे चरण में इसके विस्तार से पांच और जिले जुड़ेंगे।

मेगा प्रोजेक्ट के दूसरे चरण में इसे प्रयागराज से आगे मिर्जापुर से बिहार की सीमा पर स्थित बलिया तक बढ़ाया जाएगा। ऐसे में यह मिर्जापुर, भदोही, वाराणसी और गाजीपुर होते हुए यह बलिया पहुंचेगा। गंगा एक्सप्रेस-वे का दूसरा चरण 350 किलोमीटर का होगा और दोनों चरण मिलाकर कुल लंबाई लगभग 950 किलोमीटर की हो जाएगी। इस तरह यह देश का सबसे लंबा एक्सप्रेस-वे बन जाएगा।

फिलहाल पहले चरण का लगभग 80 प्रतिशत काम पूरा होने का दावा किया जा रहा है। इस शुरुआती चरण में मेरठ से प्रयागराज तक बन रहा यह एक्सप्रेसवे राज्य के 12 जिलों के कुल 518 गांव से होकर गुजरेगा। छह लेन में तैयार हो रहे इस एक्सप्रेस-वे को आगे चलकर आवश्यकता पड़ने पर बढ़ाकर आठ लेन का किया जा सकता है। पूर्वांचल से पश्चिम को जोड़ने वाले इस एक्सप्रेस-वे का निर्माण उप्र एक्सप्रेस वे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी के अंतर्गत हो रहा है। अगर किसी कार चालक ने 120 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ी तो प्रयागराज से मेरठ पहुंचने में उसे मात्र छह घंटे लगेंगे।

पहले चरण का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद गंगा एक्सप्रेसवे जिन 12 जिलों से होकर गुजरेगा उनमें मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज शामिल हैं। संबधित परियोजना के एक अधिकारी ने दावा किया कि गंगा एक्सप्रेस-वे जिन जिलों से गुजरेगा, वहां विकास और रोजगार के व्यापक अवसर बनेंगे। इससे राज्य की जीडीपी में भी बढोत्तरी होने की उम्मीद है।

दरअसल, बाद में बलिया के रास्ते बिहार के लोग भी आसानी से सड़क मार्ग से राष्ट्रीय राजधानी से जुड़ जाएंगे। एक्सप्रेस-वे के निर्माण का कुल बजट 56,000 करोड़ का है। पहले चरण की कुल निर्माण लागत 37,350 करोड़ रुपये अनुमानित है। इसमें लगभग 9,500 करोड़ की भूमि अधिग्रहण लागत भी शामिल है।

### उत्तर प्रदेश में सात एक्सप्रेस-वे निर्माणाधीन

उत्तर प्रदेश में कुल 13 एक्सप्रेस-वे हैं, जिनमें से छह चालू हैं, जबकि सात निर्माणाधीन हैं। राज्य में एक्सप्रेस-वे की कुल लंबाई 3,200 किलोमीटर है, जिसमें उप्र एक्सप्रेस वे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) के अंतर्गत बनने वाला गंगा एक्सप्रेस-वे भी मील का पत्थर साबित होने जा रहा है।

# जेवर एयरपोर्ट के पास बनेगा पहला सेमी कंडक्टर पार्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- यीडा के सेक्टर 10 व 28 में पार्क बनाने की योजना

**अमृत विचार:** ग्रेटर नोएडा स्थित जेवर में इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास अब प्रदेश का पहला सेमी कंडक्टर पार्क स्थापित होगा।

दो सेमीकंडक्टर क्लस्टर के लिए भूमि चिह्नित की है। पहली सेक्टर 10 में 200 एकड़, जबकि दूसरी सेक्टर 28 में 125 एकड़ भूमि शामिल है। इन दोनों क्लस्टर में यीडा 8 एमएलडी का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करेगी, जबकि 60 एमएलडी का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) लगाया जाएगा। वहीं, विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 400/200/132 केवी सबस्टेशन भी स्थापित किए जाने की योजना है। निवेश करने वाले उद्यमियों को मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी की सुविधा मिलेगी। दोनों सेक्टर एयरपोर्ट से मात्र 4 किमी पर है, जिससे कॉर्गो मिनटों में यहां पहुंच सकेगा और निवेशकों और विदेशी बायर्स को सहूलियत होगी। इसके अलावा, यहां रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) की भी सुविधा जल्द शुरू होगी।

प्रदेश सरकार से डीपीआर की मंजूरी मिल चुकी है। वहीं, दिल्ली से वाराणसी के बीच हाई स्पीड रेल की योजना में एक स्टेशन नोएडा एयरपोर्ट भी होगा। इसके अतिरिक्त यमुना एक्सप्रेसवे में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का इंटरचेंज भी बन चुका है, जो कनेक्टिविटी को आसान बनाएगा।

# प्रतापगढ़ में करोड़ों के स्टेट बैंक घोटाले की जांच सीबीआई को

## पीड़ित ग्राहकों की याचिका पर हाईकोर्ट का फैसला

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रतापगढ जनपद में स्टेट बैंक की लीलापुर शाखा में हुए करोड़ों के घोटाले की जांच सीबीआई को करने का आदेश दिया है। अब तक इस मामले की जांच स्थानीय पुलिस कर रही थी। हालांकि पीड़ित ग्राहकों ने पुलिस की जांच से असंतुष्टि जाहिर करते हुए, याचिका दायर कर सीबीआई जांच की मांग की थी।

यह निर्णय न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने मिथिलेश कुमार तिवारी व अन्य की याचिका पर पारित किया। मामले में बैंक के तत्कालीन अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने बाहरी लोगों से मिलकर कई ग्राहकों के एफडी को बन्धक बनाते हुए, चार करोड़ 98 लाख 30 हजार रुपये के लोन दे दिए। मामले में तत्कालीन शाखा प्रबन्धक जयनाथ सरोज को मुख्य अभियुक्त बनाया गया है। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने यह भी पाया कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के 1 जुलाई 2016 के दिशा-निर्देशों के तहत 3 करोड़ से 25 करोड़ रुपये के पब्लिक सेक्टर बैंकों के फ्रॉड मामलों में सीबीआई को केस दर्ज करना चाहिए। वहीं प्रतापगढ के एसपी ने हलफनामा दाखिल कर बताया कि मामला गम्भीर होने के कारण जांच क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर की गई है, जबकि एसबीआई की ओर से जांच सीबीआई से कराने के अनुरोध का समर्थन किया गया। न्यायालय ने सभी पक्षों को सुनने के पश्चात मामले में दर्ज आधा दर्जन प्राथमिकियों की जांच सीबीआई को करने का आदेश दिया।

### जयनाथ सरोज की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

वहीं न्यायालय ने तत्कालीन शाखा प्रबन्धक जयनाथ सरोज की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायमूर्ति करुणेश सिंह पवार की एकल पीठ के समक्ष 17 सितम्बर को जयनाथ सरोज की अग्रिम जमानत पर सुनवाई हुई। एक अन्य अभियुक्त राजेश कुमार की भी अग्रिम जमानत याचिका खारिज हो चुकी है। अभियुक्त दीपक वर्मा व अनुराग सचिन की नियमित जमानत याचिकाओं पर गुरूवार को सुनवाई होगी।

# आईपीएस की भूमिका की जांच हो : अमिताभ

**अमृत विचार, लखनऊः** आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने डीजीपी को पत्र भेजकर कमांडेंट, एसडीआरएफ, लखनऊ डॉ सतीश कुमार पर बरेली निवासी डॉ पुनिता केसरी द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच की मांग की है।

डॉ पुनिता केसरी के अनुसार डॉ सतीश कुमार ने बरेली में सीओ सिटी तथा एसपी ग्रामीण पद पर अपनी नियुक्ति के दौरान उनके पिता स्व. डॉ रमेश चंद्र केसरी से कुल दो करोड़ 58 लाख 58,919 हजार रुपये अपने पिता के स्टेट बैंक मकरपुरा के खाते में डलवा दिया और बाद में दबाव बनाने पर चार किश्तों में 18 लाख रुपये वापस किया।र डॉ सतीश कुमार ने उनके पिता का अपहरण कर उनसे वसीयत बनवाया, जिसमे 75 लाख नकद और 500 ग्राम सोने का उल्लेख करा लिया, जबकि उनके पिता के पास कोई भी अघोषित पैसा नहीं था।

# बच्चियों के साथ दुष्कर्म से प्रदेश की हो रही बदनामी : अखिलेश

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा की सरकार में बच्चियों के साथ बलात्कार और पीड़ित परिवारों के साथ अन्याय हो रहा हैं। देश-दुनिया में उत्तर प्रदेश की बदनामी हो रही है। हिरासत में मौतों के मामलों में भी प्रदेश शीर्ष पर है। पीडीए को भाजपा सरकार उत्पीड़न का शिकार बना रही है।

पार्टी मुख्यालय में बुधवार को कार्यकर्ताओं से सपा प्रमुख ने कहा कि सपा सरकार बनने पर किसान, नौजवान और पिछड़े, दलितों की खुशहाली आएगी। इसलिए एक-एक कार्यकर्ता को सन् 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए दिनरात एक करना होगा। उन्होंने कहा कि इस समय संविधान को बचाने की लड़ाई में कोई ढील नहीं होनी चाहिए। संविधान बचेगा तो आरक्षण बचेगा। पीडीए परिवार का विस्तार करना है। समाजवादी पार्टी समाज के हर तबके को हक और सम्मान दिलाने की पक्षधर है।

### बुलडोजर का सदुपयोग होता तो बाढ़ से हो सकता था बचाव

सुप्रीम कोर्ट के बुलडोजर कार्रवाई पर रोक लगाने के बाद सोशल मीडिया



अखिलेश

एक्स पर बुधवार को अखिलेश यादव ने लखीमपुर खीरी, व गोरखपुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को लेकर राज्य सरकार पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने बुलडोजर का सकारात्मक सदुपयोग किया होता तो बाढ़ से बचाव हो सकता था।

# ओबीसी प्रमाणपत्र जारी करने में ढिलाई बरतने वाले अफसर होंगे दंडित

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में ओबीसी के प्रमाण पत्र जारी करने में हीलाहवाली करने वाले अफसर दंडित होंगे। देवीपाटन मंडल में कशोधन समुदाय को प्रमाण पत्र जारी न किए जाने के मामले में जिम्मेदार अधिकारियों को तलब किया जाएगा।

सूत्रों का कहना है कि देवीपाटन मंडल क्षेत्र के जिलों में कशोधन समुदाय के लोगों को ओबीसी प्रमाण पत्र जारी नहीं हो रहे हैं। मामला विधानमंडल में उठा था। अन्य पिछड़े वर्ग की सूची में 41 नंबर पर भुर्जी, भड़भुजा, भूंज, कांदू व कशोधन समुदाय दर्ज है। आयोग ने संबंधित जिलाधिकारियों से रिपोर्ट तलब की थी, जिसमें तर्क दिया गया था कि कशोधन समुदाय के लोग उनके क्षेत्र में नहीं हैं, जबकि समुदाय के लोगों का कहना था कि क्षेत्र में इस समुदाय के लोग रहते हैं।

# आश्रम पद्धति विद्यालयों में जल्द होगी 200 शिक्षकों की भर्ती

**अमृत विचार , लखनऊ :** आश्रम पद्धति विद्यालय में शिक्षकों की कमी जल्द दूर होगी। 200 शिक्षकों की तैनाती के लिए प्रस्ताव तैयार कर प्रमुख सचिव समाज कल्याण को भेजा गया है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, नवोदय विद्यालय से सेवानिवृत्त शिक्षकों को भी संविदा पर रखा जा सकता है। समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। विद्यालयों में लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं हैं। विद्यालयों में सहायक अध्यापक और अध्यापकों की कमी है। प्रदेश में लगभग 200 शिक्षकों की तैनाती के लिए प्रस्ताव बनाकर प्रमुख सचिव समाज कल्याण को भेजा गया है। मंजूरी के बाद नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# सुभारती मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के 8 दाखिले निरस्त

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- बौद्ध समुदाय के फर्जी प्रमाणपत्र से हासिल की थी सीट

**अमृत विचार :** फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर मेरठ के सुभारती मेडिकल कॉलेज में दाखिला लेने वाले आठ छात्रों का प्रवेश निरस्त कर दिया गया है। यह कार्रवाई बुधवार को चिकित्सा शिक्षा विभाग ने संबन्धित जिलाधिकारियों द्वारा अल्पसंख्यक प्रमाण पत्रों के अवैध होने की पुष्टि होने के बाद की।

शासन व प्रशासन के तमाम प्रयासों के बाद भी मेडिकल कॉलेजों में होने वाले दाखिलों में हेराफेरी थमने का नाम नहीं ले रही है। उक्त के क्रम में ही, इस बार नीट यूजी की प्रथम चरण की काउंसिलिंग में अल्पसंख्यक श्रेणी की आरक्षित सीटों पर बौद्ध समुदाय के फर्जी प्रमाण लगाकर अभ्यर्थियों द्वारा दाखिला लेने का खुलासा हुआ।

# पीएमएसएच अभ्यर्थियों की सूची डीजीएमई को भेजी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग ने प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग( पीएमएसएच) के उन 57 चिकित्सकों की सूची बुधवार को चिकित्सा शिक्षा विभाग को भेजी, जो एनईईटी कट ऑफ प्राप्तांक के आधार पर उत्तीर्ण थे। मगर स्वास्थ्य महानिदेशक प्रशिक्षण द्वारा भेजी गयी पहली सूची में शामिल नहीं थे। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने दोनों सूचियों को वेबसाइट पर जारी कर दी।

इसमें एमडी-एमएस के 24 अभ्यर्थी और डीएनबी पाठ्यक्रम के 33 अभ्यर्थी शामिल हैं। मालूम हो कि इन सूचीबद्ध चिकित्सकों को, एनईईटी की मेरिट सूची से बनने वाली राज्य स्तरीय मेरिट सूची में शामिल किया जायेगा, मेरिट सूची के अनुसार काउंसिलिंग में शामिल होंगे।

# एसोसिएट प्रोफेसर को डिजिटल अरेस्ट करने में 5 और गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**2.81** करोड़ की हुई थी ठगी

**अमृत विचार:** एसजीपीजीआई की एसोसिएट प्रोफेसर को डिजिटल अरेस्ट कर 2.81 करोड़ की ठगी करने वाले गिरोह के 5 और सदस्यों को एसटीएफ ने विभूतिखंड थानाक्षेत्र के वेब मॉल पेट्रोलपंप के पास गिरफ्तार किया है।

एसटीएफ के डिप्टी एसपी दीपक कुमार सिंह के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों में बिहार के सीतामढ़ी स्थित श्रीखंडी भिट्टा पूर्वी का ऋषिकेश कुमार उर्फ मयंक, पटना के स्टेशन रोड का गोपाल उर्फ रोशन उर्फ राहुल, समस्तीपुर के मुख्तियारपुर का गणेश कुमार, चंदौली के सकलडीहा स्थित नारायना का मणिकांत पांडेय और वाराणसी के सारनाथ स्थित बरईपुर का राजेश गुप्ता शामिल है। टीम ने आरोपियों के पास से 2,42,100 रुपये नकद, 15 चेक बुक, 18 एटीएम, 8 यूपीआई स्कैनर, 7 मोबाइल और दो लैपटॉप बरामद किया है।

डिप्टी एसपी दीपक कुमार सिंह के मुताबिक आरोपी ठगी के रुपये अलग-अलग खातों में मंगाते थे। इसके बाद तुरंत तय खातों में ट्रांसफर कर देते। अलग-अलग लड़कों से बिनान्स एप के माध्यम से यूएसडीटी खरीदकर वापस मंगा लेते हैं। जालसाजी करते समय अलग-व्यक्तियों से बात करने का काम ऋषिकेश उर्फ मयंक, गोपाल उर्फ रोशन उर्फ राहुल और गणेश करते हैं। मणिकांत पांडेय उर्फ मिश्रा जी और राजेश गुप्ता इस काम के लिए अलग-अलग लोगों के करंट और कारपोरेट खाते की चेकबुक इंटरनेट बैंकिंग की आईडी पासवर्ड, खाते पर रजिस्टर्ड सिम का इंतजाम करते हैं।

जिन लोगों को डिजिटल अरेस्ट करना होता है उनका डेटा टेलीग्राम एप पर स्कैमरों व हैकरों द्वारा बनाए गए खातों व चैनलों से जुटाया जाता था। टीम अभी गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।



एसटीएफ की गिरफ्त में डिजिटल अरेस्ट करने के आरोपी। अमृत विचार

### अब तक 16 आरोपियों की हो चुकी है गिरफ्तारी

इस मामले में एसटीएफ ने अब तक चार बार में 16 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। सबसे पहले लखनऊ के कुर्सी रोड से छह आरोपियों को दबोचा गया था। इसके बाद ओड़िशा से गिरोह का संचालन करने वाली हरिप्रिया के समेत तीन आरोपी गिरफ्तार हुए। इसके बाद एक्सिस बैंक जयपुर का शाखा प्रबंधक और फिनो बैंक का सिक्योरिटी सुपरवाइजर गिरफ्तार किया गया। वहीं बुधवार को एसटीएफ की टीम ने खाता उपलब्ध कराने और कॉल करने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।


## वर्ग पहेली-196

**बाएं से दाएं**

1. शिव, संहार करने वाले महेश।
5. 1. सेवानिवृत्ति, अवकाश प्राप्ति 2. एकांत 3. चला जाना, हट जाना।
6. आंखों में लगाई जाने वाली वह कालिख जो तेल
8. 1. खाद्य पदार्थ 2. रसद, सेना या सिपाही आदि की खुराक 3. सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर गरीब जनता को दी जाने वाली खाद्य-सामाग्री।

**ऊपर से नीचे**

2. रुकने की क्रिया या भाव, व्यवधान, अवरोध।
3. 1. धारण करने योग्य 2. पहने जाने के योग्य वस्त्र या पोशाक।
4. 1. जिसमें अवकाश या खाली स्थान न हो (भू-खंड) 2. जिसे अवकाश या फुरसत न हो (व्यक्ति)।
7. 1. व्यक्ति, मनुष्य 2. सर्वसाधारण लोग, मनुष्य समूह, लोक, जनता, प्रजा 3. अनुचर, अनुयायी 4. दास, नौकर 5. कल्पित सात लोकों में पांचवां लोक।



### वर्ग पहेली -195 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 शो | | 2 रा | | |
| 3 अ | भि | यो | ज | न | |
| | त | | नी | | 4 म |
| | | 5 अ | ति | क | थ |
| | 6 यु | व | क | | नी |
| | | मं | | | |
| 7 म | ह | ता | बी | | |

## सुडोकू -109

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 6 | 2 | | 7 | 9 |
| | 7 | | 4 | | | 8 | | |
| | | 9 | | | 8 | 5 | | 6 |
| | | 8 | | | | | 9 | |
| 9 | | | 7 | | 3 | | | 4 |
| | 2 | | | | | 1 | | |
| 4 | | 3 | 8 | | | 7 | | |
| | | 2 | | | 5 | | 1 | |
| 1 | 8 | | 2 | 9 | | | 6 | |

### सुडोकू - 108 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 8 | 7 | 6 | 1 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 3 | 6 | 8 | 4 | 7 | 2 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 9 | 4 | 3 | 8 | 7 | 5 | 6 |
| 6 | 4 | 3 | 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 9 | 4 | 3 |
| 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 |
| 8 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 9 | 1 |
| 3 | 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 6 | 2 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 सितंबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 20 सितंबर 00 .39 तक तत्पश्चात तृतीया।

**मेष:** आज प्रेमीजन के प्रति विश्वास भाव रखें। जोड़ों में दर्द और खराब पाचन की समस्या हो सकती है। घर में आपका मन नहीं लगेगा। सरकारी कार्यों में अवरोध आ सकता है। इस समय आपको कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। क्रोध के कारण आप अपने काम बिगाड़ सकते हैं।

**वृष:** आज अपने मन की बातें उनसे साझा कर सकते हैं। घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। इस समय सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल हैं। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। जीवनसाथी आपके एक अच्छे मित्र की भूमिका निभाएगा।

**मिथुन:** आज जीवनसाथी के प्रति मन में सम्मान और आदर का भाव उत्पन्न होगा। स्वास्थ्य काफी अच्छा और संतुलित रहेगा। किसी बड़ी समस्या का समाधान होने से निश्चिंत होंगे। यदि मन में किसी प्रकार का कोई भय था तो वह दूर हो सकता है।

**कर्क:** आज कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। मित्रों के परामर्श पर गंभीरता से ध्यान दें। बच्चों के साथ सुखद समय व्यतीत करेंगे। गृह निर्माण के कार्य तेजी से पूर्ण होंगे। प्रेम संबंधी मामलों में निराशा हाथ लग सकती है।

**सिंह:** आज यह धैर्य रखने का समय है। रिश्तों को लेकर गंभीर रहें। मन में निराशा का भाव न पनपनें दें। योग और प्राणायाम के लिए समय अवश्य निकालें। इस समय नया कार्य शुरू करना उचित नहीं है। आत्मविश्वास में कमी महसूस कर सकते हैं।

**कन्या:** आज विदेश में शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को थोड़ा सावधान रहना चाहिए। ऑनलाइन व्यापार से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है। व्यवसाय में निवेशक आपसे प्रसन्न रहेंगे। नया कार्य शुरू कर सकते हैं, लेकिन अत्यधिक अधीरता ठीक नहीं है।

**तुला:** आज व्यर्थ की गतिविधियों में समय नष्ट न करें। महत्वपूर्ण अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं इसीलिए लापरवाही भारी पड़ सकती है। गृहस्थ जीवन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। अनुभवी व्यक्तियों से मार्गदर्शन अवश्य लें। बड़े भाई-बहनों को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। उच्च अधिकारियों को नाराज न करें। आप काम में काफी व्यस्त हो सकते हैं। उच्च शिक्षा में कठिनाई देखने को मिलेगी। मौसम परिवर्तन के कारण बुखार और सर्दी की शिकायत हो सकती है।


**धनु:** आज बड़ी डील करने के लिए समय उत्तम नहीं है। घर में कलह का माहौल हो सकता है। भोजन में शुद्धता और सफाई का ध्यान रखें। सामाजिक कार्यों में ज्यादा सक्रिय न रहें। होटल कारोबारियों के लिए दिन कुछ कमजोर हो सकता है।

**मकर:** आज अपनी पुरानी गलतियों से आप सीख सकते हैं। किसी दुविधा का समाधान मिलने से मन प्रसन्न होगा। जीवनसाथी की सेहत को लेकर कुछ चिंता हो सकती है। नई नौकरी ढूंढ रहे हैं तो दिन शुभ सिद्ध होगा। कमीशन से संबंधित कार्यों से आपको लाभ मिल सकता है।

**कुंभ:** आज दांपत्य संबंधों में प्रेम और विश्वास की भावना बढ़ेगी। आपके द्वारा बनाई गई योजना सफल होगी। आकस्मिक खर्च सामने आएंगे। घर में मेहमान आ सकते हैं। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मीन:** आज किसी महत्वपूर्ण बिजनेस मीटिंग में सम्मिलित हो सकते हैं। आपके स्वभाव में गंभीरता रहेगी। व्यापार में बेहतरीन धन लाभ प्राप्त होगा। अपनी कार्यक्षमता पर विश्वास रखें। परिवार और कार्यक्षेत्र में शानदार तालमेल रहेगा।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराभाद्रपद 08 .04 तक तत्पश्चात रेवती 20 सितंबर 05 .15 तक तत्पश्चात अश्विनी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- मि . नटवरलाल — सुबह : 09 .00
- कर्तव्य — शाम : 06 .00

&pictures
- बागी — सुबह : 11 .37
- द लास्ट कलर — रात : 08 .00

SONY PIX
- द कॉन्ज्यूरिंग — सुबह : 10 .46
- मैकेनिक — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- शिवा द सुपर हीरो 2 — सुबह : 10 .40
- स्कंदा — रात : 08 .00

colors CINEPLEX
- वेलकम — दोपहर : 12 .00
- फिर हेरा फेरी — रात : 07 .47

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सास- बहू कौन आया है बाहर?
बहू- मां जी भिखारी था, मैंने भगा दिया।
सास (गुस्से में)- अरे, मुझसे बिना पूछे भिखारी को भगा दिया, उसे जल्दी वापस बुला। (भिखारी के वापस आने के बाद)
सास- सुन रे भिखारी इस घर की मालकिन मैं हूं ,खबरदार जो फिर से भीख मांगने आया, भाग जा यहां से...

सिट्टू- आखिर आज पता चल ही गया कि पत्नी को बेगम क्यों कहते हैं!
बिट्टू- क्यों?
सिट्टू- क्योंकि शादी के बाद पत्नी बे, गम हो जाती है और ती है और सारे गम पति के हिस्से में चले जाते हैं।
बिट्टू की बात सुनकर सोनू हैरान रह गया!

## खेल डायरी

### भारत के युवा भारोत्तोलकों ने राष्ट्रमंडल चैम्पियनशिप में 11 स्वर्ण पदक जीते

**सुवा (फिजी)।** भारतीय भारोत्तोलकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां 2024 राष्ट्रमंडल युवा, जूनियर और सीनियर (पुरुष और महिला) भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में अभी तक 11 स्वर्ण और तीन रजत पदक जीत लिये। बाबुलाल ने 49 किग्रा युवा पुरुष वर्ग में क्लीन एवं जर्क वर्ग में राष्ट्रमंडल और राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। मीना संता ने 55 किग्रा युवा महिला वर्ग में स्नैच में 81 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 99 किग्रा के प्रयास से राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। बेदाबरत भाराली ने भी 73 किग्रा युवा पुरुष वर्ग में स्नैच तथा क्लीन एवं जर्क में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।

### अगले सत्र से बढ़ेगी डायमंड लीग एथलेटिक्स सीरीज की ईनामी राशि

**मोनाको।** डायमंड लीग ट्रैक और फील्ड सीरीज में अगले सत्र से ईनामी राशि बढ़ाई जायेगी। विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन कू की अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष बनने की दावेदारी के बीच यह खबर आई है। अगले वर्ष से ईनामी राशि 92 लाख डॉलर होगी। अगले साल के कार्यक्रम में 14 एक दिवसीय प्रतियोगिता और अगस्त में ज्यूरिख में दो दिवसीय फाइनल होगा। हर प्रतियोगिता में प्रति खेल ईनामी राशि 30000 से 50000 डॉलर के बीच होगी। फाइनल में ईनामी राशि 60000 से 100000 डॉलर के बीच रहेगी।

### जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप: फाइनल में उत्तर प्रदेश की भिड़ंत पंजाब से

**जालंधर।** उत्तर प्रदेश ने बुधवार को सेमीफाइनल में कर्नाटक को हराकर हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई जहां उसकी भिड़ंत पंजाब से होगी। पंजाब ने सेमीफाइनल में हरियाणा को हराया। पहले सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश ने कर्नाटक को 3-1 से शिकस्त दी। उत्तर प्रदेश की तरफ से राजेश यादव (41वें मिनट), अजीत कुमार (45वें मिनट) और फहद खान (57वें मिनट) ने गोल दागे। कर्नाटक के लिए कप्तान सुनील पीबी ने 53वें मिनट में सांत्वना भरा गोल किया। पंजाब ने दूसरे सेमीफाइनल में हरियाणा को 7-6 से हराया।

### चैंपियंस लीग में हैरी केन ने चार गोल करके वायने रूनी का रिकॉर्ड तोड़ा

**म्यूनिख।** हैरी केन ने बायर्न म्यूनिख की डिनामो ज़ाग्रेब पर धमाकेदार जीत में चार गोल किए, जिससे वह वायने रूनी का रिकॉर्ड तोड़कर चैंपियंस लीग फुटबाल प्रतियोगिता में सर्वाधिक गोल करने वाले इंग्लिश खिलाड़ी बन गए। केन के शानदार प्रदर्शन से बायर्न ने डिनामो ज़ाग्रेब को 9-2 से करारी शिकस्त दी। यह 2016 के बाद पहला अवसर है जबकि चैंपियंस लीग के किसी एक मैच में इतने अधिक गोल दागे गए। इससे बायर्न के नए कोच विंसेंट कोम्पनी ने यूरोपीय प्रतियोगिता में अपने अभियान की शानदार शुरुआत भी की। केन ने तीन गोल पेनल्टी पर किये।

# चैंपियंस लीग: रियाल मैड्रिड की जीत में चमके काइलियन एमबाप्पे

मैड्रिड, एजेंसी

- एमबाप्पे का चैंपियंस लीग का यह 49वां गोल था
- सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष 10 में



स्टार स्ट्राइकर काइलियन एमबाप्पे ने रियाल मैड्रिड की तरफ से चैंपियंस लीग फुटबाल प्रतियोगिता में नए सफर की शुरुआत करते हुए शानदार गोल दागा जिससे उनकी टीम स्टटगार्ट को 3-1 से हराने में सफल रही। सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में खेले गए मैच के दूसरे हाफ के शुरू में ही एमबाप्पे को रॉड्रिगो के क्रॉस पर खुला नेट मिला और उन्होंने गोल करने में गलती नहीं की।

एमबाप्पे ने मैच के बाद कहा, यह कड़ा मैच था जैसा कि चैंपियंस लीग में होता है लेकिन घरेलू मैदान कर जीत के साथ शुरुआत करना महत्वपूर्ण था। एमबाप्पे के गोल ने गत चैंपियन मैड्रिड को 1-0 की बढ़त दिला दी। स्टटगार्ट ने 68वें मिनट में डेनिस उनडाव के गोल से बराबरी कर ली। एंटोनियो रुडिगर ने 83वें में मैड्रिड को फिर से आगे कर दिया और स्थानापन्न एंड्रिक ने इंजरी टाइम में गोल करके मौजूदा चैंपियन की जीत सुनिश्चित की। यह एमबाप्पे का चैंपियंस लीग का 49वां गोल था, जिससे वह इस प्रतियोगिता में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं।

# गोला फेंक एथलीट किरण डोप जांच में विफल

नई दिल्ली, एजेंसी



- बजरंग पूनिया निलंबित खिलाड़ियों की सूची से गायब

एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता गोला फेंक एथलीट किरण बालियान को प्रतिबंधित पदार्थ की जांच में पॉजिटिव पाये जाने के बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया जबकि विभिन्न खेलों के कई खिलाड़ियों के नाम डोपिंग करने वाले एथलीट की ताजा सूची में शामिल हैं। हैरानी की बात है कि ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया का नाम ताजा अपडेट हुई सूची से गायब है जबकि उनका नाम नाडा द्वारा हाल में जारी की गई पिछली सूची में शामिल था।

नाडा ने 23 जून को दूसरी दफा निलंबित कर दिया था तीन हफ्ते पहले नाडा के अनुशासन रोधी डोपिंग पैनल (एडीडीपी) ने इस आधार पर उनका निलंबन रद्द कर दिया था कि उन्हें राष्ट्रीय संस्था द्वारा आरोप का नोटिस नहीं दिया गया था। नाडा ने 23 जून को तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पहलवान को निलंबित कर दिया क्योंकि उन्होंने 10 मार्च को सोनीपत में हुए चयन ट्रायल्स के दौरान अपने मूत्र के नमूने देने से इनकार कर दिया था। खेल की वैश्विक संचालन संस्था यूनाईटेड कुश्ती विश्व (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने भी उन्हें निलंबित कर दिया था। बजरंग ने इस अस्थायी निलंबन के खिलाफ अपील की थी और एडीडीपी ने 31 मई को इसे रद कर दिया था जब तक कि नाडा आरोप का नोटिस जारी नहीं करता।

पिछले साल एशियाई खेलों में महिलाओं की गोला फेंक में पदक जीतने वाली केवल दूसरी भारतीय बनी किरण मेटांडाईनोन की पॉजिटिव आयी हैं। अगर वह दोषी साबित होती है तो उन पर अधिकतम चार साल का प्रतिबंध लग सकता है। 2014 इंचियोन एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली तार गोला फेंक एथलीट मंजू बाला का नाम भी इस सूची में है। उन्हें स्टेराइड डाईहाइड्रोक्लोरोमिथाइल टेस्टोस्टेरोन और लिगांड्रोल (एसएआरएमएस एलजीडी-4033) का पॉजिटिव पाया गया। इस साल फेडरेशन कप में रजत पदक जीतने वाली शालिनी चौधरी को भी मेटांडाईनोन का पॉजिटिव पाया गया। लंबी दूरी की एथलीट छवि यादव को भी एक एनाबोलिक एंड्रोजेनिक स्टेराइड ड्रोस्टानोलोन का पॉजिटिव पाया गया।

# स्पिन आक्रमण का सामना करने में सक्षम है टीम इंडिया

### बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला की पूर्व संध्या पर संवाददाताओं से बोले, कोच गंभीर

चेन्नई, एजेंसी

- गंभीर ने कहा, अभी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज हैं जसप्रीत बुमराह
- भारतीय कोच ने टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले ऋषभ पंत की प्रशंसा की

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भारतीय बल्लेबाजों के अच्छे स्पिन आक्रमण के सामने हाल के संघर्ष को दरकिनार करते हुए बुधवार को कहा कि उनके बल्लेबाज दुनिया के किसी भी तरह के आक्रमण का सामना करने में पूरी तरह से सक्षम हैं। गंभीर ने बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच की श्रृंखला की पूर्व संध्या पर संवाददाताओं से कहा कि जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की गेंदबाजी चौकड़ी ने भारत की बल्लेबाजी को तवज्जो देने की प्रवृत्ति को बदल दिया।

गंभीर से जब पूछा गया कि श्रीलंका के खिलाफ पिछले महीने सीमित ओवरों की श्रृंखला विशेषकर वनडे में भारतीय बल्लेबाज स्पिनरों के सामने जूझते हुए नजर आए तो उन्होंने कहा, हमारी बल्लेबाजी इकाई में इतनी गुणवत्ता है कि वह किसी भी तरह के आक्रमण का सामना कर सकती है। टेस्ट और वनडे में काफी अंतर होता है। गंभीर ने अपने गेंदबाजों की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा भारत एक समय बल्लेबाजी को तवज्जो देता था लेकिन बुमराह, शमी, अश्विन और जडेजा ने इसे गेंदबाजों का खेल बना दिया। गंभीर ने कहा, बुमराह अभी दुनिया का सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज है जो खेल के किसी भी चरण में अंतर पैदा कर सकता है। भारतीय कोच ने टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले ऋषभ पंत की भी प्रशंसा की। पंत दिसंबर 2022 में सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद पहली बार टेस्ट मैच खेलेंगे। गंभीर ने कहा, पंत ने एक विस्फोटक बल्लेबाज के रूप में शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन भारतीय परिस्थितियों में उनकी विकेटकीपिंग को कम करके आंका गया है। अश्विन और जडेजा के सामने उनकी विकेटकीपिंग शानदार रही है। भारत के इस पूर्व सलामी बल्लेबाज ने एक बार फिर उन चिंताओं को खारिज कर दिया कि ड्रेसिंग रूम में सीनियर खिलाड़ियों के साथ सामंजस्य बिठाने में उन्हें दिक्कत होगी।



बातचीत के दौरान गंभीर और विराट।

### 632 दिन बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं ऋषभ पंत

**चेन्नई।** स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत दो साल में अपना पहला टेस्ट खेलने के लिए तैयार हैं और बुधवार को नेट अभ्यास के दौरान अपने पुराने खेल की झलक पेश की। इस बात पर विश्वास करना मुश्किल है कि पंत को पिछला टेस्ट मैच खेले हुए 632 दिन बीत चुके हैं। संयोग ने उन्होंने अपना पिछला टेस्ट भी बांग्लादेश के खिलाफ ही 2022 में खेला था। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में ध्रुव जुरेल ने अपनी विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी से प्रभावित किया। अगर टीम प्रबंधन जुरेल को ही खिलाने का फैसला करता तो कोई भी टीम को दोष नहीं दे सकता था लेकिन मुख्य कोच गौतम गंभीर ने पंत की अहमियत के बारे में बताया।

### गौतम गंभीर ने हनुमान चालीसा पढ़ी और कोहली ने ओम नमः शिवाय जपा

**नई दिल्ली।** मैदान पर आक्रामकता के लिये मशहूर स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और मुख्य कोच गौतम गंभीर दोनों दिल्ली से हैं और इनके बीच कई समानताओं में से एक यह भी है कि ईश्वर पर दोनों की अटूट आस्था है। बीसीसीआई टीवी के लिये एक दूसरे से बातचीत में कोहली और गंभीर ने एक दूसरे से कई समानताओं पर बात की। गंभीर ने बताया कि जब वह पंद्रह साल पहले नेपियर में न्यूजीलैंड के खिलाफ एक टेस्ट बचाने की कोशिश में थे तब उन्होंने कैसे हनुमान चालीसा पढ़ी और दो दिन तक चली एक यादगार पारी खेल डाली। इसी तरह 2014 में कोहली ने आस्ट्रेलिया में चार टेस्ट शतक लगाये थे और बल्लेबाजी के दौरान वह ओम नम: शिवाय जाप कर रहे थे। कोहली ने गंभीर से पूछा भारत आस्ट्रेलिया श्रृंखला पर बात करते हैं। सबसे खास हमारी धरती पर बनाया गया दोहरा शतक होगा। मैं जानना चाहता हूं कि उस समय दिमाग में क्या चल रहा था। गंभीर ने इस पर कहा कि मुझे याद है कि आस्ट्रेलिया में जब तुमने बंपर श्रृंखला खेली थी। जहां तुमने बेशुमार रन बनाये और तुमने मुझे बताया कि तुम हर गेंद से पहले ओम नम: शिवाय बोल रहे थे।

# पिछले तीन वर्षों में रहा रोहित-विराट का जलवा

नई दिल्ली, एजेंसी

| भारतीय बल्लेबाज | | |
|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | औसत |
| रोहित | 1090 | 42.00 |
| विराट | 1083 | 38.67 |
| शुभमन | 1078 | 37.17 |
| यशस्वी | 1028 | 68.53 |

| भारतीय गेंदबाज | | |
|---|---|---|
| खिलाड़ी | विकेट | इकोनॉमी |
| अश्विन | 103 | 2.81 |
| जडेजा | 67 | 2.62 |
| बुमराह | 58 | 3.00 |

भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रही दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के जरिये लंबे टेस्ट सत्र का आगाज करेगी तो एक बार फिर दारोमदार कप्तान रोहित शर्मा, चैम्पियन बल्लेबाज विराट कोहली और फिरकी के जादूगर रविचंद्रन अश्विन पर होगा। रोहित और कोहली ने पिछले तीन साल में पांच दिनी क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन तो अश्विन ने सर्वाधिक विकेट चटकाये हैं।

भारत ने जनवरी 2022 से अब तक 21 टेस्ट खेले, 12 जीते और सात गंवाये हैं जबकि दो मैच ड्रॉ रहे। इस दौरान कप्तान रोहित 27 पारियों में करीब 42 की औसत से 1090 रन बना चुके हैं। दूसरे स्थान पर विराट कोहली ने 29 पारियों में 1083 रन बनाए हैं और औसत 38.67 का रहा। इसके बाद शुभमन गिल ने 31 पारियों में 37.17 की औसत से 1078 रन बनाए हैं। इस अवधि में रोहित और गिल दोनों के चार शतक और तीन अर्धशतक हैं जबकि विराट के दो शतक एवं तीन अर्धशतक हैं। युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने 2023 में अपने पदार्पण मैच में ही शतक जड़ते हुए 171 रन बनाए थे। जायसवाल ने इसी वर्ष की शुरुआत में इंग्लैंड के सामने राजकोट टेस्ट में नाबाद 214 रन की धमाकेदार पारी खेली थी और उनका स्ट्राइक रेट 90.67 का रहा। इस खिलाड़ी के अब तक 16 पारियों में 68.53 की औसत से 1028 रन हैं और उसके नाम तीन शतक और चार अर्धशतक भी हैं।

गेंदबाजों में अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का नाम शीर्ष पर है, जिन्होंने 21 मुकाबलों में 2.81 की इकोनॉमी रेट से 103 विकेट लिए हैं। उनके बाद हरफनमौला रविंद्र जडेजा के 16 मैच में लगभग 2.62 की इकोनॉमी से 67 विकेट तो सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के खाते में 12 मैच में लगभग तीन की इकोनॉमी से 58 विकेट हैं। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने इस अवधि में 18 मैच में 44 विकेट लिये हैं।

# कामिंदु मेंडिस का शतक, श्रीलंका के स्टंप तक 7 विकेट पर 302 रन

गॉल (श्रीलंका), एजेंसी

- श्रीलंका के लिए सबसे तेज 1,000 रन बनाने वाले खिलाड़ी बनने की ओर कामिंदु मेंडिस

मध्यक्रम बल्लेबाज कामिंदु मेंडिस (114 रन) के शानदार शतक की बदौलत श्रीलंका मुश्किल हालात से उबरकर बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के शुरुआती दिन स्टंप तक सात विकेट पर 302 रन बनाने में कामयाब रही। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज विलियम ओरोरके ने 57 रन देकर तीन विकेट चटकाये लेकिन कामिंदु मेंडिस ने अपने सातवें टेस्ट में चौथा शतक जड़ दिया।

बायें हाथ के बल्लेबाज कामिंदु मेंडिस ने महज 11 पारियों में 800 से ज्यादा रन बना लिये हैं और वह श्रीलंका के लिए सबसे तेज 1,000 रन बनाने वाला खिलाड़ी बनने की ओर बढ़ रहे हैं, अभी यह रिकॉर्ड रॉय डायस के नाम है। इन चार शतकों के अलावा कामिंदु मेंडिस चार अर्धशतक भी लगा चुके हैं। न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के 175 रन पर पांच विकेट झटक लिये थे और उसके पास उनकी पारी जल्दी खत्म करने का मौका था। कामिंदु मेंडिस ने कुसल मेंडिस (50 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 103 रन की भागीदारी निभाकर श्रीलंका को वापसी करने में मदद की। कामिंदु मेंडिस ने कामचलाऊ स्पिनर रचिन रविंद्र पर चौका जड़कर अपना शतक पूरा किया। कुसल मेंडिस के ग्लेन फिलिप्स (52 रन देकर दो विकेट) की गेंद पर आउट होने के बाद यह भागीदारी खत्म हुई।

# निगार करेंगी बांग्लादेश की टीम की अगुवाई

- संयुक्त अरब अमीरात में अक्टूबर में आयोजित होना है आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप

**ढाका, एजेंसी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अक्टूबर में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप 2024 के लिये बांग्लादेश टीम की अगुवाई निगार सुल्ताना जोटी करेंगी। बांग्लादेश की टी-20 विश्वकप के लिए निगार सुल्ताना की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में नाहिदा अख्तर, शोरना अख्तर, राबेया, सुल्ताना खातून और फहीमा खातून के हाथ स्पिन की कमान होगी।

वहीं युवा मारुफा अख्तर, जहांआरा आलम, रितु मोनी और सोभना मोस्टरी से तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालेंगे। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार महिला टी-20 विश्वकप 2024 के ग्रुप बी में बंगलादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और स्कॉटलैंड के साथ शामिल है। टी-20 विश्वकप में बांग्लादेश तीन अक्टूबर को शारजाह में स्कॉटलैंड के खिलाफ टूर्नामेंट में अपना पहला मैच खेलेगा।

# पंजाब किंग्स के कोच बने पोंटिंग

नई दिल्ली, एजेंसी



- आईपीएल टीम में हमवतन ट्रेवर बेलिस की जगह लेंगे

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज और कप्तान रिकी पोंटिंग को बुधवार को पंजाब किंग्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। वह इस आईपीएल टीम में हमवतन ट्रेवर बेलिस की जगह लेंगे। पोंटिंग सात साल तक दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा रहने के बाद पंजाब किंग्स से जुड़े हैं।

फ्रेंचाइजी के सीईओ सतीश मेनन ने कहा, हम रिकी को अगले चार सत्र के लिए हमारी टीम का मार्गदर्शन करने और उसे तैयार करने के लिए अपने साथ जोड़कर बहुत खुश हैं। उनका अनुभव एक ऐसी टीम बनाने में मदद करने के लिए महत्वपूर्ण है जो मैदान पर सफलता हासिल करे। आईपीएल के एक सूत्र कहा कि टीम के बाकी के सहयोगी स्टाफ को लेकर फैसला पोंटिंग करेंगे। पोंटिंग के मार्गदर्शन में दिल्ली कैपिटल्स ने प्रभावी प्रदर्शन किया था लेकिन आईपीएल खिताब नहीं जीत पाई। टीम इस दौरान 2020 में फाइनल में भी पहुंची। वह इससे पहले मुंबई इंडियन्स के भी कोच रह चुके हैं। पोंटिंग ने कहा, मैं नई चुनौती लेने के लिए उत्साहित हूं। मैंने मालिकों और प्रबंधन के साथ आगे की योजनाओं पर बहुत अच्छी बातचीत की और हमारे समान विजन को देखकर उत्साहित हूं। कहा, हम वादा करते हैं कि प्रशंसक आगे चलकर एक बहुत ही अलग पंजाब किंग्स देखेंगे। बेलिस पिछले दो सत्र में टीम के कोच रहे जबकि अब संन्यास ले चुके शिखर धवन ने कप्तान की भूमिका निभाई।

## बॉलीवुड हलचल

### एक्शन पैक्ड युध्रा की एडवांस बुकिंग की हो चुकी है शुरुआत

**मुंबई।** एक्सेल एंटरटेनमेंट बैनर की फिल्म युध्रा के लिये एडवांस बुकिंग शुरू हो गयी है। एक्सेल एंटरटेनमेंट की आगामी थ्रिलर युध्रा अपने दमदार ट्रेलर और गानों के साथ खूब चर्चा बटोर रही है। युध्रा के लिए एडवांस बुकिंग ऑफिशियल तौर पर शुरू हो गई है। मेकर्स ने अपने सोशल मीडिया पर एक थ्रिल से भरा ट्रेलर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है #युध्रा के लिए टिक, टॉक, टिक-इट्स अब खुले चुके हैं। नेशनल सिनेमा डे सेलिब्रेट करें और एयर 99 रुपये में युध्रा की टिकटें पाएँ। अभी अपनी टिकटें बुक करें। मिलते हैं फ़िल्मों में! #2डेजटूयुध्रा। 20 सितंबर को सिनेमाघरों में आने वाली युधा का निर्देशन रवि उदयवार ने किया है और इसे फरहान अख्तर और श्रीधर राघवन ने लिखा है। सिद्धांत चतुर्वेदी और मालविका मोहनन स्टारर यह फिल्म एक्शन से भरपूर अनुभव का वादा करती है। सिद्धांत ने युध्रा का किरदार निभाया है, जिसपर बदला लेने का जुनून है, जबकि मालविका, निखत का किरदार निभा रही हैं जो कहानी में गहराई और इमोशंस को लाती है।




### अमिताभ का गंदगी न फैलाने का प्रण



**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने शहर में गंदगी न फैलाने का प्रण लिया है। अमिताभ अपनी फिल्मों के अलावा निजी जिंदगी में अपने व्यवहार और आचरण से भी समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करते हैं। उन्होंने लोगों को गंदगी न फैलाने को लेकर प्रेरित किया है। अमिताभ ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा करते हुए शहर में गंदगी न फैलाने का प्रण लिया है। सोशल मीडिया पर कुछ लोग अनुमान लगा रहे हैं कि ये उनके स्वच्छ भारत मिशन का हिस्सा हो सकता है। अमिताभ ने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा किया है। इसमें वह हिंदी और मराठी भाषा में बात करते नजर आ रहे हैं। वह वीडियो में हाथ जोड़कर कहते नजर आए, नमस्कार मैं हूं अमिताभ बच्चन। मी कचरा करणार नहीं। मैं कचरा नहीं करूंगा।

### द बकिंघम मर्डर्स की टिकट होगी 99 रुपये में

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर की फिल्म द बकिंघम मर्डर्स की टिकट राष्ट्रीय सिनेमा दिवस के अवसर पर 99 रुपये में उपलब्ध होगी। 20 सितंबर, 2024 को राष्ट्रीय सिनेमा दिवस के अवसर पर सिने प्रेमियों को करीना कपूर खान की द बकिंघम मर्डर्स की टिकट 99 रुपये में उपलब्ध होगी! इस फ़िल्म को करीना के करियर की सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति माना जा रहा है। चूंकि यह फिल्म हिंदी और हिंग्लिश दोनों में उपलब्ध है, इसलिए दर्शक इसे किसी भी भाषा में देखने का विकल्प चुन सकते हैं। 13 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली, द बकिंघम मर्डर्स में करीना कपूर खान, ऐश टंडन, रणवीर बरार और कीथ एलन जैसे कलाकारों की टोली है। हंसल मेहता द्वारा निर्देशित और असीम अरोड़ा, कश्यप कपूर और राघव राज कक्कड़ द्वारा लिखित, यह महाना फिल्म्स और टीबीएम फिल्म्स द्वारा निर्मित है, जिसे बालाजी टेलीफिल्म्स द्वारा प्रस्तुत किया गया है और शोभा कपूर, एकता आर कपूर और पहली बार निर्माता बनी करीना कपूर खान द्वारा निर्मित है।

# अफगानिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की

**शारजाह।** फजलहक फारूकी (चार विकेट) और ए एम गजनफर (तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद गुलबदीन नईब (नाबाद 34) और अजमतउल्लाह ओमरजई (नाबाद 25) की शानदार पारियों की बदौलत अफगानिस्तान ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 144 गेंदे शेष रहते छह विकेट से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। यह पहली बार जब अफगानिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका को हराया है। इसी के साथ ही अफगानिस्तान ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली हैं। 107 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 15 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। रहमानउल्लाह गुरबाज (शून्य) और रहमत शाह (8) रन बनाकर आउट हुये। अफगानिस्तान का तीसरा विकेट रियाज हसन (16) के रूप में गिरा। अजमतउल्लाह ओमरजई ने गुलबदीन नईब के साथ मोर्चा संभाला।

# मालविका ने चीन ओपन में तुनजुंग को सीधे गेम में हराया

चांग्झू (चीन), एजेंसी



- इंडोनेशिया की खिलाड़ी को 26-24 21-19 से हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की

भारत की मालविका बंसोड़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बुधवार को चीन ओपन सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के पहले दौर में पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता ग्रेगोरिया मारिस्का तुनजुंग को सीधे गेम में हराया। दुनिया की 43वें नंबर की खिलाड़ी ने पहले गेम में तीन गेम प्वाइंट बचाए और इंडोनेशिया की दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी तुनजुंग को 46 मिनट में 26-24, 21-19 से हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

बाइस साल की मालविका अगले दौर में राष्ट्रमंडल खेलों की दो बार की पदक विजेता क्रिस्टी गिल्मोर से भिड़ेंगी। महिला एकल में हालांकि अन्य भारतीय खिलाड़ियों आकर्षी कश्यप और सामिया इमाद फारूकी को शिकस्त का सामना करना पड़ा। आकर्षी को चीनी ताइपे की चियू पिन चियान के खिलाफ 15-21 19-21 से हार का सामना करना पड़ा जबकि सामिया एकतरफा मुकाबले में क्रिस्टी के खिलाफ 9-21 7-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई। महिला युगल में त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद को सीह पेई शेन और हुंग एन जू की चीनी ताइपे की जोड़ी के खिलाफ तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में 21-16 15-21 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल में बी सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी की जोड़ी भी पहले दौर में टेन कियान मेंग और लाई पेई जिंग की मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ 10-21 16-21 से हार गई।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।



तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा की लंबी उम्र के लिए हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला स्थित मुख्य बौध मठ में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान दलाई लामा की लंबी उम्र की कामना की गई। एजेंसी

**मेघालय की डौकी नदी से दिखा नजारा, पर पर्यटकों की संख्या अभी कम, तेज धमाके से पहाड़ टूट कर गिरे तो मचा हड़कंप, बीएसएफ के जवान कर रहे निगरानी**

# बांग्लादेश की इस सीमा पर सब सामान्य, गजब रोमांच

शैलेश अवस्थी, शिलांग

डौकी (मेघालय) बांग्लादेश बार्डर..... । चौतरफा पहाड़ियों से घिरी डौकी नदी बिल्कुल शांत बह रही, लेकिन भारत-बांग्लादेश के इस बार्डर पर हलचल फिर पहले की तरह शुरू हो गई है। पर्यटकों की संख्या जरूर कम है, लेकिन नजारा अब सामान्य हो चला है । डौकी नदी से सीमा के दृश्य रोमांचित करते हैं ।

शिलांग से कोई 90 किलोमीटर दूर यह संवाददाता दिन में 11बजे मेघालय के पश्चिमी जयंतिया हिल्स जिले के डौकी गांव पहुंचा । इसी गांव से सटी कई किलोमीटर लंबी डौकी नदी बह रही है, जिसे उमंगोट भी कहते हैं । अविरल, निर्मल और बिल्कुल स्वच्छ यह नदी भारत को बांग्लादेश से जोड़ती है । बांग्लादेश में तख्ता पलट के बाद हुई हिंसा के बाद इस नदी के किनारे, तट और टेंट-होम सुने हो गए थे । नदी पर मछली पकड़ने का काम भी ठप पड़ गया था । नाविक पर्यटकों की राह तकते और हताश होकर लौट जाते थे । इस नदी के जरिये रोजगार पा रहे दोनों तरफ के लोग निराश हो रहे थे। लेकिन अब हालात तेजी से सामान्य हो रहे हैं । फिर रौनक लौट रही है । नाविक शर्लिन हमारी कार देख दौड़ कर हमारी तरफ लपका । आठ सौ रुपए में हमें बांग्लादेश सीमा तक ले जाने को राजी हो गया । हम नाव पर बैठ गए और डौकी नदी पर हमारी यात्रा शुरू हो गई । 45 मिनट बाद हम बांग्लादेश बार्डर पर पहुंच गए । दृश्य रोमांच पैदा कर रहे थे । वहां बांग्लादेश के लोग खानपान के स्टाल लगाए थे । कुछ तो दौड़ कर नदी में कूदफांद करते हमारी नाव तक आ गए । कुछ खरीदने की चिरौरी करने लगे । इसी बीच उंची पहाड़ियों पर तेज़ धमाका हुआ और पत्थर टूट कर नदी में यूँ गिर रहे थे, जैसे फायरिंग हो रही हो । घबराहट हुई । बाद में पता लगा कि जब पहाड़ टूटते या तोड़े जाते हैं, तब ऐसा अक्सर होता है । अगले ही पल सब सामान्य हो गया । किनारे पर बांग्लादेश के लोगों की भीड़ दिख रही थी । उनमें से ज्यादातर पर्यटक ही थे और इस तरफ भी यहां घूमने आए भारत के कई राज्यों के लोग। डौकी गांव के निवासी नाविक शर्लिन ने बताया की बांग्लादेश में बवाल के बाद पर्यटकों की संख्या बहुत कम हो गई है, पर अब धीरे-धीरे हर दिन इजाफा हो रहा है । नाव के जरिये अपने परिवार पालने वाले दो सौ से अधिक नाविक तटों पर खाली बैठे थे । चौतरफ़ा सीमा सुरक्षा बल के जवानों के बुटो की आवाज ही सन्नाटा तोड़ती थी । अब आवाजाही बढ़ी है । उसने बताया कि यहां सीमा पर कभी टकराव नहीं होता । दोनों तरफ के लोग रोजी-रोटी कमाते और शांति से रहते हैं । हां, एक दूसरे को सीमा पार नहीं करने देते । पुलिस और स्टीमर पर बैठे सीमा सुरक्षा बल के जवान कड़ी नज़र रखते हैं । यह सीमा दो दोनों देशों के कारोबार का बड़ा केंद्र है ।



बांग्लादेश सीमा पर डौकी नदी के पास मौजूद पर्यटक। अमृत विचार

### एक अमरूद 30 का, इमली बेर 100 रुपये एक डिब्बी

इस नदी की भारत-बांग्लादेश सीमा पर बांग्लादेश के मोहम्मद नियाज़ ने निवेदन किया तो हमने तीन अमरूद खरीदे । दाम 90 रूपए । महंगा है, कहने पर नियाज ने कहा मुश्किल से बिक्री होती है । बवाल के बाद तो गृहस्थी चलना मुश्किल है । सियासत से मेरा कोई मतलब नहीं । अरसे से यहीं खाने की चीजें बेच रहे हैं ।

### हमें कोई फर्क नहीं पड़ता बस रोजगार बना रहे

सीमा पर नदी में नहा रहे बांग्लादेश के इमरान कहते हैं.. बांग्लादेश में बवाल अब तो थम गया है । हां, कारोबार पर बुरा असर पड़ा है, पर अब फिर पहले जैसा माहौल बन रहा है ।" राजनीति पर बात की तो वह टाल गए । बोले हमें क्या लेनादेना, क्या फर्क पड़ता है, रोजगार ज़रूरी । इस पर सभी को सोचना चाहिए ।

## एक नजर

### चीन लगाएगा नौ अमेरिकी कंपनियों पर प्रतिबंध

बीजिंग। चीन ने ताइवान को हथियार बेचने के कारण नौ अमेरिकी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। चीन विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। अमेरिकी रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी (डीएससीए) ने मंगलवार को कहा कि विदेश विभाग ने ताइपे आर्थिक और सांस्कृतिक प्रतिनिधि कार्यालय (टीईसीआरओ) को 22.80 करोड़ डॉलर मूल्य की संभावित विदेशी सैन्य बिक्री को मंजूरी दे दी है।

### पश्चिमी प्रतिबंधों के प्रभाव को कम करेगा: ईरान

तेहरान। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने मंगलवार को कहा कि रूस के साथ सहयोग को मजबूत करने से दोनों देशों पर लगाए गए पश्चिमी प्रतिबंधों और अन्यायपूर्ण उपायों के प्रभावों को कम करने में मदद मिलेगी। राष्ट्रपति कार्यालय की वेबसाइट पर जारी एक बयान के अनुसार पेजेशकियन ने रूसी संघ सुरक्षा परिषद के सचिव सर्गेई शोइगु के साथ एक बैठक में यह टिप्पणी की।

### बाइडन विश्व नेताओं के साथ करेंगे बैठक

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन अंतर्राष्ट्रीय चुनौतियों पर वार्ता करने के लिए 23-25 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के इतर विश्व नेताओं के साथ एक बैठक करेंगे। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरिन जीन-पियरे ने बुधवार को कहा, 23-25 सितंबर को बाइडेन संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में शामिल होने के लिये संरा मुख्यालय न्यूयॉर्क शहर जाएंगे। वह महासभा को संबोधित करेंगे।

### इजराइली हमले में इस्लामिक जिहाद का सदस्य मारा गया

बेरूत। दक्षिणी लेबनानी गांव पर बुधवार को इजराइली हवाई हमले में फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद आंदोलन की सैन्य शाखा अल-कुद्स ब्रिगेड का एक सदस्य मारा गया। सैन्य सूत्रों ने कहा कि एक इजराइली युद्धक विमान ने हवा से जमीन पर मार करने वाली दो मिसाइलों से ब्लिडा गांव में एक घर को निशाना बनाया, जिसमें ब्रिगेड के एक सदस्य की मौत हो गई।

### जुलूस निकालने के आरोपों को चुनौती देंगी महिलाएं

सिंगापुर। यहां भारतीय मूल की एक महिला समेत तीन सिंगापुरी महिलाएं फिलस्तीन के समर्थन में राष्ट्रपति के महल की ओर जुलूस निकालने में उनकी संलिप्तता को लेकर लगाए गए आरोपों को चुनौती देंगी। तीनों के खिलाफ दो फरवरी को बिना इजाजत जुलूस आयोजित करने के लिए जून में सार्वजनिक व्यवस्था अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। अन्नामलाई कोकिला पार्वती पर दो अन्य महिलाओं व अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर जुलूस का आयोजन करने के षडयंत्र में सहयोग करने का आरोप है। चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार, 36 वर्षीय अन्नामलाई पर वर्जित क्षेत्र में सार्वजनिक जुलूस आयोजित करने के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया है।

# भारत ने सिंधु जल संधि की समीक्षा के लिए पाकिस्तान को भेजा नोटिस

## पाकिस्तान बार-बार जल संधि पर चर्चा करने से करता रहा है इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने सिंधु जल संधि की समीक्षा के लिए पाकिस्तान को एक नोटिस भेजा है, जिसमें तर्क दिया गया है कि परिस्थितियों में मौलिक और अप्रत्याशित परिवर्तनों के कारण संधि का पुनर्मूल्यांकन आवश्यक है। सरकारी सूत्रों ने बुधवार को बताया कि सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) के अनुच्छेद 12(3) के तहत 30 अगस्त को पाकिस्तान को नोटिस जारी किया गया। पाकिस्तान बार-बार सिंधु जल संधि पर चर्चा करने से इनकार करता रहा है।

भारत और पाकिस्तान ने नौ वर्षों की बातचीत के बाद 19 सितम्बर, 1960 को सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें विश्व बैंक भी एक हस्ताक्षरकर्ता था, जो कई सीमा पार नदियों के जल के उपयोग पर दोनों पक्षों के बीच सहयोग और सूचना के आदान-प्रदान के लिए एक तंत्र स्थापित करता है। सूत्रों ने बताया कि भारत की अधिसूचना में परिस्थितियों में आए मौलिक और अप्रत्याशित बदलावों पर प्रकाश डाला गया है, जिसके लिए संधि के विभिन्न अनुच्छेदों के तहत दायित्वों का पुनर्मूल्यांकन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विभिन्न चिंताओं में से महत्वपूर्ण हैं जनसंख्या में परिवर्तन, पर्यावरणीय मुद्दे तथा भारत के उत्सर्जन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा के विकास में तेजी लाने की आवश्यकता। भारत ने समीक्षा की मांग के पीछे एक कारण सीमापार से लगातार जारी आतंकवाद का प्रभाव भी बताया है। एक सूत्र ने कहा यह अधिसूचना किशनगंगा और रतले जलविद्युत परियोजनाओं के संबंध में एक अलग लंबे समय से चले आ रहे विवाद की पृष्ठभूमि में जारी की गई थी। इस संबंध में, विश्व बैंक ने एक ही मुद्दे पर तटस्थ-विशेषज्ञ तंत्र और मध्यस्थता न्यायालय दोनों को एक साथ सक्रिय कर दिया है।



### जल्द से जल्द विवाद को निपटाना चाहता है भारत

नई दिल्ली का मानना है कि विवाद को सुलझाने के लिए दो समवर्ती प्रक्रियाओं की शुरुआत सिंधु जल संधि में निर्धारित तीन-चरणीय क्रमिक तंत्र के प्रावधान का उल्लंघन है। भारत तटस्थ-विशेषज्ञ कार्यवाही के माध्यम से विवाद के समाधान पर जोर दे रहा है। सूत्रों ने बताया कि इस अधिसूचना के साथ भारत ने पाकिस्तान से सरकार से सरकार की वार्ता शुरू करने का आह्वान किया है ताकि अनुच्छेद 12(3) के प्रावधानों के तहत संधि की समीक्षा की जा सके।

सूत्र ने कहा इसलिए भारतीय पक्ष ने संधि के तहत विवाद समाधान तंत्र पर पुनर्विचार करने का भी आह्वान किया है। भारत ने विवाद को सुलझाने के लिए मध्यस्थता न्यायालय की प्रक्रिया में सहयोग नहीं किया है।

## ब्रिटेन ने भारतीयों सहित सभी से ई-वीजा अपनाने का किया आग्रह

**लंदन।** ब्रिटेन ने बुधवार को एक बड़ा अभियान शुरू किया और भारतीयों सहित देश भर में रह रहे सभी प्रवासियों से आग्रह किया गया कि वे आव्रजन दस्तावेज का उपयोग करने के बजाए ई-वीजा को अपनाएं। ब्रिटेन की सीमा एवं आव्रजन प्रणाली को पूरी तरह से डिजिटल बनाने की योजना के तहत भौतिक बायोमिट्रिक निवास परमिट (बीआरपी) या बायोमिट्रिक निवास कार्ड (बीआरसी) का इस्तेमाल करने वालों को अगले वर्ष तक पूरी तरह से ऑनलाइन प्रणाली के अंतर्गत लाया जाएगा। अधिकतर बीआरपी इस वर्ष के अंत तक समाप्त हो जाएंगे। उन्हें कई चरण में ऑनलाइन प्रणाली में लाया जा रहा है। ब्रिटेन के गृह मंत्रालय में प्रवासन एवं नागरिकता मंत्री सीमा मल्होत्रा ने कहा जिन लोगों के पास आव्रजन दस्तावेज हैं, उनसे आग्रह है कि वे ई-वीजा अपनाने के लिए तत्काल कदम उठाएं और जिन लोगों को सलाह और सहायता की आवश्यकता है मैं उन्हें आश्वस्त करना चाहती हूं कि उन्हें सारी सुविधा मुहैया कराई जाएगी। गृह मंत्रालय ने कहा ईवीजा अपनाना निशुल्क और बेहद सरल है। यह ग्राहकों को ज्यादा सुविधा प्रदान करता है, किफायती है और ब्रिटेन की सीमा एवं आव्रजन प्रणाली को सुरक्षा प्रदान करता है।

# हंगरी में बने थे हमले में इस्तेमाल किए गए पेजर

ताइपे (ताइवान), एजेंसी

- लेबनान और सीरिया में मंगलवार को हुए थे सैकड़ो विस्फोट

हिज्बुल्ला के संचार नेटवर्क को निशाना बनाने के इरादे से संभवतः इजराइल द्वारा किए गए हमले में इस्तेमाल जिन पेजर में लेबनान और सीरिया में विस्फोट हुए, उन्हें बनाने वाली ताइवानी कंपनी गोल्ड अपोलो ने बुधवार को कहा कि बुडापेस्ट में मौजूद एक अन्य कंपनी ने इन पेजर का निर्माण किया है, जिसे उन्होंने पेजर पर अपने अधिकृत ब्रांड के इस्तेमाल का अधिकार दिया था। आतंकवादी संगठन हिज्बुल्ला द्वारा इस्तेमाल पेजर में मंगलवार को लेबनान और सीरिया में एक साथ विस्फोट हुए।

इस घटना में आठ साल की एक बच्ची समेत कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और करीब 3,000 लोग घायल हो गए। हिज्बुल्ला और लेबनान की सरकार ने इस हमले के लिए इजराइल पर आरोप लगाया है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह एक रिमोट हमला था। एक अमेरिकी अधिकारी ने नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर बताया कि इजराइल ने मंगलवार को अभियान के समापन के बाद अमेरिका को जानकारी दी थी। पेजर में कम मात्रा में विस्फोटक छिपाकर रखा गया था और फिर उसमें विस्फोट किया गया था। गोल्ड अपोलो द्वारा बुधवार को जारी एक बयान के अनुसार, एआर-924 पेजर का निर्माण बीएसी कंसल्टिंग केएफटी ने किया था जो हंगरी की राजधानी में स्थित है। बयान में कहा गया है सहयोग समझौते के अनुसार हमने बीएसी को निर्दिष्ट क्षेत्रों (लेबनान और सीरिया) में उत्पाद की बिक्री के लिए हमारे ब्रांड के ट्रेडमार्क का इस्तेमाल करने का अधिकार दिया था, लेकिन उत्पाद के निर्माण के लिए सिर्फ बीएसी जिम्मेदार है।

### विस्फोटों के लिए इजराइल को जवाब देगा हिजबुल्लाह

**बेरूत।** लेबनानी शिया आंदोलन हिजबुल्लाह ने बुधवार को कहा कि वह पेजर विस्फोट में घायल हुए हजारों नागरिकों का बदला लेगा और इजराइल को करारा जवाब देगा। आंदोलन ने एक बयान में कहा लेबनान में इस्लामी प्रतिरोध पहले की तरह गाजा के समर्थन में अपने अभियान जारी रखेगा - यह एक सतत प्रक्रिया नहीं है, बल्कि मंगलवार को लेबनानी लोगों पर किए गए नरसंहार के जवाब में दुश्मन को मिलने वाली कठोर प्रतिक्रिया से अलग है।

## अमेरिका की यात्रा के दौरान मुझसे मुलाकात करेंगे मोदी : ट्रंप

**वाशिंगटन/न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले सप्ताह अपनी तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा के दौरान उनसे मुलाकात करेंगे।



रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी ट्रंप ने आयात शुल्क का दुरुपयोग करने के लिए भारत की आलोचना की लेकिन उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को एक शानदार व्यक्ति बताया। प्रधानमंत्री मोदी 21 से 23 सितंबर तक अमेरिका की यात्रा करेंगे।

# बांग्लादेश में सेना को दी गई मजिस्ट्रेट की शक्तियां

ढाका, एजेंसी

- कानून-व्यवस्था सुधार लाने और विध्वंसक कृत्यों को रोकने के लिए अंतरिम सरकार ने लिया फैसला

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने हिंसा प्रभावित देश में कानून-व्यवस्था में सुधार लाने और विध्वंसक कृत्यों को रोकने के लिए सेना को दो महीने के वास्ते मजिस्ट्रेट की शक्तियां प्रदान की हैं। जन प्रशासन मंत्रालय ने मंगलवार को सरकार के फैसले के संबंध में एक अधिसूचना जारी की और कहा कि यह तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

अधिसूचना के मुताबिक, मजिस्ट्रेट की शक्तियां सेना के कमीशनप्राप्त अधिकारियों को दी जाएंगी और यह आदेश 60 दिनों तक प्रभावी रहेगा। सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस ने खबर दी है कि गृह सलाहाकर लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत) मोहम्मद जहांगीर आलम चौधरी ने बुधवार को दावा किया कि सेना को मजस्ट्रेट की शक्तियां मिलने से लोग लाभान्वित होंगे। आलम ने कहा जो पुलिस अधिकारी सेवा में नहीं लौटे हैं, उन्हें वापस आने की इजाजत भी नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा बांग्लादेश के लोग बांग्लादेश की सेना के कमीशनप्राप्त अधिकारियों को मजिस्ट्रेट की शक्तियां मिलने से लाभान्वित होंगे। एक कार्यक्रम में आलम ने कहा जनसेवा सुनिश्चित करने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सेना को मजिस्ट्रेट की शक्तियां दी गई हैं।

## उत्तर कोरिया ने किया मिसाइल प्रक्षेपण, जापान ने कड़ा विरोध जताया

**टोक्यो।** जापान सरकार ने उत्तर कोरिया के समक्ष मिसाइल प्रक्षेपण को लेकर कड़ा विरोध दर्ज किया है और वह इस तरह की कार्रवाई को न केवल जापान, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए सुरक्षा खतरा मानती है। जापान के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि मिसाइल प्रक्षेपण सहित उत्तर कोरिया की चल रही गतिविधियां जापान, क्षेत्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की शांति एवं सुरक्षा के लिए खतरा हैं। इसके अलावा इस तरह के मिसाइल प्रक्षेपण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के प्रावधानों का उल्लंघन करते हैं और हमारे नागरिकों की सुरक्षा के संबंध में एक गंभीर समस्या पैदा करते हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा जापान सरकार ने उत्तर कोरिया की इन कार्रवाइयों की कड़ी निंदा की है।

# देश के सात और हवाई अड्डों पर आव्रजन मंजूरी कार्यक्रम जल्द

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व-सत्यापित भारतीय नागरिकों और ओसीआई कार्डधारकों के लिए आव्रजन प्रक्रिया को तेज करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम जल्द ही मुंबई, चेन्नई, कोलकाता और देश के चार अन्य प्रमुख हवाई अड्डों पर शुरू किया जाएगा।

फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन-ट्रस्टेड ट्रेवलर प्रोगाम (एफटीआई-टीटीपी) की शुरुआत पहली बार 22 जून को दिल्ली के आईजीआई हवाई अड्डे पर की गई थी। अब तक 18,400 लोगों (भारतीय और ओसीआई कार्ड धारक) ने इस सेवा के लिए अपना पंजीकरण कराया है। अधिकारी ने कहा कि सात और प्रमुख हवाई अड्डों मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोचीन और अहमदाबाद में एफटीआई-टीटीपी शुरू करने के लिए काम प्रगति पर है।

### आवेदन प्रक्रिया पूरी करने के लिए बायोमेट्रिक्स अनिवार्य

अधिकारी ने बताया कि एफटीआई पंजीकरण अधिकतम पांच वर्ष या पासपोर्ट की वैधता की अवधि तक, जो भी पहले हो, वैध होगा।

आवेदन प्रक्रिया पूरी करने के लिए बायोमेट्रिक्स अनिवार्य है। एफटीआई-टीटीपी के लिए आवेदन करते समय आवेदक कम से कम छह महीने की पासपोर्ट वैधता सुनिश्चित कर सकते हैं। इसे दो चरणों में लागू किया जाएगा। पहले चरण में भारतीय नागरिकों और ओसीआई कार्ड धारकों को शामिल किया जायेगा और दूसरे चरण में विदेशी यात्रियों को शामिल किया जायेगा।

## मेक्सिको के सिनालोआ राज्य में हिंसा, 30 की मौत

**मेक्सिको सिटी।** उत्तर-पश्चिमी मेक्सिको के सिनालोआ राज्य में गत 9 सितंबर को हिंसा की लहर के बाद से कम से कम 30 नागरिक मारे गए हैं। रक्षा मंत्री लुइस क्रेसेनियो सैंडोवाल ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर की नियमित दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सैंडोवाल ने कहा कि संघीय सरकार हिंसा को रोकने के लिए क्षेत्र में सुरक्षा को मजबूत कर रही है। हिंसा में दो सैनिकों की जान भी चली गई है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने आपराधिक संगठनों से जुड़े कम से कम 30 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है और 115 आग्नेयास्त्र जब्त किए हैं। हाल ही में हुई हिंसा की शुरुआत प्रतिद्वंद्वी ड्रग तस्करी समूहों के बीच झड़पों के बाद हुई।

# बुकर पुरस्कार 2024 की अंतिम सूची में लेखिकाओं का दबदबा

- पुरस्कार की दौड़ में शामिल छह लेखकों में से पांच महिलाएं

लंदन, एजेंसी

साहित्य के लिए बुकर पुरस्कार के 55 साल के इतिहास में पहली बार अंतिम सूची में महिलाओं का दबदबा है और पुरस्कार की दौड़ में शामिल छह लेखकों में से पांच महिलाएं हैं।

ब्रिटिश लेखिका सामंथा हार्वे ने अंतरिक्ष पर अपने उपन्यास ऑर्बिटल के लिए, अमेरिकी लेखिका रेचल कुशनर ने जासूसी थ्रिलर क्रिएशन लेक के लिए, कनाडा की लेखिका ऐनी माइकल्स ने परिवार केंद्रित हेल्ड के लिए, ऑस्ट्रेलियाई लेखिका चार्लोट वुड दर्शन पर आधारित अपने उपन्यास स्टोन यार्ड डेवोशनल के लिए और डच लेखिका याएल वैन डेर वूडेन ने अपने पहले उपन्यास द सेफकीप के लिए जगह बनाई है। वूडेन अंतिम सूची में शामिल होने वाली पहली डच लेखिका हैं। अमेरिकी लेखक पर्सीवल एवरेट इस साल अंतिम सूची में जगह बनाने वालों में एकमात्र पुरुष हैं जिनकी रचना जेम्स को चुना गया है। अंतिम सूची की घोषणा इस सप्ताह लंदन में की गई। इस साल के चयन मंडल के अध्यक्ष एडमंड डी वाल ने कहा मुझे उन छह पुस्तकों की सूची पर बहुत गर्व है जो चुनी गई हैं। सूची को अंतिम रूप देने से पहले हमने महीनों तक चर्चा की।

### कुछ किताबें पाठक को बांधे रखती हैं : गैबी वुड

बुकर पुरस्कार फाउंडेशन की मुख्य कार्यकारी अधिकारी गैबी वुड ने कहा अंतिम सूची में शामिल छह किताबें परिप्रेक्ष्य, शैली और विषय-वस्तु की विविधता लेकर आई हैं, जिनमें से कुछ किताबें पाठक को बांधे रखती हैं तो कुछ ऐसी हैं जो पाठक को रोमांचित कर देती हैं। पिछले वर्ष दो महिलाएं अंतिम सूची में शामिल थीं, जिनमें ब्रिटिश भारतीय लेखिका चेतना मारू को उनकी रचना वेस्टर्न लेन के लिए तथा कनाडाई लेखिका सारा बर्नस्टीन को स्टडी ऑफ ओबेडिएंस के लिए शामिल किया गया था। बुकर पुरस्कार आखिरी बार 2019 में महिला लेखिका को मिला था, जब 'गर्ल, वूमन, अदर' के लिए बर्नार्डिन एवरिस्टो और 'द टेस्टामेंट्स' के लिए मार्गरेट एटवुड को साझा रूप से पुरस्कृत किया गया। वहीं, 1997 में भारतीय लेखिका अरुंधति रॉय को उनके उपन्यास 'द गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स' के लिए पुरस्कृत किया गया था।

**ज्ञान-विज्ञान** नासा के मार्स रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर की अनोखी खोज

# मंगल की धरती पर मिलीं मकड़ी की आकृतियां

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** मंगल ग्रह की सतह पर मकड़ी जैसी आकृतियों की खोज हुई है। नासा के मार्स रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर (एमआरओ) द्वारा यह अनोखी खोज हुई है। बर्फ की परतों के नीचे से निकलने वाली कार्बन डाइऑक्साइड गैस के कारण आकृतियाँ बनी हैं। यह खोज मंगल की सतह के नीचे दबी बर्फ की पुष्टि करती है।

मंगल के अधिकतर राज अब छिपे नही रह गए हैं। इस कड़ी को आगे बढ़ाती खबर मकड़ी की आकृतियां न केवल मंगल की सतह पर प्रकाश डालती है, बल्कि सतह के भीतर का रहस्य भी उजागर करती है। वैज्ञानिकों ने पहली बार मंगल ग्रह पर यह अनूठी खोज की है। मंगल के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में यह खोज हुई है। नासा के मार्स रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर (एमआरओ) ने 23 अगस्त 2009 को यह तस्वीर ली थी। जिसकी वास्तविकता को जानने में 15 वर्ष का समय लग गया। वैज्ञानिकों के अनुसार बर्फ की परतों में दरारें पड़ने से कार्बन डाइऑक्साइड गैस रिसने लगती है। जिसके चकते गैस के गुबार धूल और मिट्टी बाहर लेकर आते हैं, जो सतह पर मकड़ी जैसी आकृतियाँ बनाते हैं। ये मंगल की भूगर्भिक संरचनाएँ हैं। नासा के वैज्ञानिकों की एक टीम ने कहा कि प्रयोगशाला में नकली मंगल ग्रह की स्थितियों के तहत शामिल प्रक्रियाओं को दोहराया और सफलतापूर्वक ऐसी संरचनाएं बनाईं जो मंगल ग्रह पर मौजूद संरचनाओं से मिलती जुलती थीं। पिछले दिनों द प्लैनेटरी साइंस जर्नल में यह खोज प्रकाशित हुई है। 2003 में पहली बार मंगल ग्रह की मकड़ियों को देखा गया था, जो एक रहस्य था। जिसे समझने के लिए लंबी जद्दोजिहद करनी पड़ी। तब जाकर वास्तविकता सामने आई।



मंगल की धरती पर मकड़ी की आकृति की तस्वीर।

### स्पेस एक्स रखेगा पहला कदम मंगल पर ?

नैनीताल : भले ही नासा समेत दुनिया की तमाम स्पेस एजेंसिया लाल ग्रह मंगल की खाक छानने में जुटे हुए हैं। अभी तक हजारों शोध हो चुके हैं और कई मिशन चलाये गए हैं। हर किसीका मकसद मंगल पर अधिकार जमाना है। मगर सबसे बड़ी मुहीम मंगल पर इंसान को भेजना है। जिसे लेकर स्पेस एक्स का दावा है कि मंगल की धरती पर पहला कदम वही रखेगा।